WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, सोमवार, 29 जुलाई 2024 श्रावण कृष्ण पक्ष - नवमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 109 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने लोकसभा में खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल की वकालत कर एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि जिस अमृतपाल को 20 लाख लोगों ने सांसद चुना है। उसे एनएसए में गिरफ्तार कर जेल में रखना आपातकाल है। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने चरणजीत सिंह चन्नी के इस बयान से यह कहकर किनारा कर लिया है कि यह उनका निजी बयान है लेकिन इससे कांग्रेस की थुक्का फजीहत तो हो ही रही है। हैरत की बात है कि चन्नी ने अपने इस विवादास्पद बयान के लिए अभी तक माफी नहीं मांगी है।

केके रेल लाइन पर लैंड स्लाइड, कई ट्रेनें प्रभावित, गरियाबंद-कांकेर में ट्रैक्टर बहे

बीजापुर-सुकमा में बाढ़; 24 घंटे के लिए 17 जिलों में यलो अलर्ट

रायपुर/बीजापुर/गरियाबंद/सुकमा// नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश से कई जगह बाढ़ के हालात बन गए हैं। बीजापुर और सुकमा जिले में भारी बारिश होने के कारण कई इलाकों में बाढ़ के चलते लोगों का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं, किरंदुल-कोत्तावालसा रेल लाइन पर लैंड स्लाइड हो गया है। पहाड़ों से कटकर मालबा रेलवे ट्रैक पर गिर गया है। जिससे किरंदुल-विशाखापट्टनम रेल मार्ग बाधित हो गया है। प्रदेश में नदी-नालों के उफान पर होने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। कोरबा में शनिवार को एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में 4 अधिकारी पानी में बह गए, तीन को बचा लिया गया है, वहीं एक अन्य अफसर का शव 16 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है।

गरियाबंद के खरीपथरा में खैरानाले का जलस्तर बढने से स्कूल गए 17 छात्र फंस गए। कोतराडोंगरी, टेकेनपारा, खोला बहाल गांव के इन □ शेष पृष्ठ 6 पर

कोंडागांव में कच्ची दीवार गिरी, बच्चे की मौत

कोंडागांव के उरंदाबेडा के ग्राम झाकरी में 3 बच्चे ठंड से बचने घर में आग से हाथ सेंक रहे थे। इसी दौरान भारी बारिश से कमजोर पड़ी घर की लकड़ी से बनी दीवार गिर गई। बच्चों को परिजन ने फौरन वहां से बाहर निकाला। इनमें से एक दशमु दुग्गा (डेढ़ वर्ष) की मौत हो गई। वहीं, बाकी दो बच्चों का नारायणपुर में इलाज चल रहा है।

पिछले 24 घंटे में यहां बारिश

पिछले 24 घंटे के दौरान बीजापुर (भैरमगढ़) में 240 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। बलौदा बाजार जिले में 140, मुंगेली में 95.8, बलरामपुर में 84.3, दंतेवाड़ा में 79.4, कांकेर में 79.1, जांजगीर में 77.3 मिमी, सुकमा में 74.5, बिलासपुर में 72, कोरबा में 65 और रायपुर जिले में 61.8 मिलीमीटर बारिश हुई है।

जयंशकर और ब्लिंकन में द्विपक्षीय चर्चा

टोक्यो (वार्ता)। क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) में शामिल देशों विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए जापान की राजधानी टोक्यों पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा, 'आज टोक्यो में श्री ब्लिंकन से मिलकर बहुत अच्छा लगा।हमारा द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है।

भूस्खलन से 12 लोगों की मौत, छह घायल

बीजिंग (वार्ता)। मध्य चीन के हुनान प्रांत में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण 12 लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह 08:13 बजे हेंगयांग जिले के यूलिन गांव में हुई। एक गेस्ट हाउस बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसके मलबे में 18 लोग फंस गये। बचावकर्मियों ने मलबे से 18 लोगों को निकाला, जिनमें से 12 की मौत हो चुकी थी और छह अन्य घायल थे।

कर्नाटक का हक कभी नहीं मारा: वित्त मंत्री

बंगलूरू (ए.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने कर्नाटक का हक कभी नहीं मारा। केंद्र सरकार को लेकर कर्नाटक सरकार काफी गलत जानकारी लोगों को दे रही है। हमने 10 साल में कर्नाटक के विकास के लिए दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिए हैं। जबकि यूपीए सरकार ने केवल 81 हजार करोड़ रुपये का बजट दिया था। बंगलूरू में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक को केंद्र सरकार ने काफी बजट दिया है।

श्रीलंका विमेंस ने पहला एशिया कप जीता

दाम्बुला। भारतीय टीम के दिए 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू 61 और हर्षिता समरविक्रमा ने 69 रन की विजयी पारी खेलते हुए इतिहास रचते हुए विमेंस एशिया कप 2024 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में भारत को 8 विकेट से हरा दिया। दोनों ने 87 रन की पार्टनरशिप भी की थी। 2004 में शुरू हुए विमेंस एशिया में श्रीलंका पहली बार चैंपियन बना, टीम इससे पहले 5 बार रनर-अप रही थी। वहीं, भारत ने दूसरी बार ही विमेंस एशिया कप का फाइनल गंवाया। टीम को इससे पहले 2018 में बांग्लादेश ने हराया था। भारत ने 7 बार विमेंस एशिया कप जीता है।

यूपी में नेता प्रतिपक्ष होंगे माता प्रसाद पांडे

लखनऊ (ए.)। सपा विधायक दल की बैठक समाप्त हो गई है। विधान सभा सदस्य माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष चुना गया। अखिलेश यादव ने निर्देश दिए हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतर जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। इनमें किसानों, जातीय गणना और कानून-व्यवस्था प्रमुख मुद्दे होंगे।

मन की बात में पीएम मोदी बोले-15 अगस्त को आप टॉपिक दें, मैं उन मुद्दों पर स्पीच दूंगा

अपील : आजादी के दिन हैंडलूम के कपड़े पहनें

नई दिल्ली/वार्ता। बजट के बाद आज पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम का 112वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की। साथ ही उन्होंने हैंडलूम पर भी चर्चा की। हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाता है। पीएम ने कहा- आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें। साथ ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त की स्पीच में शामिल विषयों पर सुझाव मांगे।

टाइगर डे पर बोले- राजस्थान में संरक्षण के लिए कई अभियान

पीएम ने बाघों के संरक्षण पर भी बात की। पीएम ने कहा- कल दुनिया भर में टाइगर डे मनाया जाएगा। भारत में बाघ हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। हमने किस्से-कहानियां सुनी हैं। जंगल के आसपास के लोग बाघ के साथ रहते हैं। बाघों के संरक्षण के अभूतपूर्व प्रयास हो रहा है। बाघों के संरक्षण के अभूतपूर्व प्रयास हो रहा है। राजस्थान में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान काफी काम कर रहा है। स्थानीय लोगों ने शपथ ली है कि कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे, कोई पेड़ नहीं काटेंगे। इससे बाघों के लिए वातावरण तैयार हो रहा है। दुनिया के करीब 70त्न बाघ हमारे देश में हैं।

मन की बात के 5 प्रमुख बिंदु

मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात की, भारत ने 4 गोल्ड जीते: मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने मैथ्स ओलंपियाड विजेताओं से बात की। इस साल इंग्लैंड के बाथ में 65वें इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। इसमें भारत के 6 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। भारत ने इस ओलंपियाड में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चार स्टूडेंट से बात की।

असम मोइदम यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल : असम मोइदम में अहोम राजवंश के टीले वाले कब्रस्तान को 26 जुलाई को यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज लिस्ट में शामिल कर लिया गया। कल्चरल कैटेगरी में शुमार मोइदम भारत की 43वीं हैरिटेज साइट है। मोइदम, अहोम राजाओं, रानियों और रईसों की कब्रें हैं। मोदी ने कहा- आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि आखिर ये क्या है। इसका नाम है पहाड़ी पर एक चमकता शहर।

पीएम बोले- खादी पर गर्व करें, इसका कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़ा: हैंडलूम को लेकर दुनिया आकर्षित हो रही है। कई कंपनियां तो रद्ध के माध्यम से इसे प्रमोट कर रही है। हैंडलूम की बात हो और खादी की चर्चा न हो, ये संभव नहीं है। खादी का कारोबार 400 प्रतिशत तक बढ़कर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का हो गया है। आपके पास बहुत सारे कपड़े होंगे। आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें।

15 अगस्त पर हर घर तिरंगा अभियान तेजी से बढ़ रहा: पीएम ने कहा- 15 अगस्त आने वाला है। हर घर तिरंगा अभियान इससे जुड़ा है। पिछले कुछ □ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने विकास योजनाओं की सफलता को रेखांकित किया

छत्तीसगढ़ की रणनीति और तकनीकों को अपनाये: संगठन

नई दिल्ली (ए.)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में राज्य की प्रमुख योजनाओं, आम लोगों के शासन के प्रति फीडबैक और राजनीतिक घटनाक्रमों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ द्वारा अपनाई गई तकनीकों और रणनीतियों की विशेष जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक दूसरे दिन भी जारी रही है। इस बैठक में भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। सीएम साय ने छत्तीसगढ़ की विकास योजनाओं की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों, किसानों, और नक्सल उन्मूलन के लिए कई पहल किए हैं. इन पहलों ने छत्तीसगढ़ को शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक आदर्श राज्य बनाया है।

उन्होंने ने अपनी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ की रणनीतियों की प्रभावशीलता □ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के चारों ईएसआईसी अस्पतालों के अच्छे दिन लौटेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रोजगार, खेल और श्रम मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया को प्रदेश के ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) अस्पतालों में डॉक्टरों, विशेषज्ञ डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ की कमी के संबंध में अवगत कराया। मंत्री देवांगन ने बताया की प्रदेश में ईएसआईसी द्वारा रायपुर, भिलाई, कोरबा और रायगढ़ में क्रमशः 100-100 बेड के अस्पतालों का निर्माण कराया गया है। सभी जगह स्वास्थ्य सुविधाएं प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन कोरबा, भिलाई और रायगढ़ में अब तक आईपीडी की सुविधा शुरु नही हुई है। दोनों जिलों में क्रमशः 40 हजार और 50 हज़ार श्रमिक परिवार पंजीकृत हैं। अस्पतालों में पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ नहीं होने से श्रमिक परिवारों को अन्य शहर रेफर करना पड़ता है। मंत्री देवांगन ने ईएसआईसी के सभी चारों अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर व अन्य सुविधाएं प्रारंभ करने का अनुरोध किया। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने ईएसआईसी के □ शेष पृष्ठ 6 पर

ईएसआईसी और ईपीएफ में पंजीकृत श्रमिक संख्या में अंतर

बैठक में ईएसआईसी में ईपीएफओ में पंजीकृत श्रमिक को संख्या की भी समीक्षा हुई इस पर केन्द्रीय श्रम मंत्री ने ईपीएफओ के अधिकारियों पर नाराजगी भी जाहिर की। जल्द से जल्द समीक्षा कर श्रमिको को पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए।

भारत को पहला पदक : मनु भाकर को पीएम ने दी बधाई

मनु ने जीता कांस्य, बाबुता 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे

पेरिस (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, ऐतिहासिक पदक! पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला दिलाने के लिए मनु भाकर को बधाई। यह कांस्य पदक और सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि मनु निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत के पदक का खाता खोल दिया है।

अर्जुन बाबुता ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

भारत के अर्जुन बाबुता ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के साथ ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। बाबुता ने कुल 630.1 अंक बनाए। हालांकि, एक अन्य भारतीय संदीप सिंह 629.3 अंक के साथ 12वें स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके।

नक्सली साजिश नाकाम: जवानों को पहुंचाना चाहता था नुकसान, एक नक्सली गिरफ्तार

सुकमा /नवप्रदेश।। सुकमा में सुरक्षाबलों की मुस्तैदी से नक्सली एक बार फिर से अप्रिय घटना को अंजाम देने में नाकाम हुए। चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकरम इलाके में एक नक्सली विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सली सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी विस्फोटक लगाने की तैयारी कर रहा था। लेकिन नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सर्चिंग पर निकले जवानों ने घेराबंदी कर नक्सली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा एसपी किरण चौहान ने बताया कि सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियान में एक अभियान ऑपरेशन मानसून भी है। इसी के तहत जब नक्सली गतिविधियों की जानकारी सुरक्षाबलों को मिली तो कोबरा सीआरपीएफ डीआरजी और एसटीएफ की टीम इलाके में निकली। इस दौरान मुकरम के पास जवानों की आवाजाही वाले इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति के छुपने और भागने की कोशिश करने लगा था। जवानों ने घेराबंदी कर पक?ा और तलाशी के दौरान थैली में विस्फोटक के सामग्री थी। पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ कि उक्त नक्सली जवानों को □ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस कोचिंग सेंटर में पानी भरने से तीन युवाओं की ज़िंदगी चले जाना बेहद दुःखद

कांग्रेस ने मृत्यु को आपराधिक लापरवाही बताते हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी के पटेल नगर में आईएएस बनने का सपना लेकर कोचिंग कर रही तीन छात्राओं की कोचिंग सेंटर में पानी भरने से मृत्यु को आपराधिक लापरवाही बताते हुए इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि इसकी जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

खड़गे ने कहा, राजधानी दिल्ली में सरकार व प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के चलते आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन युवाओं की ज़िंदगी चले जाना बेहद दुःखद है। उनके परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएँ। इससे पहले पटेल नगर में जलभराव के कारण, करंट लग जाने से एक अन्य यूपीएससी अभ्यर्थी की जान चली गई। ख़बरों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में आठ लोग की जान करंट लगने से गयी है।'

गरमा - गरम

नवप्रदेश नई पारी ... दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे से छत्तीसगढ़ के नामित राज्यपाल रामेन डेका ने की फोन पर खास बातचीत

कहा- केन्द्र और राज्य के साथ मिलकर नवप्रदेश छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाई देंगे

रायपुर/नवप्रदेश। नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के नवागंतुक राज्यपाल रामेन डेका ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश के समन्वित विकास के लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश करेंगे। नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के लिए नामित राज्यपाल रामेन डेका ने आज दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक यशवंत धोटे से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के राजनीतिक सामाजिक परिदृश्य की उन्हें जानकारी है और वो इस जानकारी का उपयोग राज्य के विकास में करेंगे।

गौरतलब है कि नवप्रदेश छत्तीसगढ़ अपने निर्माण के 24 साल 1 नवंबर 2024 को पूरे करने जा रहा है और दो नवंबर 2024 से युवा नवप्रदेश अपने निर्माण के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करेगा, इस पर नामित राज्यपाल ने खुशी जाहिर की। रामेन डेका प्रदेश के 10वें राज्यपाल के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ की राजनीति स्थितियों पर रमेन डेका ने कहा कि, इतने साल मुझे राजनीतिक जीवन में हो गए तो मैं छत्तीसगढ़ के राजानीतिक मुद्दों को समझता हूं। मैं छत्तीसगढ़ आकर सभी वर्गों से इन पर बात करूंगा। उन्होंने दुहराया कि उन्हें संवैधानिक जिम्मेदारी मिली है और मैं जनता की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ये बहुत अहम पद है, संवैधानिक पद है। मेरा यही काम होगा कि मैं अपनी बेस्ट सर्विस छत्तीसगढ़ के लोगों को दे पाऊं।

आदिवासियों के लिए सरकार की पॉलिसी बहुत अच्छी

डेका ने आगे कहा कि प्रदेश के आदिवासियों आम नागरिकों के लिए सरकार की पॉलिसी बहुत अच्छी है। छत्तीसगढ़ □ शेष पृष्ठ 6 पर

सफल उद्योगपति और राजनेता

असम के स्थापित उद्योगपति रह चुके डेका 1970 से ही राजनीतिक गतिविधियों में शामिल रहने लगे थे। डेका ने फिलासफी- इकोनॉमिक्स में बीए की पढ़ाई की है। उनकी एजुकेशन असम की गुवाहाटी यूनिवर्सिटी से पूरी हुई। 1 मार्च 1954 को जन्मे डेका के पिता का नाम स्वर्गीय सुरेंद्रनाथ और माता का नाम स्वर्गीय चंपावती था। रानी डेका के साथ वो 12 अगस्त 1989 में वैवाहिक बंधन में बंधे। डेका के परिवार में उनका एक बेटा और बेटी है। मूल रूप से वे गुवाहाटी असम के रहने वाले हैं।

असम में बीजेपी के कोर नेता रहे हैं डेका

- 1977 में असम जनता पार्टी के जनरल सेक्रेटरी थे।
- 2006 में उन्हें असम भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।
- 2005 में भाजपा ने उन्हें अपना प्रवक्ता बनाया था।
- 2009 में असम की मंगलदोई लोकसभा सीट से सांसद बने।
- 2014 में दूसरी बार लोकसभा के सांसद बने। उन्हें लोकसभा अध्यक्ष के पैनल में भी रखा गया था।

त्रिपुरा में घुसपैठ के आरोप में 23 बांग्लादेशी गिरफ्तार

अगरतला (ए)। त्रिपुरा में घुसपैठ के आरोप में कम से कम 23 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार नागरिकों में एक दलाल भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शनिवार रात अगरतला रेलवे स्टेशन पर बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। वे एक ट्रेन से गुवाहाटी जाने की कोशिश में थे, जहां से उनकी दूसरे भारतीय राज्यों में जाने की योजना थी।

बांग्लादेश के राजशाही डिवीजन में चपईनवाबगंज जिले से आए नागरिकों की उम्र 19 से 40 साल के बीच है। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। इन बांग्लादेशी नागरिकों ने सुरक्षाकर्मियों को बताया कि वे नौकरी की तलाश में भारत आए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजशाही डिवीजन बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है। यह देश के आठ डिवीजनों में से एक है। इसकी त्रिपुरा के साथ कोई सीमा नहीं है, लेकिन हाल के दिनों में इस क्षेत्र के कई नागरिक त्रिपुरा आए हैं।

त्रिपुरा बांग्लादेश के चटगांव और सिलहट डिवीजनों के साथ 856 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि अर्धसैनिक बल बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध प्रवास पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ा दी गई है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के आदेश के बाद, बीएसएफ ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। सभी क्षेत्रीय टुकड़ियां सीमावर्ती क्षेत्रों में दलालों के नेटवर्क को सक्रिय रूप से तोड़ रही हैं।

त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने कहा कि त्रिपुरा के साथ भारत-बांग्लादेश की 856 किलोमीटर लंबी सीमा के 95 प्रतिशत हिस्से पर पहले ही बाड़ लगा दी गई है। शेष 27.5 किलोमीटर में बाड़ लगाने का काम चल रहा है। जीआरपी, बीएसएफ और त्रिपुरा पुलिस ने पिछले ढाई महीने में अगरतला रेलवे स्टेशन और त्रिपुरा के विभिन्न स्थानों से 150 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों और 32 रोहिंग्याओं को भारत में घुसपैठ के बाद गिरफ्तार किया है।

इजराइल ने गाजा के स्कूल पर गिराए बम

इजराइल (ए)। इजराइल ने सेंट्रल गाजा में बड़ा हमला किया है. इजराइली सेना ने दीर अल-बलाह के स्कूल पर बम बरसाए हैं. बमबारी में 30 लोगों की मौत हो गई जबकि 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं. आईडीएफने दावा किया है कि खादिजा नामक स्कूल के भीतर हमास का कमांड सेंटर चल रहा था. आईडीएफ ने स्कूल को उड़ाने के लिए 3 मिसाइलों का इस्तेमाल किया है. हमले में 15 बच्चों की मौत का भी दावा किया जा रहा है. इजराइल के इस हमले को शनिवार को हुए गोलान हाइट्स अटैक के बदले के रूप में देखा जा रहा है. शनिवार को फुटबॉल मैदान पर हुए मिसाइल हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई थी और कई बच्चे घायल भी बताए गए थे. अब इजराइल के इस हमले को हिज्बुल्लाह से बदले के रूप में देखा जा रहा है. आईडीएफने दक्षिण लेबनान के चेबा में भी भारी बमबारी की है और मजदल शम्स में हिज्बुल्लाह के लॉन्चिंग सेंटर को तबाह कर दिया है. माना जा रहा है कि मजदल शम्स में स्थित लॉन्चिंग सेंटर से ही गोलान हाइट्स अटैक को अंजाम दिया गया था.

चिराग पासवान ने ममता बनर्जी के आरोपों को बताया बेतुका

■ कहा- उनका आचरण गलत

पटना (ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शनिवार को दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में उनका माइक बंद करने के आरोप को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सफेद झूठ करार दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने रविवार को कहा, नीति आयोग की बैठक में मैं भी मौजूद था। यह पूरी तरह से झूठा आरोप है कि बैठक के दौरान किसी का माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि माइक का नियंत्रण वहां बैठे किसी व्यक्ति के हाथ में नहीं है। यह नियंत्रण व्यक्ति के खुद की हाथ में है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुनना चाहते थे कि ममता बनर्जी बजट के बारे में क्या कहना चाहती हैं। लेकिन ममता बनर्जी का आचरण गलत था क्योंकि वह भड़क गईं और बैठक बीच में ही छोड़कर चली गईं।

कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों के बैठक में शामिल न होने को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि अगर किसी राज्य को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है तो नीति आयोग की बैठक उनके लिए सही मंच है जहां वे प्रधानमंत्री के सामने अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷जो लोग कहते हैं कि भेदभाव हुआ है, उन्हें बता दें कि लंबे समय में पहली बार ऐसा बजट आया है जो 10 साल में देश को विकास की ओर बढ़ता दिखाता है।

महाराष्ट्र के भाजपा नेता प्रवीण दरकेकर ने बजट को लेकर कहा कि कुछ लोगों की ऐसी मंशा है कि अगर सरकार की ओर से कोई अच्छी और लाभकारी बात की जाती है तो उसमें भी वे नकारात्मक कोण खोज लेते हैं। मोदी सरकार का विरोध करना भी इसका एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि केंद्र ने इतना अच्छा बजट दिया है। इस बजट का स्वागत किया जाना चाहिए।

संजय राउत के सरकार जनता को टोपी पहना रही वाले बयान पर दरकेकर ने कहा कि सब ठीक चल रहा है। सरकार अच्छा काम कर रही है। अब यह चर्चा करना बेतुका है कि किसने टोपी पहनी, किसने मूंछ मुड़वाई। मुख्यमंत्री हमारी महायुति सरकार से ही होगा, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अपने घर में क्या चल रहा है, संजय राउत इसकी चिंता करें।

सेना के लिए फिर चुनौती बना एलओसी का मच्छेल सेक्टर

श्रीनगर (ए)। मच्छेल सेक्टर एक बार फिर चर्चा में हैं. यह भारतीय सेना के लिए सिरदर्द है. शनिवार तड़के पाकिस्तानी बार्डर एक्शन टीम (बैट) ने एक बार फिर मच्छेल सेक्टर में एक फारवर्ड भारतीय सैनिक चौकी पर कब्जे की कोशिश की. हालांकि यह कोशिश नाकाम रही. एक पाकिस्तानी कमांडो मारा गया. हमले में एक भारतीय जवान शहीद हो गया, जबकि मेजर समेत पांच सैनिक जख्मी हो गये. यह हमला करगिल विजय दिवस के ठीक एक दिन बाद हुआ है, जहां पीएम मोदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि भारतीय सेना आतंकवाद को कुचल देगी.

दरअसल, मच्छेल कुपवाड़ा में है और लोलाब घाटी के करीब है. यह एलओसी के पार से कुपवाड़ा जिला में घुसपैठ का आतंकियों के लिए एक आसान रास्ता है. यह समुद्र तल से 6,500 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर है. यह काफी मुश्किल इलाका है. यहां घने जंगल हैं. आतंकी आसानी से इसमें छिप जाते हैं. यहां का मौसम और इलाके की बनावट भी आतंकियों के पक्ष में जाती है. यह कुपवाड़ा शहर से महज 50-80 किमी की दूरी पर है और यहां भारत व पाकिस्तान के बंकर्स एक-दूसरे के काफी करीब हैं. आतंकी कुपवाड़ा व लोलाब घाटी पहुंचने के लिए घुसपैठ के कई रास्तों का इस्तेमाल करते हैं. वर्ष 2020 में आठ नवम्बर को सेना के कैप्टन समेत चार जवान इसी सेक्टर में शहीद हुए थे. उसके बाद भी इसी सेक्टर में घुसपैठ के कई प्रयास हो चुके हैं.

तीन साल में घुसपैठ की 100 से ज्यादा कोशिशें

वर्ष 2019 में सेना के जवान मनदीप सिंह के शव के साथ मच्छेल में ही पाकिस्तानी आतंकियों ने बर्बरता की थी. यहीं से सबसे अधिक आतंकी भारत में दाखिल होने की कोशिशों में लगे रहते हैं. नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी के मुताबिक, तीन सालों में अकेले मच्छेल में आतंकियों ने 100 बार से अधिक घुसपैठ की कोशिशें की. दिसंबर 2018 में मच्छेल में ही 41 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग आफिसर कर्नल संतोष महादिक आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गये थे. अगस्त 2019 बीएसएफ के तीन जवान इस इलाके में शहीद हुए थे.

मच्छेल 2010 में आया था सुर्खियों में

2010 में मच्छेल तब चर्चा में आया था, जब एक मुठभेड़ में सेना ने तीन ग्रामीणों को मार डाला था.

इसके बाद कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे. सेना ने मुठभेड़ की जांच का आदेश दिये. जांच में मुठभेड़ फर्जी निकली और एक पूर्व कमांडिंग आफिसर समेत छह जवानों को आजीवन कारावास की सजा हुई.

इन रास्तों से घुसपैठ करते हैं आतंकी

भारत के आखिरी गांव से महज छह किमी की दूरी पर एलओसी है. दूसरी तरफ केल है, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि वह आतंकियों का सबसे बड़ा लॉचिंगपैड है. सुरक्षा एजेंसियों ने हंडवाड़ा में घुसपैठ के कई ठिकानों का पता लगाया. काउबोल गली, सरदारी, सोनार, केल, राड्डा पानी, शार्दी, तेजियान, दुधीनियाल, काटवाड़ा, जूरा और लिपा घाटी के तौर पर इनकी पहचान की गयी. ये आतंकियों के लिए सबसे सक्रिय रास्ते हैं ।

बेसमेंट में बिना परमिशन के चल रही थी लाइब्रेरी: सामने आ गई IAS कोचिंग सेंटर की गलती, मालिक और कोऑर्डिनेटर अरेस्ट

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली ड्रूस कोचिंग सेंटर हादसे में बड़ी लापरवाही सामने आई है. दरअसल जिस बिल्डिंग में यह हादसा हुआ है, उसके बेसमेंट में अवैध तरीके के कोचिंग सेंटर चल रहे थे जबकि इसकी इजाजत नहीं थी. बेसमेंट में बिना परमिशन के लाइब्रेरी चल रही थी, जो कानूनन सही नहीं था. जिस बेसमेंट में घटना घटी, उसका इस्तेमाल स्टोरेज पर्पस के लिए था लेकिन यहां लाइब्रेरी बनाई गई थी. बच्चे यहां पढ़ाई करते थे.

फायर एनओसी के मुताबिक, एक बेसमेंट को स्टोरेज बनाने की इजाजत दी गई थी. दूसरे को पार्किंग के तौर पर इस्तेमाल करना था. जबकि बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई थी.

मतलब साफ है कि लाइब्रेरी बनाकर नियमों का उलंघन किया गया. हालांकि, इस मामले में कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और कोऑर्डिनेटर देशपाल को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बीएनएस की धारा 105,106 (1),152,290

और 35 के तहत दर्ज मामला दर्ज किया गया है. कोचिंग सेंटर का मैनेजमेंट, सिविक एजेंसी के लोग भी जांच के दायरे में हैं.

'बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई हो'

ओल्ड राजेंद्र नगर कोचिंग घटना पर दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा, कल बहुत ही दुखद घटना हुई. मुझे जैसे ही घटना की जानकारी मिली, मैं तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं. वहां पर एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान कर रही थी. दुख की बात है कि इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई. मैंने एमसीडी के कमिश्नर को एक पत्र लिखा है. इसमें मैंने कहा कि एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में जो संस्थान आते हैं और वहां पर गैरकानूनी तरीके से बेसमेंट में जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं, उस पर सख्त कार्रवाई की जाए.

'बेसमेंट में अवैध रूप से चल रही थी लाइब्रेरी'

उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर एमसीडी के अधिकारी शामिल हैं तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो. अगर ऐसे गैर कानूनी तरीके से कोचिंग सेंटर चल रहे हैं तो उस पर कार्रवाई होगी और अधिकारी पर भी कार्रवाई होगी. शैली ने आगे कहा कि बिल्डिंग का कंप्लीशन सर्टिफिकेट 2021 में मिला था. इसमें भी साफलिखा है बेसमेंट में बस पार्किंग और स्टोरेज हो सकता है. मतलब बेसमेंट में लाइब्रेरी अवैध रूप से चल रही थी. दिल्ली कोचिंग हादसे पर सियासत भी तेज हो गई है.ृक्र और बीजेपी में दोनों एक दूसरे पर हमलावर हैं.

दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे में तीन छात्रों की मौत

दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई. मृतक तीनों स्टूडेंट्स की पहचान श्रेया, तान्या और नेविन के रूप में हुई है. श्रेया यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी. तान्या सोनी तेलंगाना की और मृतक छात्र नेविन डालविन केरल का रहने वाला था.

दरअसल, दिल्ली में शनिवार शाम को जबरदस्त बारिश हुई. बारिश का पानी अचानक से कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में आ गया. 10 मिनट में बेसमेंट पूरा पानी भर गया. लाइब्रेरी में पढ़ रहे ये तीनों स्टूडेंट फंस गए और इनकी जान चली गई.

अमेरिका-रूस फिर होंगे आमने-सामने!

■ यूएस के मिसाइल प्लान पर पुतिन की धमकी ने बढ़ाई टेंशन

मॉस्को (ए)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर वह 2026 से जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करता है तो रूस भी ऐसी ही मिसाइलें स्ट्राइकिंग दूरी पर तैनात करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि नाटो और यूरोपीय रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलों को तैनात करना शुरू कर देगा।

लंबे समय कर मिसाइल तैनाती का प्लान

वाशिंगटन और बर्लिन ने कहा कि यूएसए ऐसी क्षमताओं वाली मिसाइलों को लंबे समय के लिए तैनात करने की तैयारी में है, जिसमें एसएम -6, टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें और विकासात्मक हाइपरसोनिक हथियार शामिल होंगे, जिनकी यूरोप में मौजूदा क्षमताओं की तुलना में दूरी लंबी है।

परमाणु हथियार से लैस हो सकती हैं मिसाइल: पुतिन

रूस की पूर्व शाही राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग में रूसी नौसेना दिवस के अवसर पर रूस, चीन, अल्जीरिया और भारत के नाविकों को दिए भाषण में पुतिन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को चेतावनी दी कि इस कदम से शीत युद्ध शैली के मिसाइल संकट पैदा होने का खतरा है।

पुतिन ने कहा, 'हमारे क्षेत्र पर लक्ष्य के लिए ऐसी मिसाइलों के उड़ान का समय, जो भविष्य में परमाणु हथियारों से लैस हो सकता है, लगभग 10 मिनट होगा। हम यूएसए, यूरोप और दुनिया के अन्य क्षेत्रों में सैटेलाइटों कार्रवाइयों को ध्यान में रखते हुए मिसाइलें तैनात करने के लिए वैसे ही उपाय करेंगे।'

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर, इन राज्यों में होगी भारी बारिश

■ मौसम विभाग का अलर्ट

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली में बारिश का दौर जारी है. 29 जुलाई को दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना मौसम विभाग की ओर से व्यक्त की गई है. आकाश में बादल छाए रहेंगे. राजधानी का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 डिग्री सेल्सियस और 29 डिग्री सेल्सियस रह सकता है. बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बन रहा है जिसकी वजह से कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. जानें देश के अन्य राज्यों के मौसम का हाल

ओडिशा में बारिश की संभावना

ओडिशा में भारी बारिश देखने को मिल रही है. मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी क्षेत्र और इससे सटे उत्तरी ओडिशा के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से ओडिशा में 31 जुलाई तक भारी बारिश जारी रह सकती है. आईएमडी ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के चलने की भी चेतावनी दी है. क्योंझर, मयूरभंज और बालासोर में एक या दो स्थानों पर 29 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट है. 31 जुलाई को क्योंझर, मयूरभंज, बालासोर के अलावा भद्रक और जाजपुर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है.

झारखंड में होगी बारिश, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बन रहा है जिसका असर 30 और 31 जुलाई को झारखंड में देखने को मिल सकता है. 30 जुलाई को सूबे के दक्षिणी (कोल्हान) तथा मध्य (राजधानी रांची और आसपास के जिलों) क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है. 31 जुलाई को राज्य के उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तर-पूर्वी हिस्से में कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान मौसम विभाग की ओर से व्यक्त किया गया है.

बिहार में कब से होगी बारिश?

बिहार के ज्यादातर इलाकों में बारिश का दौर थमा हुआ है. मौसम विभाग के अनुसार, 29 जुलाई को उत्तर पश्चिम भाग के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण के अलावा गोपालगंज, सीवान और सारण में बारिश की संभावना है. 30 जुलाई को उत्तर पश्चिम, उत्तर मध्य और दक्षिण पश्चिम भाग के जिलों में भारी बारिश के आसार हैं.

पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश

मौसम की जानकारी देने वाली निजी संस्था स्काइमेट वेदर के अनुसार, 29 जुलाई को मध्य प्रदेश, विदर्भ, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र के साथ-साथ पूर्वी राजस्थान, गुजरात क्षेत्र और तटीय कर्नाटक में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है. वहीं केरल, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, असम, पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो बार भारी बारिश देखने को मिल सकती है.

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर, इन राज्यों में होगी भारी बारिश, मौसम विभाग का अलर्ट 4

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना

स्काइमेट वेदर के अनुसार, 29 जुलाई को पूर्वोत्तर भारत, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, सौराष्ट्र और कच्छ, तेलंगाना के अलावा उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है. वहीं, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है.

दिल्ली सरकार ने किया दिल्ली को बर्बाद करने का काम : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली (ए)। राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में अचानक हुए जलभराव के कारण तीन छात्र डूब गए। तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने एक वीडियो जारी कर अपनी आपत्ति जताई। सचदेवा ने कहा कि राजेन्द्र नगर में जो कल हुआ वह हादसा नहीं हत्या है। देश के युवा दिल्ली आकर अपना भविष्य बनाते हैं। लेकिन, दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। इस मामले पर कोई जवाबदेही देने को तैयार नहीं है। सचदेवा ने कहा कि बीते कुछ दिनों पहले मुखर्जी नगर में जो हादसा हुआ था, जिसमें कई बच्चों की जान फंस गई थी। उस दौरान दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह इस मामले की जांच करवाएंगे।

दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली नगर निगम बिल्डिंग की जांच करवाने का दावा कर रहे थे। लेकिन, क्या हुआ उस जांच का। सचदेवा ने सवाल उठाए कि कैसे बेसमेंट में अवैध लाइब्रेरी चल रही थी। उन्होंने कहा कि तीन बच्चे कल चले गए, पांच दिन पहले एक बच्चा चला गया। यह सभी बच्चे दिल्ली में पढ़ने के लिए आए थे। लेकिन, दिल्ली सरकार की मंत्री अब तक हिम्मत नही जुटा पाई कि मौके पर पहुंच सकें, और कहती हैं कि जांच करवाएंगी, क्या जांच करवाएंगे ये लोग? सचदेवा ने

कहा कि इस घटना के बाद आपको तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, आप लोग इस भ्रष्टाचार के तंत्र खेल में शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि वहां की जनता बीते 10 दिनों से कह रही थी कि नालों की सफाई करवाएं ,क्यों नहीं करवाई गई। एक घंटे की बारिश में इतने बड़े बेसमेंट में पानी घुस जाता है। सचदेवा ने कहा कि पूरी दिल्ली को बर्बाद करने का काम दिल्ली सरकार ने किया है। जो भी इस भ्रष्ट तंत्र में शामिल है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि देश की राजधानी में तीन भविष्य उजाड़ दिए गए। जो भारत की सेवा करते, तीन यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र हमारे बीच नहीं रहे। इनकी हत्याओं के लिए कौन जिम्मेदार है? यह घटना नहीं हैं, यह राज्य प्रायोजित हत्याएं हैं। क्योंकि वहां पर यह क्लासेस इस प्रकार कैसे चल रही थी। नालों की सफाई नहीं हुई, स्थानीय लोग लगातार नालों की सफाई कराने को लेकर कहते रहे, लेकिन नालों की सफाई नहीं की गई। पूनावाला आगे बोले, दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि नालों की सफाई कराई जाए। थोड़ी सी बारिश में 28 जून को पूरी दिल्ली पानी-पानी हुई। बीते कुछ दिनों में हमने कुछ घटनाएं अपने सामने भी देखी। पटेल नगर में पानी भर गया तो एक यूपीएससी की तैयारी करने वाला छात्र करंट की चपेट में आया और उसकी मौत हो गई। सदरबाजार, भजनपुरा, रोहिणी समेत ऐसी कई घटनाएं सामने आई। भ्रष्टाचार के कारण अवैध गतिविधि चल रही हैं, जिसका खामियाजा दिल्लीवालों को भुगतना पड़ा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने तिहाड़ में बंद सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की डिमांड की। कहा, इसके लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए। स्थानीय विधायक की जवाबदेही होनी चाहिए। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ब्लैम गेम न खेले। क्योंकि, यह शर्मनाक है।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कथित शराब नीति मामले में वरिष्ठ आप नेता और पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 29 जुलाई को मामले में सुनवाई फिर से शुरू करेगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सिसोदिया की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने 16 जुलाई को कहा था, नोटिस का जवाब 29 जुलाई तक दें। हम दो सप्ताह बाद इस पर फिर विचार करेंगे।

सिसोदिया के वकील ने तर्क दिया कि वरिष्ठ आप नेता 16 महीने से जेल में हैं और केस आगे नहीं बढ़ रहा है। अक्टूबर 2023 से जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 30 अक्टूबर को अपने फैसले में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

न्यूज गैलरी

पं. प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त

रायपुर/नवप्रदेश। शिवरीनारायण मठ तथा दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजे महन्त रामसुन्दर दास महाराज जयंती स्टेडियम भिलाई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शिव महापुराण कथा वाचक आचार्य प्रदीप मिश्रा जी के शिव महापुराण में कथा का रसपान करने के लिए उपस्थित हुए। आचार्य मिश्रा जी ने व्यास पीठ की आसंदी से कहा कि - शिवरीनारायण मठ के महन्त महाराज छत्तीसगढ़ में जहां कहीं भी हमारी शिव महापुराण की कथा होती है उसमें एक न एक दिन कथा श्रवण करने के लिए अवश्य ही पधारते हैं। उन्होंने महाराज को मंच पर आमंत्रित किया महाराज ने आचार्य को शाल, फल से सम्मानित किया आचार्य जी ने पुष्पमाला पहनकर महाराज का अभिवादन किया। राजे महन्त जी महाराज के साथ कथा श्रवण के लिए सुरेश शर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव एवं हर्ष दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे।

संभवनाथ जैन मंदिर में 101 श्रावक-श्राविकाओं ने शुरू किया सिद्धि तप

रायपुर/नवप्रदेश। विवेकानंद नगर स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 का आयोजन किया गया है और इसी कड़ी में शनिवार को 101 श्रावक-श्राविकाओं ने सिद्धि तप शुरू किया। चातुर्मास के दौरान रायपुर में यह पहला मौका है जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सिद्धि तप किया जा रहा है। रायपुर के पुत्ररत्न मुनि प्रियदर्शी विजयजी, आजस्वी प्रवचनकार मुनि तीर्थप्रेम विजयजी, कार्यकुशल साध्वी रत्ननिधि जी म.सा. और प्रवचन प्रभाविका साध्वी रिद्धिनिधी जी म.सा. आदि ठाणा के पावन निश्रा में तपस्वियों ने प्रभु की पूजा-अर्चना की और तपस्या निर्विघ्न पूर्ण करने की प्रार्थना की एवं प्रभु के आशीर्वाद के साथ शनिवार को सिद्धि तप की शुरूआत हुई, तपस्वियों ने मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ प्रदक्षिणा की।

सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल माथुर को सीएम साय और स्पीकर रमन ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने बातचीत के दौरान माथुर के अनुभव और नेतृत्व की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी नियुक्ति से सिक्किम के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भी सिक्किम के राज्यपाल बनाये जाने की घोषणा के बाद प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने सोशल मिडिया ऊ पर लिखा हमारे छत्तीसगढ़ के पूर्व भाजपा प्रभारी रहे, वरिष्ठ भाजपा नेता @OmMathur_bjp को सिक्किम राज्य के राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएँ। मैं ईश्वर से आपके सफल कार्यकाल की कामना करता हूँ।

खाद्य मंत्री बघेल ने कुएं में जहरीली गैस से मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए मौके पर 25-25 हजार की मदद

रायपुर/नवप्रदेश। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ पहुंचकर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मृत तीन ग्रामीणों आत्माराम साहू, रामकुमार ध्रुव एवं श्री राकेश साहू के अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर तीनों मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपए अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद प्रदान की।

मंत्री दयालदास बघेल ने शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों से कहा कि राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत तीनों परिवारों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। विदित हो कि बीते शनिवार को बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ में केसिंग पाईप की मरम्मत करने के लिए कुएं में उतरे 55 वर्षीय आत्माराम साहू, 45 वर्षीय राम कुमार ध्रुव एवं 25 वर्षीय राकेश साहू की जहरीली गैस के रिसाव से मृत्यु हो गई थी।

छग प्रदेश अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम साव से की मुलाकात

■ 11 अगस्त को मेकाहारा में आयोजित राज्य स्तरीय कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के लिए किया आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं प्रदेश संयोजक इंजीनियर यशवंत साहू जी के नेतृत्व में मान. उपमुख्यमंत्री अरुण सावजी, मान.विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण, मान.विधायक संदीप साहू कसडोल, मान.विधायक दलेश्वर साहू डोंगरगांव, मान.विधायक भोला राम साहू, खुज्जी, मान.विधायक ओंकार साहू धमतरी, मान.विधायक बालेश्वर साहू जैजेपुर, मान.विधायक ईश्वर साहू साजा,मान.विधायक इंद्र साव भाटापारा, मान.विधायक दिपेश साहू बेमेतरा, मान.विधायक रोहित साहू राजिम, मान.विधायक इंद्र कुमार साहू अभनपुर से छत्तीसगढ़ विधानसभा मे मुलाक़ात कर 11 अगस्त को मेकाहारा ऑडिटोरियम होने वाले राज्य स्तरीय कर्मचारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के लिए सादर आमंत्रित किया गया, जिस पर सम्मानित सभी विधायकों एवं उपमुख्यमंत्री जी ने अपनी सहमति व्यक्त कीद्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण सावजी होंगे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू जी करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपरोक्त सभी विधायक एवं समाज के विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ से प्रदेश संयोजक इंजी. यशवन्त साहू, इंजी. गोवर्धन साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नारायण लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम साहू, प्रदेश सहसंयोजक वेद लाल साहू, प्रदेश सचिव छोटेलाल साहू, रायपुर सम्भाग अध्यक्ष बी आर साहू, प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र कुमार साहू, चंद्रभूषण साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ के दो जिलों को जल्द मिलेगी खेलो इंडिया सेंटर की स्वीकृति: केन्द्रीय मंत्री डॉ. मांडविया

■ केन्द्रीय मंत्री ने खेलों इंडिया सेंटर में दिए जा रहे खेल सुविधाओं और श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दो जिलो में जल्द ही खेलों इंडिया सेंटर की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा खेलों इंडिया सेंटरों में अधोसंरचना निर्माण के लिए भरपूर मदद दी जाएगी। केन्द्रीय खेल मंत्री न्यू सर्किट हाउस में खेल एवं श्रम विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, विधायक श्री किरण देव सिंह, श्री सुशांत शुक्ला भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के 31 जिलों में खेलों इंडिया सेंटर का संचालन किया जा रहा है। दो जिलों में खेलों इंडिया सेंटर की स्वीकृति मिलने के बाद राज्य के सभी जिलों में खेलों इंडिया सेंटर प्रारंभ हो जाएंगे। इससे राज्य के खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा। इन सेंटरों में 1181 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों के संवर्धन और विकास के लिए राज्य में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए। राज्य में स्थापित उद्योगों से खेलों के लिए सीएसआर मद से राशि उपलब्ध कराने के प्रयास किया जाए। खेलों इंडिया के तहत राज्य में स्थापित सभी सेंटरों में खेलों के लिए आवश्यक सभी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री मांडविया ने कहा कि राज्य के श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केन्द्रीय एवं राज्य योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाए जाएं। औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए औषधालयों में आवश्यक उपकरण और विशेषज्ञों के साथ-साथ आवश्यक दवाईयों का भण्डारण पर्याप्त रूप से हो। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थानों में श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराएं। श्रमिकों के लिए आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था के साथ-साथ सिकलसेल के परीक्षण एवं उपचार की भी व्यवस्था की जाए।

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन और खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने राज्य में खेलों के विकास के लिए स्कूल स्तर से ही बच्चों को सुविधाएं और प्रशिक्षण की व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि खेल मैदान में आवश्यक संसाधन एवं सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

श्रम विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी. ने अवगत कराया कि राज्य के श्रमिकों का पंजीयन कर श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। राज्य के प्रवासी श्रमिकों के लिए विभिन्न राज्यों में प्रवासी संसाधन केन्द्र अर्थात मोर चिन्हारी भवन का निर्माण किया जा रहा है। इससे प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर सहयोग मिल सकेगा। इस अवसर पर खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संयुक्त सचिव तारन प्रकाश सिन्हा,,खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलाम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर आज रायपुर पहुंची केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती सावित्री ठाकुर ने नया रायपुर स्थित विश्राम गृह में महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और उनके प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान, श्रीमती ठाकुर ने अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

श्रीमती ठाकुर ने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर योजनाओं की स्थिति का नियमित निरीक्षण करें और महिलाओं और बच्चों की बेहतरी के लिए हरसंभव मदद करें। उन्होंने कहा कि हमारे देश का भविष्य बच्चों और महिलाओं के हाथ में है, और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हमें प्रतिबद्ध रहना होगा। बैठक में महतारी वंदन योजना, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बाल संरक्षण योजना, आंगनवाड़ी सेवाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, और सखी वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। श्रीमती ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें योजना के लाभ से अवगत कराएं। इस अवसर पर सचिव एवं आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने राज्य में महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और उनकी अद्यतन प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में संचालक, महिला एवं बाल विकास तुलिका प्रजापति सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

धर्म करना तो बहुत दूर की बात है, आज हर काम के लिए लोगों के पास बहाने है: विरागमुनि

रायपुर/नवप्रदेश। दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के आठवें दिन शनिवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि जी ने कहा कि किसी काम को नहीं करने के लिए आप सौ बहाने बना सकते हो और जो काम आपको करना होता है, उसके लिए तो आप कभी बहाना नहीं बनाते। दुकान जाने, ऑफिस जाने के लिए आप बहाने नहीं बनाते है। वहीं, अगर आपको मंदिर जाना हो या फिर कोई मेहमान घर आए तो आप दुकान और ऑफिस का बहाना बनाकर निकल जाते हो।

उन्होंने कहा कि लोगों के पास हर एक बात के लिए बहाना होता है। परन्तु किसी को अपने दुकान जाना हो तो क्या वह बहाना करता है। भले ही नौकर बहाना करें पर मालिक कभी नहीं कर सकता। मंदिर जाने के लिए भी लोग घरवालों से कहते है कि मेरे तरफ से भी आप लोग मंदिर चले जाना। बहाना हमारे पास हर समय तैयार होता है। जबकि परमात्मा कहते है कि कोई भी अगर अच्छा काम है, तो कोई बहाना मत ढूंढो। बल्कि उसे काम को करने का बहाना बनाओ और वह काम कर जाओ।

उन्होंने आगे कहा कि भगवान तो हमारे अंदर है, तो हम मंदिर क्यों जाते है। जब आप मंदिर जाते हो तो वहां कोई पाप नहीं करते जबकि मंदिर से निकलते ही आप पाप करना शुरु कर देते हो। आप यह सोचते हो कि भगवान तो मंदिर के चार दीवारों के बीच ही हैं। इसके बाहर कोई देखने वाला नहीं तो खुलकर पाप करो। जबकि भगवान सब जगह है। सबके अंदर भगवान है। भगवान का केवल ज्ञान इतना व्यापक है कि कोई चीज उनसे अछूती नहीं है, कुछ भी उनसे दूर नहीं है, उनके केवल ज्ञान से हर चीज स्पष्ट है। हम सिर्फ अपने आगे कि ओर ही देख सकते है। अगर आप आसपास नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाते हो, तो वह खराब हो सकता है, पर भगवान का सीसीटीवी कभी फ्यूज नहीं होता और उसकी रेंज भी कम नहीं होती। तो आप कभी मत सोचना कि भगवान केवल मंदिर में है, उनकी दृष्टि सब जगह है। उन्हें आंखों की जरूरत नहीं है। हर जगह परमात्मा है। जो वैभव, जो गुण भगवान के पास है, वही वैभव और गुण सबके पास है। बस फर्क यह है कि हमारे अंदर जो अनंत गुण है, उस पर हमने परदा लगा रखा है। उसे इतना ढंक दिया कि आपको यह पता भी नहीं चलता कि आपके अंदर भी कुछ है। आप सोचते है कि जब समय आएगा तो उसका उपयोग करेंगे। जबकि आपको हर समय इन्हें उपयोग करते रहना है। उन्होंने आगे कहा कि आप अपने आप से कहो कि मैं आत्मा हूं। जितने बार आप यह बोलोगे आप खुद के अंदर जाते जाओगे। एक लट भंवरे के आजू-बाजू मंडराती है, पर जब उसे लगता है कि यह भंवरा गुनगुना रहा है तो वह भी कोशिश करने लगता है। कुछ समय बाद वह भी गुंजाने लगता है। अगर कोई जीव बार-बार पुरुषार्थ करता है तो एक दिन वह भी भंवरों की तरह गुजांना सीख लेता है।

पैलोटी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। सेंट विंसेंट पैलौटी कॉलेज में वर्ल्ड कंजर्वेशन दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में ÷ एक पेड़ मां के नाम ÷ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को एक-एक पौधे भी वितरित किए गए जिसे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वे अपने घर पर रोपित करेंगे एवं उसकी देखभाल करेंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कुलदीप दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय केवल क्वालिटी एजुकेशन एवं विषय संबंधित ज्ञान ही नहीं अपितु छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारियां से भी अवगत कराने में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता आया है। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रीन आर्मी आफरायपुर के संस्थापक ष्ट अमिताभ दुबे ,सेंट्रल कोर कमेटी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा, दीनदयाल उपाध्याय नगर जोन के उपाध्यक्ष श्याम बघेल, पुरुषोत्तम चंद्राकर, निधि अग्रवाल, तरुण शर्मा, मोहन बलवानी ,मोनिका बागरेचा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रीन आर्मी के सदस्य उपस्थित थे । अमिताभ दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य के निर्माता के रूप में पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर इको फ्रेंडली पॉट मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता मे विद्यार्थीयो द्वारा इको फ्रेंडली सामग्री का प्रयोग करते हुए गमले बनाए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुबशीरा खान, द्वितीय स्थान अभिषेक टोप्पो एवं तृतीय स्थान वैशाली पाटिल ने प्राप्त किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर फादर अमित तिर्की, उप प्राचार्य डॉक्टर जी पदमा गौरी ,सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक- शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे । कार्यक्रम की प्रभारी स्पेशल डे कमेटी के संयोजक मती रमोला विकास दान थीं । इस अवसर पर बड़ी संख्या में एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया ।

सिधीं इंग्लिश विद्यालय रामसागर पारा में मना हरियाली दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। सिधीं इंग्लिश विद्यालय, रामसागर पारा, रायपुर के शाला परिसर में शनिवार को हरियाली दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी से पांचवी तक छात्र/छात्रों द्वारा विभिन्न वेशभुषा मे उपस्थित थे बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए शाला की प्रधान अध्यापिका मती अनिता रामनानी व अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

सुविचार

झूठ बोलना पहली बार आसान हो सकता है पर बाद में सिर्फ परेशानी देता है और सच पहली बार बोलना कठिन होता है पर बाद में सिर्फ आराम देता

एकला चलो रे की नीति पर ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो हमेशा से ही एकला चलो रे की नीति पर चलती रही है। यह बात अलग है कि उनकी पार्टी आईएनडीआईए का हिस्सा है लेकिन उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में बंगाल में आईएनडीआईए से अलग हटकर अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ा और सबसे ज्यादा सीटें जीतने में सफल भी हुई । उन्होंने कांग्रेस और वामपंथी दलों को एक भी सीट न देकर गठबंधन धर्म का उल्लंघन किया था। अब जबकि नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई तो आईएनडीआईए गठबंधन ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला कर लिया। कांग्रेस सहित आम आदमी पार्टी और अन्य विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्रियों ने इस बैठक का बहिष्कार कर दिया। किन्तु बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल होने वहां पहुंच गई। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी नीति आयोग की बैठक में जाने के लिए राजी कर लिया था। यह बात अलग है कि हेमंत सोरेन ने एन टाइम पर अपना फैसला बदल लिया और वे बैठक में नहीं गए। इस तरह ममता बनर्जी ने आईएनडीआईए को साफ संदेश दे दिया कि वे गठबंधन के सभी निर्णयों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं हैं। वे वहीं करेंगी जो उन्हें अच्छा लगेगा। ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में गई और फिर वहां से गुस्से में बाहर भी आ गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि नीति आयोग की बैठक में उन्हें बोलने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अन्य मुख्यमंत्रियों को 20-20 मिनट बोलने दिया गया लेकिन उन्हें सिर्फ 5 मिनट बोलने का अवसर दिया गया और जब उन्होंने बंगाल के लिए मदद की मांग रखी तो उनका माइक बंद करके उनका अपमान किया गया। ममता बनर्जी ने कहा है कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि पूरे आईएनडीआईए का अपमान है क्योंकि विपक्ष की तरफ से वही एक मात्र मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में गई थी। समझ में नहीं आता कि ममता बनर्जी इसे आईएनडीआईए का अपमान कैसे कह रही हैं। उसने तो नीति आयोग की बैठक का बायकाट कर दिया था फिर इसमें आईएनडीआईए के अपमान का प्रश्न कैसे पैदा हो गया। इधर सरकार ने भी ममता बनर्जी के आरोप को निराधार बताया है। सरकार का कहना है कि ममता बनर्जी का माइक बंद नहीं किया गया था। पहले उन्हें लंच के बाद सातवें नंबर पर बोलना था लेकिन बंगाल सरकार ने अनुरोध किया था कि ममता बनर्जी को बंगाल वापस लौटना है इसलिए उन्हें लंच के पहले ही बोलने का मौका दिया जाए। इस अनुरोध को स्वीकार कर उन्हें पहले बोलने दिया गया और पर्याप्त समय भी दिया गया। नीति आयोग की बैठक में ममता बनर्जी का या आईएनडीआईए का कोई अपमान नहीं हुआ है। किन्तु अब ममता बनर्जी इसे मुद्दा बना रही है और केन्द्र सरकार पर बंगाल की उपेक्षा का वहीं पुराना आरोप लगा रही है जो वे अब तक अक्सर लगाती रही हैं। दरअसल ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में जाकर एक तीर से दो निशाने साधे हैं। एक तरफ तो उन्होंने आईएनडीआईए को यह संदेश दे दिया है कि वह उनके निर्देशों की परवाह नहीं करती और आज भी वे एकला चलो रे की नीति पर अमल कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने नीति आयोग की बैठक को अधूरा छोड़कर केन्द्र सरकार को भी यह संदेश दे दिया है कि वे केन्द्र के साथ टकराव की राजनीति आगे भी करती रहेंगी।

अमेरिका का भारत विरोधी रवैया फिर उजागर

खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाला अमेरिका जब तब भारत विरोधी रूख अख्तियार करता रहता है। एक बार फिर उसका भारत विरोधी रवैया उजागर हो गया है। अमेरिकी प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है कि भारत जाने वाले अमेरिकी विशेष सावधानी बरतें क्योंकि भारत में आतंकवाद और नक्सलवाद बढ़ने के कारण लोगों में असुरक्षा की भावना है। भारत में रेप के केस भी बढ़ने लगे हैं और पूर्वोत्तर के राज्यों में खासतौर पर मणिपुर में नस्ल भेदी संघर्ष चल रहा है। यह वही अमेरिका है जो अपनी नस्लभेदी नीति के लिए दुनिया भर में कुख्यात है। वहां हिंसा का आलम यह है कि बात -बात पर वहां गोलियां चल जाती है और निर्दोष लोगों का सरेआम कत्ल कर दिया जाता है। ऐसा अमेरिका भारत को नसीहत दे रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने जा रहे हैं। और वहां पहली बार भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने जा रही है। अमेरिका में कमला हैरिस को लेकर भी नस्लभेदी टिप्पणी की जा रही है। और यहां तक की उनके चरित्र पर भी किचड़ उछालने की कुत्सित कोशिश की जा रही है। जाहिर है अमेरिका भारत के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित है इसीलिए उसने इस तरह की एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार को इसका कड़ा जवाब देना चाहिए। बेहतर होगा कि अमेरिका भारत को उपदेश देने की जगह अपने देश में हो रही हिंसा और नस्लवाद पर ध्यान दें। भारत के खिलाफ इस तरह की एडवाइजरी कर व्यर्थ का बवाल खड़ा न करें।

प्रेरक प्रसंग - झूठ की सजा

एक बार एक आदमी अपने पालतू बंदर के साथ समझे जहाज में यात्रा कर रहा था !

तूफान आ जाने के कारण जहाज पलटने लगा सभी लोगों के साथ साथ में बंदर भी पानी में कूद गया !

डॉल्फिन ने बंदर को मनुष्य समझकर बचा लिया डॉल्फिन उसे अपनी पीठ पर बिठाकर किनारे को ले जा रही थी !

ग्रीस देश की सीमा पार करते डॉल्फिन ने बंदर से पूछा,फ़क्या तुम एथेंस के रहने वाले हो ?

बंदर ने झूठ बोल दिया, हा !

डॉल्फिन ने फिर पूछा, क्या तुम्हें पिराकस पता है ?

बंदर को लगा की यह कोई व्यक्ति का नाम है, इसलिए बोला ,वह मेरा अच्छा मित्र है !

डॉल्फिन को पता था की वह व्यक्ति का नाम नही है जबकि बंदरगाह है !

डॉल्फिन को झूठ से सक्त नफरत थी ! उसे बहुत गुस्सा आया और

उसने पानी में डुबकी लगाई और बंदर पानी में डूबकर मर गया !

लघु कथा

सांसारिक बंधन

एक बार की बात है. एक व्यक्ति मथुरा से गोकुल जाने को निकला. इसके लिए उसे यमुना नदी को नाव में बैठकर पार करना था. वह व्यक्ति भांग के नशे में था. वह नौका में बैठा और चप्पू चलाने लगा. उसे लगा थोड़ी देर में वह गोकुल पहुँच जाएगा. उस व्यक्ति ने सारी रात नाव चलायी. सुबह उजाला होने पर देखा तो उसे मथुरा जैसा ही शहर दिखाई पड़ा. उसने किसी से पूछा, 'यह कौनसा शहर है ?' जवाब मिला , 'मथुरा.'

अब उस व्यक्ति का नशा उतरने लगा और उसे अपनी गलती का अहसास हुआ. उसने सारी रात नौका तो चलायी लेकिन नौका जो कि घाट के साथ एक रस्सी से बंधी हुई थी उसे तो खोला ही नहीं. इसी तरह सांसारिक बंधन है, जिन्हें खोलकर ही संसार सागर से पार पाया जा सकता है.

आलोक मेहता

भारत सरकार ने जुलाई से सम्पूर्ण लोकतान्त्रिक और न्यायिक व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव के साथ नई ' भारतीय न्याय संहिता ' लागू कर दी। यह करोड़ों लोगों को अधिक अच्छे नियम कानूनों से लाभान्वित करेगी। फिर भी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित सरकार का विरोध करने वाले प्रतिपक्ष के नेता और निहित स्वार्थ वाली एक लॉबी इस न्याय संहिता का भी विरोध कर रही है। वहीं देश में इन दिनों कई मंचों पर यह बात भी उठ रही है कि देश को दिशा देने और भविष्य निर्माण करने वाले तंत्र में एक तरह की उश्रृंखलता दिखाई दे रही है। संसद में सारे नियम तोड़कर सांसद अध्यक्ष / सभापति के आदेशों निर्देशों का पालन नहीं कर अशोभनीय दृश्य उपस्थित कर रहे हैं। यहाँ तक कि देश तोड़ने और आतंकवाद के गंभीर आरोपी को जेल से रिहा करने तथा उसे सदन के सम्मानित सदस्य के रुप में स्वीकारे जाने की दुहाई कांग्रेस के नेता दे रहे हैं। इसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर मीडिया का एक वर्ग , तेजी से फैल रहा सोशल मीडिया किसी भी नियम , संयम का पालन नहीं करते हुए घोर आपत्तिजनक , उत्तेजक , अपमानजनक सामग्री समाज के हर वर्ग तक पहुंचा रहा है। इसी तरह धर्म आस्था के नाम पर अनेक नए नए लोग खड़े होकर फरमान जारी कर रहे और अन्धविश्वास बढाकर लोगों की जान ले रहे हैं। इन सबसे रक्षा के लिए एकमात्र न्याय पालिका से आशा की उम्मीद रहती है।

संसद , सुप्रीम कोर्ट , मीडिया और धर्म गुरुओं की आचार संहिता के सवाल

हाल के वर्षों में कई ऐतिहासिक फैसले सुप्रीम कोर्ट से आए हैं और इस कारण न्यायालय से अपेक्षा बढ़ती जा रही हैं। लेकिन वकीलों और न्यायाधीशों के एक्टिविज़्म से वहां भी चिंता की समस्या दिखने लगी है। यही नहीं कभी कभी शीर्ष अदालत और भारत सरकार के बीच टकराव की स्थिति , जजों की नियुक्तियों में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के बीच मतभेद के कारण सैकड़ों स्थान खाली पड़े हैं और चार करोड़ से अधिक प्रकरण अदालतों में पेंडिंग हैं। इसीलिए सवाल उठ रहा है कि इन सर्वोच्च व्यवस्थाओं के लिए आचार संहिता (कोड ऑफ़ इथिक्स) कब और कौन बनाएगा ?

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने हाल ही में एक वकील को फटकार लगाई, क्योंकि उसने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (हृश्वश्च्ञ्ञ) में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को बाधित करने की कोशिश की थी।इस पर मुख्य न्यायाधीश ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. उन्होंने कहा, ÷नेदुम्परा, मैं आपको चेतावनी दे रहा हूं. आप गैलरी में बात नहीं करेंगे. मैं न्यायालय का प्रभारी हूं। कृपया सिक्योरिटी को बुलाएं, उन्हें न्यायालय से बाहर निकालें.÷ इस पर वकील ने जवाब दिया, ÷मैं जा रहा हूं. मैं जा रहा हूं.÷ मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ÷आपको ऐसा कहने की ज़रूरत नहीं है, आप जा सकते हैं. मैंने पिछले 24 वर्षों से न्यायपालिका देखी है. मैं वकीलों को इस न्यायालय में प्रक्रिया निर्धारित करने की अनुमति नहीं दे सकता.÷।हालांकि इसके बाद . वकील ने कहा, ÷मुझे खेद है. मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है. मेरे साथ अनुचित व्यवहार किया गया.÷। इस साल मार्च में, इलेक्टोरल बॉन्ड मामले की सुनवाई के दौरान, वकील हस्तक्षेप करना चाहते थे और बार-बार बीच में टोकते रहे. एक समय पर, मुख्य न्यायाधीश ने दृढ़ता से कहा, ÷मुझ पर चिल्लाओ मत... यह हाइड पार्क कॉर्नर मीटिंग नहीं है, तुम कोर्ट में हो. तुम एक आवेदन पेश करना चाहते हो, एक आवेदन दाखिल करो. तुम्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में मेरा निर्णय मिल गया है, हम तुम्हारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं. यदि तुम कोई आवेदन दाखिल करना चाहते हो, तो उसे ईमेल पर पेश करो. इस कोर्ट में यही नियम है.÷

देश की सर्वोच्च अदालत पर अक्सर हाई प्रोफाइल सियासी मामलों को ही पहले प्राथमिकता देने के आरोप लगते रहे हैं। चाहे वह कांग्रेस के पवन खेड़ा का मामला हो या दिल्ली सरकार बनाम एलजी विवाद। लेकिन, भारत के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ऐसा नहीं मानते। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा है कि ' यह एक गलत धारणा है कि अदालत लगातार हाई-प्रोफाइल राजनीतिक मामलों का फैसला कर रही है। देश भर में अदालतों की ओर से किए गए अधिकांश काम, जिसमें सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है, व्यक्तिगत नागरिकों के कानूनी विवाद से संबंधित हैं और राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। ये भूमि विवाद, पेंशन दावों या आपराधिक मामलों से संबंधित हैं। राजनीतिक हस्तियों के मामलों को नागरिकों से जुड़े मामलों की तुलना में काफी अधिक मीडिया कवरेज मिलती है, इससे यह धारणा बनती है कि अदालत राजनीतिक क्षेत्र में भारी रूप से शामिल है।अदालतों ने हमेशा यह सुनिश्चित करने में भूमिका निभाई है कि राजनीति कानून के शासन और संविधान की परिधि के भीतर संचालित होती है। मुझे लगता है कि अगर अदालतें कई मामले सुन रही हैं जिनका राजनीति पर भी असर है, तो यह एक जीवंत लोकतंत्र का स्वाभाविक परिणाम है जहां विचारों और मुद्दों को लगातार अदालतों सहित कई मंचों पर लड़ा जा रहा है। '

हाल के वर्षों में अदालतों पर काम का बोझ बढ़ा है। एक तरफ विचाराधीन मामलों की संख्या बढ़ रही है। वहीं सरकार ने संसद में स्वीकारा कि देश की उच्च अदालतों (हाई कोर्ट) में स्वीकृत 1114 पदों में से 357 पद खाली हैं। अकेले इलाहबाद हाई कोर्ट में।6 स्थान खाली हैं। मतलब कहीं न कहीं सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के प्रमुख न्यायाधीशों में नामों पर सहमति नहीं बन पाती और नतीजा न्याय समय पर पाने की आस लगाने वाले लाखों लोग भटकते रहते है। हाँ टेक्नोलॉजी और सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाही का सीधा प्रसारण होने से पारदर्शिता आई और विश्वसनीयता के साथ अपेक्षा बढ़ सकती है।।टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का मकसद लोगों तक आसानी से पहुंचना है। जस्टिस चंद्रचूड़ के अनुसार ÷ हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई कर रहे हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तहत देश का सुप्रीम कोर्ट सिर्फ वह सुप्रीम कोर्ट नहीं है, जो दिल्ली के तिलक मार्ग तक ही सीमित है।सुप्रीम कोर्ट वास्तव में देश का प्रतिनिधित्व करता है। देशभर से, यहां तक ??कि देश के दूर-दराज के इलाकों से भी एक वकील, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुनवाई के लिंक के जरिए एक सिंपल से सेल फोन पर हमसे जुड़ सकता है। इसी तरह से जिन वादियों के मामले सुप्रीम कोर्ट में हों या न हों, वे भी सुप्रीम कोर्ट के कामकाज को देख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से किए जाने वाले कामकाज को समझने में नागरिक थोड़ी-बहुत भूमिका निभाते हैं. जनता का पैसा खर्च होता है, तो उनको यह जानने का हक है कि अदालत में क्या हो रहा है। मुझे लगता है कि अदालतों में हमारे द्वारा किए जा रहे कामों को जानने से आम जनता में विश्वास और विश्वास की भावना आएगी। आम लोगों तक न?यायालयों को पहुंचाने के लिए हम कई तरीके अपना रहे हैं. क?योंकि हर किसी नागरिक के पास लेपटॉप नहीं होता है, स?मार्ट फोन नहीं होता है। हालांकि, हमारा कर्त?तव?य है कि कोई भी व?यक्ति सुविधाओं के अभाव में न?याय से वंचित न रह जाए. इसलिए हमने देशभर में लगभग 18000 ई-सेवा केंद्र जिला अदालतों के परिसरों में खोले हैं। यह ई-सेवा केंद्र अभी पायलट बेसिस पर हैं।अब आम लोगों को मामलों की इंटरनेट फाइल, ई-फाइलें, कोर्ट में जाने के लिए पास आदि की सुविधाएं भी डिजिटल तरीके से मिल रही हैं. झहमारे ई-मिशन मोड प्रोजेक?ट के फेस-3 के लिए केंद्र सरकार ने।200 करोड़ रुपये की स?वीकृति दे दी है। लोकतंत्र में विश्वसनीयता बहुत जरुरी है। एक अंतर्राष्ट्रीय विधि संस्थान की हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अमेरिकियों का विश्वास पिछले दो वर्षों में नए निचले स्तर पर पहुंच गया है, केवल लगभग 40त्न ने अपनी अदालतों पर विश्वास व्यक्त किया। दूसरी तरफ कुछ समय पहले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी देश के प्रति किसी भी तरह से प्रतिबद्ध होना नहीं चाहती।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1567 : जेम्स श्क को स्कॉटलैंड का राजा बनाया गया। 1748 : ईस्ट इंडिया कंपनी की सहायता के लिये ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी भारत पहुंची। 1876 : साईंस ऐसोसिएशन की स्थापना। 1911 : मोहन बगान ने पहली बार आईईएफ शील्ड जीती। 1937 : जापानी सेना ने चीन के बींजिंग और तेनत्सिन शहरों पर कब्जा किया. 1949 : ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन रेडियो पर प्रसारण शुरू। 1957 : संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का गठन किया। 1968 : पोप षष्ठम ने ईसाइयों के लिए गर्भ निरोधक के इस्तेमाल पर लगी धार्मिक पाबन्दी को बरकरार रखने का ऐलान किया। 1980 : मॉस्को ओलंपिक में भारत ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता। 1981 : लंदन के सेंट पॉल कैथेड्रल में प्रिंस चार्ल्स और डायना की शादी। दुनिया के 75 करोड़ लोगों ने इस शादी को टेलीविजन पर सजीव देखा। 1982 : दिलीप बोस को डेविस कप देशों के प्रबंधन में चुना गया। 1983 : पहले चालक रहित विमान का परीक्षण किया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

समुंदरों की रवानी में गुम

समुंदरों की रवानी में गुम न हो जाऊं! हवा के साथ मैं पानी मे गुम न हो जाऊं! कहानीकार तुझे इतना तो खूयाल रहे, मैं तेरी लिक्खी कहानी में गुम न हो जाऊं! वो शखूस खाक किसी से करेगा इश्क़ कि जो, ये सोचता हो जवानी में गुम न हो जाऊं! जो लफ़्ज़ उसने उछाला है मेरी ओर 'कमल', कहीं मैं उसके मआनी में गुम न हो जाऊं! **– रूबी झा कमल**

जब-जब भी दर्द बहा दिल

जब-जब भी दर्द बहा दिल से, इक काव्य उभर करके आया। अंतस की ऊँची धरणी से, इक भाव उतर करके आया। जब-जब भी याद किया उसको, अपने दिल की गहराई से- इक टीस अचानक उभर गयी, इक घाव उभर करके आया।

– अमित शिवकुमार दुबे

ख़ास पाती | इक ग़ज़ल मेरी चुराकर नामी शायर

इक ग़ज़ल मेरी चुराकर नामी शायर गा रहा था मूंह में गुटखा दबाकर आँख को मटका रहा था शायरी पढ़ते गला जब खुश्क उसका हो गया तो भीड़ से नज़रें चुराकर बोतलें निपटा रहा था शायरों की दाद सुनकर जोश इतना आ गया जब शेर पढ़ते - पढ़ते शायर बीच में हकला रहा था इक इशारा था किया नाज़िम ने भी उसको मगर वो शेर पर बस शेर मेरे ही सुनाता जा रहा था थी बहुत ही खूबसूरत सी ग़ज़ल 'संजय' मेरी वो इसलिए महफ़िल में शायर आज सबको भा रहा था **– संजय कुमार गिरी**

वफ़ा के दरिया से घबराने वाला

वफ़ा के दरिया से घबराने वाला, सफीना इश्क़ का ना पाने वाला। कहाँ तक साथ देगा प्यार में वो, हवस की राह में ही जाने वाला। गुनाहों की वक़ालत ही करेगा, खरीदे न्याय को मनवाने वाला। चुनावी जीत हासिल करके दानी, न सूरत वो कभी दिखलाने वाला। नशा आंखों का उसको ना चढ़ेगा, अगर वो रिंद है मयखाने वाला।। खुदा भी रोक ना पाया उसे कल, गया दुनिया से आखिर जाने वाला खुदा के घर में उसको ढूंढते क्यूं न आया था न आया आने वाला। **– संजय दानी**

इन दिनों भोलेनाथ के पास त्रैलोक्य का

इन दिनों भोलेनाथ के पास त्रैलोक्य का शासन-प्रशासन है, जिन्हें भक्तों की शुद्ध भावना प्रिय है। एक लोटा जल और एक बेल-पत्र भक्ति-भाव से अर्पित कर दीजिए, महादेव कृपा की वर्षा कर देंगे। यह नहीं कि बेल के सारे पत्ते 'खरभोट' डालिए। महादेव को हरी-भरी प्रकृति बहुत अच्छी लगती है। बेल के पेड़-पौधे जब ठूंठे दिखने लगते हैं तो भोलेनाथ को बहुत दुख होता है। महादेव को दुखी नहीं करना है। उनका आशीर्वाद लेना है। **– राजकुमार धर द्विवेदी**

मुझको मेरे मकान से किसने जुदा किया

मुझको मेरे मकान से किसने जुदा किया वहमो-भरम-गुमान से किसने जुदा किया सपनों के आसमान से किसने जुदा किया इक रायगाँ उड़ान से किसने जुदा किया हम ज़िंदगी की क़ैद में खाइफ़थे मौत से दहशत के सायबान से किसने जुदा किया इक सिम्त रंगते-जहां इक सिम्त आजिज़ी दोनों के दरमियान से किसने जुदा किया शुहरत वो ताम-झाम वो मंसब वो महफ़िलें हसरत की हर दुकान से किसने जुदा किया चलना था उम्र भर जहाँ हासिल था कुछ नहीं रस्तों की उस थकान से किसने जुदा किया "रूपम" हमें निज़ाम का कुछ तो पता चले पल-पल के इम्तिहान से किसने जुदा किया **- निरुपमा चतुर्वेदी**

नई पतंग को तो उड़ जाने दो ...

नई पतंग को तो उड़ जाने दो ... मेरी सुस्क आँखों से ,थोड़ा अश्क को तो बह जाने दो , मेरे सिने के जख्म बड़े गहरे है , हल्का सा ही सही ,उसे भर तो जाने दो , मेरे जेहन में हर वक्त ख्याल मडराते रहते है , इस भवर को तो ,थोड़ा थम जाने दो , मैं बेशक दूंगा तुम्हारा साथ , ऐ मेरे नये दोस्त , पुरानी दोस्ती में उल्झे तागो को ,तो सुलझ जाने दो , मेरी जिंदगी की पतंग कट कर ,ऊँचे साख पर जा टिकी है , एक नई पतंग को तो उड़ जाने दो **- नमन कुमार मिश्रा**

गगन के साथ धरती ने किया श्रृंगार

गगन के साथ धरती ने किया श्रृंगार सावन में, दिखे साजन के संग सजनी का ये मनुहार सावन में। हरी चूड़ी, हरी साड़ी, हरी बिंदिया, हरे मौसम, फ़क़त प्यारी लगे रिमझिम सी ये बौछार सावन में।।

- अनुराधा सिंह

QUIZ TIME

1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?

2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?

3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?

4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?

5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ट्रांजिस्टर (2) गोदावरी (3) मिसिसिपी (4) सूरत (5) सागर [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषःआज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है।

वृषः आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा।

मिथुनः आज आपकी कम्पनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे।

कर्कः आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज किसी तरह के तर्क-वितर्क में पड़ने से आपको बचना चाहिए।

सिंह : आज कोई खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा।

कन्याः आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आप जुड़ेंगे। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है।

तुला : आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही रुकावटें आज समाप्त हो जाएगी।

वृश्चिक : आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है।

धनु : आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो आज का दिन फेवरेबल है।

मकर : आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए।

कुंभः आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे।

मीन : आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

देश के विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका : अग्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक अमर अग्रवाल ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम संवाद की मासिक कड़ी में जीवन में खेल संस्कृति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए खेलों की निर्णायक भूमिका होती है, खेल जीवन का हिस्सा है,स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए खेलों का अभ्यास जरूरी है। खेलों से प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व और सामुदायिक भावना का जीवन में विकास होता है,जो जीवन के उतार-चढ़ाव में आशा का संचार करती है। उन्होंने कहा विगत एक दशक में खेल अव संरचना एवं संसाधनों के विकास, गहन प्रशिक्षण और सतत पर्यवेक्षण से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों ने देश का नाम ऊंचा किया।

खूबचंद बघेल की जयंती पर जवानों के परिजन सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. खूबचंद बघेल के 124 वां जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर ग्राम कडार भाटापारा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज सम्मान समारोह कार्यक्रम मे शामिल हुए टंकराम वर्मा मंत्री राजस्व एवं आपदा विभाग खेल कल्याण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एव विधायक बिल्हा धरम लाल कौशिक उपस्थित हुए कार्यक्रम में ग्राम गोढी, कडार, सेवार, भाटापारा के सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे भारतीय सेना एवं विभिन्न पदों मे पदस्थ होकर देश सेवा मे अपनी सहभागिता निभा रहे जवानों के माता पिता को शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

लोरमी में प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम को प्रशासन से नहीं मिली अनुमति

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली ज़िले के लोरमी में आगामी 2 अगस्त से 8 अगस्त तक प्रस्तावित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) द्वारा शिव कथा महापुराण कार्यक्रम आयोजन की अनुमति देने से प्रशासन ने इंकार कर दिया है। प्रशासन ने आयोजन की अनुमति के आवेदन को अस्वीकार करते हुए 6 विभागों के अभिमत का उल्लेख करते हुए आयोजन से जनजीवन को संकट की संभावना होने का उल्लेख किया है। पंडित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) के द्वारा शिवकथा महापुराण का आयोजन आगामी 2 अगस्त से 8 अगस्त के बीच प्रस्तावित है। इस आयोजन के अनुमति के लिए लोरमी युवा मंडल ने प्रशासन से अनुमति माँगी थी। लोरमी युवा मंडल ने यह पत्र 24 जुलाई को दिया था, जिस पर विभिन्न विभागों से मिले अभिमत के साथ 25 जुलाई को प्रशासन ने आयोजन की अनुमति देने से इंकार कर दिया है।

छेड़छाड़ व हत्या का प्रयास, दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आपसी रंजिश में छेड़छाड़ व हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों के पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। दोनों आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोसा बांस का डण्डा व ईट जब्त की है। पुलिस के अनुसार प्रकाश रजक व संजू यादव द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के मॉ को बेईज्जत करने के नियत से हाथ बाह को पकडकर छेडछाड कर प्रार्थी के पिता को ईट व डण्डे से गम्भीर चोट पहुँचाया था जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार का वैधानिक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं चकरभाठा निमितेश सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल टीम बनाकर आरोपी गणों को गिरफ्तार किया गया घटनास्थल का निरीक्षण न्याय दल के उपस्थिति में किया गया घटना स्थल से घटना में प्रयुक्त वस्तुएं जप्त की गई। प्रकरण के आरोपीगण प्रकाश रजक व संजू यादव को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये प्रकरण का आरोपी बिट्टू उर्फ प्रकाश रजक के विरुद्ध पूर्व में कई आपराधिक मामले हैं आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

58 पाव देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब की अवैध बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को सरकण्डा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 58 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल द्वारा जिले में अवैध शराब/गांजा बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में थाना प्रभारी सरकंडा निरी. तोपसिंह नवरंग के मार्गदर्शन में थाना सरकडा द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने टीम लगाकर पतासाजी की जा रही थी कि 27 जुलाई को टीम को सूचना मिला कि सीपत चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी शराब बिक्री कर रहा है।

शहीद विनोद सिंह कौशिक की स्मृति में 7 हजार छात्र-छात्राओं का सम्मान

शिक्षा से ही मिटता है जीवन का अंधकार : तोखन साहू

शिक्षित युवाओं के नेतृत्व में देश विकसित होगा : अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने शहीद विनोद सिंह कौशिक की स्मृति में बहतराई में आयोजित एक समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन शहीद विनोद सिंह कौशिक सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। अतिथियों ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद विनोद सिंह कौशिक की छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले लगभग 7 हजार छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस मौके पर विधायक अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला और जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से तोखन साहू ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाना हमारा दायित्व है। शिक्षा से ही जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार दूर होगा और ज्ञान रूपी प्रकाश फैलेगा। इसलिए कठिनाइयां उठाकर भी हमें अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। पढ़ाई को हमें खेल भावना से लेना चाहिए। ज्यादा तनाव न लें। जहां भी शंका हो, गुरुजनों का मार्गदर्शन लेना चाहिए। विधायक अमर अग्रवाल ने मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भी लगभग 50प्रतिशत बच्चे 12वीं के बाद विभिन्न कारणों से कॉलेज नहीं जा पाते । इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने शिक्षा ऋण में ब्याज की रियायत की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि युवजन ही देश को नेतृत्व देते हैं। जब वह शिक्षित होंगे तो आगे चलकर देश भी विकसित होगा। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को सम्मानित कर शहीद शहीद विनोद सिंह को याद करना ट्रस्ट की अच्छी पहल है। शहीद विनोद सिंह स्मृति ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलेंद्र कौशिल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने शहीद विनोद कौशिक का जीवन परिचय भी दिया। सीजी पुलिस में वे उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2018 में नारायणपुर जिले में नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त किए। शहर के चिंगराज पारा निवासी नेत्र से दिव्यांग कलाकार भाई बहन पृथ्वीराज व पूजा ने भजनों और देशभक्ति पूर्ण गानों की शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

---

24 साल बाद बहू की हत्या के आरोप से सास बरी

बहू ने जिद्द में जान दी थी, बुजुर्ग सास-ससुर को 24 साल मुकदमा झेलना पड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। पति द्वारा राखी के लिए मायके नहीं छोड़ने से नाराज नव व्याहता ने 14 अगस्त 2001 को मेरी सास और ससुर मेरे को रोज गाली देते है और कहते है कि तुम्हारे मा बाप की गलती का सजा अब तुम भुगतोगे मैं जब से इस घर में आई हूं तब से आज तक मुझे इन लोगों ने गाली ही दी है। कल मेरे बाबा ने हाथ पैर छूकर माफी मांगी तो भी से इन लोगों का गुस्सा नहीं उतरा। इसलिए मैं यह कदम उठाने पर मजबूर है। अगर आप लोगों में से किसी को मेरी लाश मिल जाए तो कृपा करके मेरे घर वालों को दे दी जाय। लिखकर ट्रेन से कट मेरी इस पत्र के आधार पर पुलिस ने बुजुर्ग सास-ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर अदालत में मुकदमा पेश कर दिया। विचारण न्यायालय ने अप्रैल 2002 में दोनों को धारा 304 बी दहेज हत्या के आरोप में 10 वर्ष व दहेज प्रताड़ना के आरोप में सजा सुनाई। इसके खिलाफ पति-पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। 24 वर्ष बाद हाई कोर्ट से अपील पर निर्णय आया। हाईकोर्ट ने गवाह दस्तावेज व मृतका के माता-पिता के बयान में यह पाया कि अपीलकर्ता ने कभी भी दहेज की मांग नहीं की है। मृतका जिद्दी स्वभाव अपनी मनन मर्जी करने वाली थी। हाईकोर्ट ने बुजुर्ग सास को सभी आरोप से दोषमुक्त किया है। दहेज की मांग कर बहू की हत्या का माथे पर लगा कलंक 24 वर्ष बाद धूल गया है।

ससुर की 2021 में हो चुकी है मृत्यु

मुकदमा लंबित रहने के दौरान ससुर की 2021 में मौत हो गई। हाईकोर्ट ने उनका नाम अपील से डिलीट किया है।

मामला यह था

रायपुर निवासी अपीलकर्ता श्रीमती शोभा व सुधाकर राव के पुत्र सतीश की 16 जनवरी 2001 को मृतका कामिनी के साथ दोनों पक्षों की उपस्थिति में शादी हुई थी। शादी के 6 माह बाद 14 अगस्त 2001 को टाटानगर-नागपुर पैसेंजर के सामने कूद कर जान दे दी।

उप मुख्यमंत्री साव 4 नवगठित नगर पालिकाओं में 'मोर संगवारी' योजना का आज करेंगे शुभारंभ

मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, पंडरिया और लोरमी में मिलेगा योजना का लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव कल 29 जुलाई को राज्य की चार नवगठित नगर पालिकाओं मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, लोरमी और पंडरिया में मोर संगवारी योजना का विस्तार करेंगे। वे इस दिन लोरमी के मानस मंच में आयोजित कार्यक्रम में चारों नई नगर पालिकाओं में योजना का शुभारंभ करेंगे।

शहरी नागरिकों की सुविधाएं बढ़ाने कार्यक्रम में ''मोर संगवारी'' अपाइंटमेंट मोबाइल एप भी लॉन्च किया जाएगा। ''मोर संगवारी'' सेवा के अंतर्गत नागरिकों के लिए चैट बोट की सुविधा वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही तत्काल अपाइंटमेंट लिए जाने और मुहैया कराई जा रही सेवाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज संबंधी सभी जानकारियां भी प्रदान की जाएगी। शासकीय कार्यालयों से नागरिक सेवाएं घरों तक पहुंचाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में चरणबद्ध रूप से ÷मोर संगवारी÷ योजना का विस्तार किया जा रहा है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने बताया कि आमजनों तक शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से पहुंचाने के लिए राज्य में ''मोर संगवारी'' योजना संचालित की जा रही है। इसमें 27 तरह की सेवाएं नागरिकों को बिना किसी व्यवधान और कार्यालय जाए बिना उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी दस्तावेज बनवाने की यह घर पहुंच सेवा वर्तमान में प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों, 44 नगर पालिकाओं तथा दो नगर पंचायतों अंबागढ़ चौकी और गौरेला में संचालित की जा रही है। ''मोर संगवारी'' के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 27 प्रकार की शासकीय सेवाएं जैसे राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि सेवाओं के लिए टोल-फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है। ये सेवाएं सभी कार्य दिवसों में प्रातः आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक संचालित की जा रही हैं।

बैंक अधिकारियों से मारपीट के विरोध में सड़क पर उतरे बैंकर्स

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्टेट बैंक तखतपुर शाखा के फील्ड ऑफिसर प्रेम जायसवाल एवं मैनेजर अंकित लाल के साथ तीन बैंक डिफॉल्टरो द्वारा शराब पीकर बैंक परिसर में असंसदीय भाषा में गालियां देते हुए गम्भीर रूप से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए झूठे आरोप में फसाने तथा परिवार जनों को भी देख लेने चेतावनी देना। एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी का यह कृत्य निंदनीय हैं। इससे बैंकर्स में काफी रोष हैं। आईबॉक बिलासपुर ने आज शाम नेहरू चौक पर कैंडल मार्च निकाल कर जिला प्रशासन से मांग की हैं कि पुलिस द्वारा पकड़े गए अपराधियो को कठोर से कठोर सजा दिलवाते हुए बैंकर्स को पुलिस प्रोटेक्शन दिलवाया जाए। अन्यथा बैंकर्स का मनोबल गिरने से शासन की स्कीमों के अनुपालन में बिलंब हो सकता है। आईबॉक के राष्ट्रीय सहसचिव व छत्तीसगढ़ के महासचिव वाय गोपालकृष्ण, के बताया कि जैसे शरहद पर फौज देश की रक्षा करती हैं। वैसे ही हम वित्तिय सैनिक देश की अर्थव्यवस्था के सुचारू संचालन के आधार स्तम्भ हैं। अतः बैंकर्स प्रोटेक्शन लॉ बनाते हुए हमें विशेष सुरक्षा मिलनी चाहिए।आईबॉक छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष निलेश कुमार मंडावी व अन्य पदाधिकारी दामोदर हेमरम, राजेन्द्र कुमार साहू, सेंट्रल बैंक से दिलीप सिंहा, पीएनबी से मेलुराम कर्मवीर, गजानन राठौर, कैनरा बैंक से शरद बघेल, आंनद कुमार, ओमी वर्मा, अवनीश पांडेय, जितेंद्र शुक्ला, प्रियंका, दीप्ति, रूबी मैडम पेंशनर्स संघ के जमील अहमद सहित विविध बैंकों के पदाधिकारियों के नेतृत्व बड़ी सँख्या में बैंकर्स आज नेहरू चौक से जिलाधीश कार्यालय तक कैंडल मार्च करते हुए दुःख व्यक्त करते हुए मौन विरोध प्रदर्शन किया गया।

15 अगस्त तक 10 नए विद्युत उपकेंद्र शुरु करने निर्देश

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह ने क्षेत्रीय ईडी, मुख्य अभियंता तथा अन्य मैदानी अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव एवं स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद के निर्देशानुसार भीम सिंह ने अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में तेजी लाने की हिदायत दी। भीमसिंह ने ऑडिट पैरा के निराकरण के कार्य को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारीगण को फटकार लगाते हुये कहा कि एक सप्ताह में 70 प्रतिशत राशि की वसूली की जाए। उन्होंने 33/11 केवी क्षमता के उपकेंद्रों के लंबित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि 15 अगस्त तक कम से कम 10 नये उपकेन्द्रों का निर्माण पूरा हो जाना चाहिये जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा करने में कोताही कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

बिलासपुर से हैदराबाद होकर मुंबई उड़ान जल्द करें शुरू

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य और केंद्र सरकार से की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि बिलासपुर से हैदराबाद होकर मुंबई हवाई सेवा शुरू कराने की पहल करे। समिति ने बताया कि बिलासपुर से हैदराबाद की हवाई दूरी 650 कि मी और हैदराबाद से मुंबई की हवाई दूरी 617 कि मी है और ए टी आर 72-600 विमान एह दूरी 4 घंटे में पूरी कर लेगा. समिति ने कहा कि इस एक ही उड़ान से बिलासपुर का हवाई संपर्क दक्षिण और पश्चिम दिशा के महानगरों से जाएगा। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि बिलासपुर से नई उड़ान प्रारम्भ करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार को विशेष प्रयास करने की जरुरत है। सरकारों को बिलासपुर से हैदराबाद होकर मुंबई जाने वाली उड़न के लिए टेंडर जारी करना चाहिए और शुरू के 6 माह सब्सिडी देनी चाहिए। एक बार यह उड़ान लगेगी तो फिर पर्याप्त यात्री मिलने कागेंगे और उड़ान सफल हो जायेगी। समिति ने कहा की आज दिल्ली के लिए हर उड़ान में पर्याप्त यात्री मिल रहे है. हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और महापौर रामशरण यादव के अलावा आगमन के क्रम से सर्व बद्री यादव, समीर अहमद, महेश दुबे टाटा, केशव गोरख, रवि बनर्जी, चित्रकांत श्रीवास, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमर बजाज, रशीद बक्श, अनिल गुलहरे, राकेश शर्मा, रमा शंकर बघेल, मनोज तिवारी, शेख अलफ़ाज़, दीपक कश्यप, आशुतोष शर्मा, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अक़ील अली, प्रकाश बहरानी, रणजीत सिंह खनूजा, मोहसिन अली, आर्विक तिवारी और सुदीप श्रीवास्तव आदि शामिल हुए।

डी सुनील कुमार ने एसईसीएल के नए निदेशक (वित्त) का संभाला पदभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल के नवनियुक्त निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा एवं निदेशकगणों ने हार्दिक स्वागत करते हुए बधाई व शुभकामनाएँ दीं। कोयला उद्योग में लगभग 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री कुमार ने आचार्या नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से बीकॉम एवं आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से फाइनेंस में एमबीए की डिग्री हासिल की है। कोयला उद्योग में वित्त प्रबंधन के क्षेत्र में उन्हें मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है तथा वे कॉस्ट कंट्रोल के माध्यम से लाभप्रदता बढ़ाने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। एसईसीएल आने से पहले वे एनसीएल में महाप्रबन्धक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे।

पौधरोपण | सीएमडी महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी व बीएड के छात्र-छात्राओं ने रोपे एक हजार पौधे

पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए देखभाल जरूरीः डॉ. दुबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के खेल युवा कल्याण विभाग एवं पर्यावरण विभाग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष जुलाई माह में पौधारोपण अभियान संपूर्ण देश में चलाया जाता है। इसी तारतम्य में सत्र 2024-25 में नगर के प्रतिष्ठित सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर के एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं बी.एड. के छात्र-छात्राओं ने गो ग्राम नेवसा तथा महाविद्यालय परिसर में महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह एवं श्रद्धा दुबे के मार्गदर्शन में लगभग 1000 पौधों का रोपण विगत एक सप्ताह में किये है।

इस अवसर पर उपस्थित डॉ. संजय दुबे ने स्वतः पौधारोपण करने के बाद छात्रों एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुये कहा कि पौधारोपण हमारे पर्यावरण के लिये एक अत्यंत महत्पवूर्ण कार्य है यह न केवल हमारे ग्रह को हरा-भरा बनाता है बल्कि अन्य कई लाभ भी प्रदान करता है पौधे हमारे वातावरण को शुद्ध करते है, आक्सिजन प्रदान करते है, मिट्टी को उपजाऊ बनाते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मद्द करते है। उन्होने आगे कहा कि पौधारोपण कर लेना ही मात्र इस अभियान की सफलता नही है बल्कि पौधो की देख-भाल एवं उचित रख-रखाव भी आवश्यक है, इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये, उन्होने बताया कि महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई ने गोद ग्राम नेवास में एक एकड़ भूमि पर गार्डन विकसित किया है जिसमें बाढ़, मोटर पंप, समय-समय पर खाद, कीटनाशक आदि की सुविधायें प्रदान की गई है। आज नेवसा के लोग उस उद्यान से अमरूद, करौंदा, सीताफल, गटारन, आदि फलों का उपयोग कर रहे है। इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती श्रद्धा दुबे ने बताया कि हमारे देश में वृक्षों को देवी-देवता के रूप में पूजा जाता है शास्त्रों में लिखा है कि एक वृक्ष एक पुत्र के समान होता है हम पौधों का उपयोग एवं पूजा मात्र न करे उसका सम्मान करना भी सीखे। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने बताया कि गोद ग्राम नेवसा एवं महाविद्यालय परिसर के आस-पास छात्रों द्वारा आम, मुनगा, अमरूद, जामुन, आवला, नीम, सीसम, पीपल, गिलोय, एलोविरा, तुलसी इत्यादि के पौधे रोपण किये गये है तथा इच्छुक लोगों को पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया है। महाविद्यालय में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत 01.08.2024 को भव्य कार्यक्रम आयोजन की तैयार चल रही है। इस कार्यक्रम के तहत सैकड़ों पौधों का रोपण एवं वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पी.एल. चंद्राकर, डॉ. के.के. शुक्ला, एन.एस.सी. प्रभारी रोहित लहरे एवं बी.एड. प्रभारी प्रो. राजकुमार पण्डा ने किया। इस कार्यक्रम में एन.एस.एस. एन.सी.सी. एवं बी.एड. के सेकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

न्यूज गैलरी

विधायक ने की कटेकल्याण में एचडीएफसी बैंक की शुरुआत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विधायक चैतराम अटामी ने कटेकल्याण में एचडीएफसी बैंक का शुभारंभ किया। गौरतलब है कि उक्त बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र वासियों को बैंकिंग की सुविधा प्राप्त होगी। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री अटामी ने भाजपा मंडल कटेकल्याण के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर क्षेत्र के जनसमस्या के विषय में चर्चा कर इनके समाधान का आश्वासन दिया।

महिला हेल्पिंग टीम ने बाढ़ पीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री

किरंदुल/नवप्रदेश। नगरी किरंदुल में अतिवृष्टि होने के कारण एनएमडीसी इलेवन सी 11 ष्ट माइनिंग का पानी अपनी विकराल रूप लेते हुये अपनी तट बंध को तोड़ते किरंदुल शहर में घुसकर जन जीवन को तबाह कर दिया और लोग आज बेघर होकर अपनी जान को बचाने नगर पालिका की मंगल भवन और एनएमडीसी की मंगल भवन में ठहरे हुये हैं जहाँ आज उनको मिलने किरंदुल परियोजना हॉस्पिटल की हेल्पिंग महिला टीम पहुँचकर वहां उपस्थित लोगों को खाद्य सामग्री वितरण कर मानवता का परिचय दिया।इस दौरान प्रीति दूधी, मालती राव, गोमती निषाद,सपना हलधर, सुचित्रा,लक्ष्मी दुर्गा, ज्योति रुपन,राधे जी, हेनरी राज आदि लोग मौजूद थे।

बीजापुर/नवप्रदेश। मद्देड़ में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन योजना को भाजपा नेता एंव ठेकेदार नरसिंह रेड्डी ने विभागीय मिलीभगत से चढाया भ्रष्टाचार की भेंट। 763 नल कनेक्शन लगाने का विभाग ने किया दावा,लेकिन धरातल पर दम तोड़ रही योजना। दो साल बाद भी नहीं आया नलों में पानी। पीएचई के अधिकारी एवं ठेकेदार जल जीवन मिशन योजना की उड़ा रहे धज्जियां।

भीगते पानी में प्रभावित दुकानदारों के साथ पानी बाहर निकालने में जुटे रहे विधायक

- **विधानसभा से लौटते ही रेस्क्यू में जुटे विधायक**
- **बारिश प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में बीते दो दिनों से अनवरत बारिश से जहां कांकेर मुख्यालय में बारिश का पानी शहर की दुकानों में घुस गया इतना ही नहीं टीचर्स कालोनी में निवासरत शिक्षकों के 25 मकानों में बारिश का पानी घुस गया। जिसके चलते सरकारी कर्मचारियों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा।

लगातार बारिश से दुकान और घरों में पानी घुसने से प्रभावित लोगों के साथ कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात कांकेर में भारी बारिश होने से शहर लबालब हो गए। शनिवार सुबह विधायक आशा नेताम विधानसभा सत्र से लौटे थे। विधायक शहर के निरीक्षण के लिए निकले और लोगों की सुध लेते हुए खुद ही प्रभावित दुकानों में घुसे पानी निकालने में जुटे रहें।

इस दौरान दुकानों में पानी से प्रभावित लोगों की हालात पर नजर रखे हुए है जिला प्रशासन के आला अधिकारी। अधिकारियों सख्त निर्देश देते हुए नालियों की सफाई तत्काल प्रभाव से करने के निर्देश दिए।

रविवार सुबह 6 बजे पुनः प्रभावित लोगों से मिलने पहुंचे सुबह से ही जिला प्रशासन आला अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचकर कचरे से पटी नालियों की सफाई व्यवस्था में जुटे हुए थे। विधायक आशा राम नेताम तहसीलदार पटवारी नगरपालिका की टीम शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने जुटी हुई थी।

विधायक ने नपा कर्मियों को बांटे रेनकोटःनिरीक्षण के दौरान विधायक आशा राम नेताम ने नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों को बरसते पानी में सफाई अभियान में जुटे कर्मचारियों को रेनकोट वितरण कर भीगते काम नहीं करने की सलाह दी। सफाई कर्मचारियों ने रेनकोट पाकर खुश होते विधायक आशा नेताम का आभार व्यक्त किया ।

> विधायक आशा राम नेताम ने कहा की जनता का सेवक हूं जिन्होंने जीताकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। अब जनता की हर समस्याओ की जिम्मेदारी मेरी है। बारिश प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों के लिए दिशा निर्देश दिए।

डायरिया- मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों के प्रति सावधानी बरतने की अपील

- **खुले में टायर, टूटे फूटे बर्तनों में पानी जमा न होने दें**

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों जैसे डायरिया, मलेरिया आदि से आम नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका अधिक हो जाती है, जिनसे बचाव एवं रोकथाम हेतु जनता को जागरूक होने के साथ-साथ सावधानियां बरतने की अत्यंत आवश्यकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में डायरिया एवं मलेरिया के प्रकरणों की स्थिति सामान्य है तथा नियंत्रण में है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की गई है। मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु मैदानी स्तर व संस्था स्तर पर आवश्यक दवाईयां की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से होती है। मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, मलेरिया के रोकथाम एवं बचाव हेतु अपने घर के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें और पानी को ठहरने न दे, नालियों के निकासी बनाये, टंकी, कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि की प्रति सप्ताह सफाई करें एवं खुले जगह में टायर, टूटे फूटे बर्तनों में पानी जमा न होने दें। पक्षियों के पीने के लिए रखे गये पात्र को पलट कर रखें। घर के आस-पास यदि पानी जमा हो एवं निकासी की सुविधा नहीं है तो मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। मलेरिया से बचाव हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें एवं शाम के समय नीम के पत्तों से घर में धुंआ करें व खिड़की दरवाजे बंद रखें तथा छोटे बच्चों को पूरे अस्तीन का कपड़े पहनाएं। यदि किसी व्यक्ति को ठंड के साथ बुखार आए, एक या दो दिन के अंतराल में बुखार हो, उल्टी, दस्त, सिर दर्द, पेट दर्द एवं हाथ-पैर में दर्द के लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य संस्था या मितानिन से सम्पर्क कर त्वरित मलेरिया जांच करवाएं।

सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई गीदम ने ली शपथ

दंतेवाड़ा/गीदम/नवप्रदेश। शनिवार 27 जुलाई को सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई गीदम के द्वारा नवनिर्मित सर्व आदिवासी भवन गीदम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूत करने, रुढ़ी प्रथा, रीति रिवाज, इत्यादि को बचाने के उद्देश्य को लेकर ब्लाक में सात जोन बनाए गए। ब्लाक इकाई का गठन व सातों जोनों मे गठन पिछले 20 से 26 जुलाई तक गठन का प्रक्रिया चला। शनिवार को विधिवत समाज प्रमुखों के समक्ष नव मनोनीत समाज पदाधिकारियों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के संबंध में विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई है। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता समाज प्रमुख खुड़ीराम नाग, जे.आर.नुरेटी, श्रीमति संगीता नेताम ,श्रीमति शर्मिला कड़ती, सामाजिक सलाहकार सुदरु कड़ती, जितेन्द्र वेट्टी सुदरू नेताम,संरक्षक बैसु मंडावी , पिसे वट्टी , मडडा राम वेक,संगठन प्रमुख -बालसिंह कोरसा, बल्ली राम नेताम जशवीर नेगी, मुख्य प्रवक्ता-भुनेशवर भारद्वाज, सुश्री अन्ती वेक ,सचिव-रामलाल नेताम, मीडिया प्रभारी -जयदेव मड़काम सभी जोन से पहुंचे हुए गणमान्य नागरिक व समस्त समाज प्रमुख उपस्थित रहे। एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान जय जोहार नारों के साथ शपथ ग्रहण समारोह का समापन हुआ है।

स्थानीय समस्याओं को जनता के साथ मिलकर समाधान करेगी शिवसेना

- **संत उइके ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर का किया दौरा**

पखांजूर/नवप्रदेश। अंतागढ़ विधानसभा सूर्खियों में रहता रहा है। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी कई ऐसे मामले आये जो प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ था। आने वाले समय में अब नगर पंचायत चुनाव को लेकर लोगो में बातचीत शुरू हो गई है। वहीं एक ओर जहां भाजपा ने अंतागढ़ विधानसभा को ही नहीं बल्कि कांकेर लोकसभा में जबरदस्त जीत दर्ज की, पर नगर की समस्या वैसी की वैसी ही रही।

दूसरी ओर शिवसेना जैसी पार्टी भगवा गमछा पहने कार्यकर्ताओं के साथ परलकोट में पांव पसारती दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों की परेशानियों के मुद्दों पर सड़क पर उतरती दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं बजरंग दल के कार्यकर्ता युवा नेता से नाराज होकर शिवसेना पर भरोसा कर जमीन से जुड़ काम करती दिखाई दे रही है।

बता दें कि परलकोट क्षेत्र में कई दिनों से भारी वर्षा से जीवन अस्त-व्यस्त हो गई है। इस बीच पखांजूर का अंजली नाला जो सालों से जर्जर है। कई सरकार आई और गई पर अब तक उस पर पुल नहीं बन पाया। इधर पखांजूर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क जो सालों से गड्ढों में तब्दील हो गई है उस सड़क की हालत देखने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ शिवसेना पहुंची।

90 पंचायतों का जनपद जाने वाली सड़क जर्जर

90 से अधिक ग्राम पंचायतों का एकमात्र मुख्य जनपद कार्यालय की सड़क का पानी उफान पर है। खतरे के बीच आना-जाना कर रहे हैं इसकी हालत देखने शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। मामले में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष संत उइके ने बताया शिवसेना स्थानीय लोगों के बीच स्थानीय मुद्दों की हर समस्या का समाधान करने व लोगों के साथ कदम से कदम मिलकर चलेगी। नगर में सबसे बड़ी समस्या अंजलि नाला पर नया पुल निर्माण और महाराष्ट्र को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क को बनाने की है। कालीमंदिर पारा में बने जनपद कार्यालय तक पहुंच मार्ग पर पुल निर्माण के मुद्दे को लेकर आगे सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है। आगे स्थानीय मुद्दे स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली आदि मामले उठाते हुए शिवसेना जनता के साथ रहेगी।

बारिश में भी समाजसेवी संस्था का स्वच्छता अभियान जारी

- **अस्पताल परिसर और शिव मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान**

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग का स्वच्छता अभियान एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। लगातार बारिश के बावजूद समाजसेवी संस्था के स्वच्छता अभियान में बाधा नहीं बन सकी।

समाजसेवी संस्था प्रमुख और उनकी टीम के हौसले इतने बुलंद है कि कितना भी मौसम खराब हो लेकिन हमारा स्वच्छता अभियान जारी रहने की बात कहते हुए शासकीय होम्योपैथी अस्पताल तथा भोलेनाथ मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान रुक रुक हो रही बारिश भी बाधा नहीं बन सकी समाजसेवी संस्था की साफ़-सफ़ाई चलती ही रही और अपने निर्धारित समय पर ही इसका समापन किया गया। इस दौरान समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि अस्पताल तथा मंदिर परिसर को स्वच्छ रखना सर्वाधिक आवश्यक समझकर हम लोग यहां सेवा दे रहे हैं।यहां बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आती रहती हैं।उन्हें गंदगी और कचरे से होकर क्यों आना पड़े इसका ध्यान जन सहयोग के सदस्य रख रहे हैं। गौरतलब है कि विगत एक सप्ताह से जिले में भारी बारिश हो रही है जिसके कारण अनेक छोटे दुकानदारों को लाखों कानुकसान हो चुका है तथा घरों में भी पानी भर जाने के कारण लोग बहुत अधिक तकलीफ़ में हैं। जन सहयोग अध्यक्ष के द्वारा लगातार जितना हो सके।प्रयास किया जा रहा है।और उच्च अधिकारियों से भी संपर्क बनाए हुए हैं।ताकि बाढ़ पीड़ित लोगों को राहत मिल सके।आज के स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा अनुराग उपाध्याय प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव प्रमोद सिंह ठाकुर,करण नेताम मनमीत सिंह पप्पू साहू भूपेंद्र यादव शैलेंद्र देहारी प्रतीक पटेल गजेंद्र सिंह ठाकुर समाजसेवक उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कांट्रेक्टर हरिशंकर मुखर्जी ने बाढ़ पीड़ितों को दी आर्थिक मदद

- **जन्मदिन पर ठेकेदार ने बढ़ाया मदद का हाथ,दिया मानवता का संदेश**
- **40 लोगों को दस- दस हजार रुपए दिए**

किरंदुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल में अतिवृष्टि होने के कारण एनएमडीसी इलेवन सी 11ष्ट माइनिंग का पानी अपनी विकराल रूप लेते हुये अपने तट बंध को तोड़कर किरंदुल को अस्त व्यस्त कर दिया और लोग आज बेघर होकर अपनी जान को बचाने नगर पालिका की मंगल भवन और एनएमडीसी के मंगल भवन में शरण लिए हुए हैं। इस बीच मानवता का परिचय देते हुये समाज सेवक व कांट्रेक्टर हरिशंकर मुखर्जी अपनी जन्मदिन के अवसर पर बाढ़ प्रभावित 40 परिवारों दस- दस हजार रुपए प्रति परिवार को बंगाली कैंप दुर्गा मंडप पहुँचकर वितरण किया और मानवता का परिचय दिया।

इस दौरान सहयोग राशि प्राप्त लोगों ने श्री मुखर्जी को जन्मदिन की बधाई दी और ऐसे विषम परिस्थिति में आर्थिक मदद करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कांट्रेक्टर अतुल सिंह, बिप्लव मल्लिक, संजय सोनी, बिपुल राय वरुण कुमार सोनी, संजू दास आदि लोग मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

केके रेल लाइन पर लैंड स्लाइड...

बच्चों को अपने रिश्तेदारों के घर रुकना पड़ा। रविवार सुबह पानी कम होने के बाद बच्चों को सुरक्षित घर रवाना कर दिया गया है। मौसम विभाग ने 24 घंटे के लिए प्रदेश के 17 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में एक जून 2024 से अब तक प्रदेश में 541.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। आज सुबह तक बीजापुर जिले में सबसे ज्यादा 1304.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 201.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अपील : आजादी के दिन...

सालों से इस अभियान से अमीर-गरीब सब जुड़े हैं। लोग तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट कर रहे हैं। कार, दफ्तर में तिरंगे लगाए जाते हैं। पहले की तरह इस साल भी आप हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर तिरंग के साथ सेल्फी अपलोड करें। आप इस साल भी मुझे अपने सुझाव भेजिए। मैं ज्यादा से ज्यादा सुझावों को 15 अगस्त के संबोधन में कवर करूँगा।

2014 में पहला मन की बात एपिसोड प्रसारित हुआ था

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था। पहले एपिसोड की टाइम लिमिट 14 मिनट थी। जून 2015 में इसे बढ़ाकर 30 मिनट कर दिया गया था। 30 अप्रैल 2023 को मन की बात का 100वां एपिसोड प्रसारित किया गया था। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 23 भाषाओं और 29 बोलियों में होता है। फ्रेंच, पश?तो, चाइनीज समेत इसका ब्रॉडकास्ट 11 विदेशी भाषाओं में भी किया जाता है।

सीएम साय ने विकास...

का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि राज्य ने ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों की भागीदारी को सुनिश्चित किया है, जिससे योजनाओं की सफलता में वृद्धि हुई है और स्थानीय लोगों का शासन में विश्वास भी बढ़ा है।

बीजेपी मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़ की इन योजनाओं की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को छत्तीसगढ़ की रणनीतियों और तकनीकों को अपनाने की सलाह दी गई। अब, अन्य बीजेपी शासित राज्य छत्तीसगढ़ की प्रभावी योजनाओं और शासन की रणनीतियों को अपनाने अपने अपने राज्यों से विशेषज्ञों की टीम जल्द छत्तीसगढ़ भेज सकते हैं।

रणनीति को अपनाने की सलाह

मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने गांव-गांव और घर-घर तक अपनी योजनाओं को विभिन्न माध्यमों के जरिए पहुंचाया, जिसमें प्रचार तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस प्रभावी मॉडल की जानकारी देने पर छत्तीसगढ़ की सराहना की गई और अन्य भाजपा शासित राज्यों को भी इसी रणनीति को अपनाने की सलाह दी गई।

मुख्यमंत्री ने बताया विभागों के कामकाज और योजनाओं को पारदर्शी बनाने के लिए कई कड़े फैसले लिए गए, जिनमें नक्सलवाद से निपटने, भ्रष्टाचार मुक्त विभागीय कामकाज, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग, शराब की खरीदी से लेकर पीएससी के जरिये होने वाली परीक्षा की जांच संबंधी कई फैसले लिए और नीतियों में बदलाव किया गया.

मुख्यमंत्री साय ने कहा सरकार के कामकाज के साथ-साथ महतारी वंदन योजना की जन-जन तक पहुँच ने महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के साथ उन्हें समाज में मजबूती प्रदान की है। इस योजना के जरिये राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। साल में 12 हजार रुपये जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक आधार है। इससे उनकी अपनी छोटी-छोटी जरूरतों का सपना भी पूरा होता है।

मुख्यमंत्री ने माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चल रही नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना की जानकारी दी. उन्होंने बताया इस योजना का उद्देश्य माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और स्थायित्व लाना है. इस योजना के तहत, नए स्थापित कैम्पों के आसपास के 5 गांवों का चयन कर इन गांवों को राज्य के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से इन गांवों में राज्य के आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुये कहा कि योजना के अंतर्गत राज्य के सभी पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही है. योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे नागरिकों को व्यापक लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने फ्लैगशिप कार्यक्रम 'एक पड़ मां के नाम' लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण की जानकारी दी। उन्होंने बताया इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में अभी तक 1 करोड़ 51 लाख पौधरोपण किया जा चुका है।

प्रदेश के चारों ईएसआईसी ...

अधिकारियों को निर्देश दिए गए की जल्द से जल्द सारी कमियां दूर की जाए।इसके अलावा श्रम विभाग के प्रस्ताव पर लारा, खरसिया, में ईएसआईसी के औषधलय की सहमति भी केंद्रीय श्रम मंत्री ने दी।

नक्सली साजिश नाकाम: जवानों ...

निशाना बनाने के लिए आईडी लगाने जा रहा था। इसके बाद नक्सली को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

पुलिस ने जारी की नक्सली की जानकारी

पूछताछ में अपना नाम मड़कम बण्डी पिता मड़कम हुंगा उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी फुलनपाड़ थाना चिंतलनार जिला सुकमा (छग) का होना बताया गया। जिसके कब्जे से थैले में चेकिंग करने पर एक टिफिन बम लगभग दो किग्रा बरामद हुआ।

कहा- केन्द्र और राज्य के साथ मिलकर ...

सरकार की पॉलिसी का पूरा फायदा लोगों को मिले इसमें हम भी प्रयास करेंगे। जो भी राज्यपाल के दायित्व होते हैं मैं उन्हें पूरी ईमानदारी से निभाउंगा।

डेका फहराएंगे 15 अगस्त को तिरंगा

मंगलवार को छत्तीसगढ़ के मौजूदा राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन दिल्ली जा रहे हैं। इसके बाद नए राज्यपाल रामेन डेका छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। 31 जुलाई या 1 अगस्त को नए राज्यपाल 70 साल के डेका छत्तीसगढ़ में शपथ ले सकते हैं। 15 अगस्त को नए राज्यपाल ही राजभवन में तिरंगा फहराएंगे।

अमरकंटक से 150 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे कवर्धा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश के अमरकंटक से मां नर्मदा का जल लेकर पहाड़ी और पथरिली जंगलों के रास्तों से 150 किलोमीटर पदयात्रा कर पहली जत्था शिव-शक्ति बोल बंम समिति कवर्धा पहुंचने पर महाराणा प्रताप शौर्य भवन के सामने कांवड़ियो का आरती उतार कर, पुष्प की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यहां उपस्थित पुलिस के अधिकारी-जवान, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों ने हर्षोल्लास के वातावरण में बोल बंम, बंम बोल के नारे लगाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, श्रीमती मोनिका सिंह परिहार, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू सहित जिले के डी.आर.जी. रक्षित केंद्र, यातायात के अधिकारी जवानों द्वारा उपस्थित होकर कंवड़ियो का आरती उतार कर पुष्प की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। जिला बोल बंम समन्वय समिति के सदस्य श्री सुधीर केशरवानी, श्री दौवा गुप्ता, निशांत झा ने बताया कि भगवान महादेव का प्रिय सावन महीना 22 जुलाई से शुरू हो चुका है।

न्यूज गैलरी

केन्द्रीय मंत्री से मिले भाजपाई

उतई/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस अवसर पर जिला के भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ,जिला महामंत्री सुरेन्द कौशिक,जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू , भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा हरप्रसाद आडिल सागर सोनी ,पूरे ज़िला के टीम ओर कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाडादाह भाजपा मंडल में विस्तारित बैठक संपन्न

खैरागढ़ । जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के नेतृत्व और उपस्थिति में पांडादाह भाजपा मंडल की विस्तारित कार्य समिति का बैठक शुभारंभ राष्ट्रीय गीत से हुआ विस्तारित कार्य समिति का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया। मंडल के मुख्य पदाधिकारी नरोत्तम सिन्हा कमलेश भदोरिया ,गोरेलाल , संतोष कर्ष , तिलेश्वर साहू , बिसेसर दास साहू , खुम्मान देश लहरे ,पुष्पराज ठाकुर, अरुणा राजू सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा देवदास शक्ति केंद्र गातापार जंगल सहसंयोजक मानिक यदू, सूर्यकुमार झा , महेश मंडावी आदि समस्त मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे । जिला भाजपाध्यक्ष साहू ने इस दौरान विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक मे आयोजित प्रस्ताव का पदाधिकारियों की सहमति से अनुमोदन किया । इस दौरान संगठनात्मक कार्यक्रमो की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने भी स दौरान अपने विचार रखे । बैठक कें अंत मे विस्तारित कार्य समिति का अनुमोदन किया गया।

कोदवा में बाबा भोलेनाथ की हुई प्राण प्रतिष्ठा

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम कोदवा में धार्मिक भावना से ओतप्रोत छेदराम वर्मा , भूरी बाई वर्मा, कुश कुमार वर्मा नंदिनी वर्मा सुनील वर्मा सविता वर्मा, दिलहरण रानी वर्मा के द्वारा डिपरा पारा कोदवा में बाबा भोलेनाथ का प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसमें बोल बम समिति के सदस्यों द्वारा मां नर्मदा के उद्गम अमरकंटक से कांवर यात्रा पैदल जल एवं भोलेनाथ को लाया गया तथा विधि विधान पूजा पाठ करके स्थापित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचे थे और बोल बम समिति के सभी कांवड़िए उपस्थित थे,इस दौरान सभी ने सुख शांति और समृद्धि की कामना की।

97 यात्रियों का जत्था अयोध्या रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। दुर्ग अयोध्या स्पेशल ट्रेन से शुक्रवार को भाटापारा रेलवे स्टेशन से 97 यात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ,इस दौरान काफी संख्या में उन्हें बिदाई देने सामाजिक नागरिक गण उपस्थित थे। उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार शुक्रवार को भारत गौरव दुर्ग से अयोध्या जाने वाली स्पेशल ट्रेन दोपहर 12 बजकर 55 मिनट भाटापारा पहुंची।इस ट्रेन में नगर के लगभग 97 श्रद्धालु भक्त गण बनारस,अयोध्या के लिए रवाना हुए,इस दौरान स्टेशन परिसर पर सीएसएम अजय कुमार,आरपीएफ पोस्ट भाटापारा प्रभारी आर एस शुक्ला,जीआर पी प्रभारी राजेश मिश्रा सहित समाज के लोग और नागरिक गण उपस्थित थे।

आरूषि और नियति का प्रयास विद्यालय में चयन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोडरा, संकुल केन्द्र फरसिया, विकास खंड नगरी के छात्रा कुमारी आरूषि कश्यप पिता शांतनु कश्यप एवम कुमारी नियति समुंद पिता टीकेश कुमार समुंद का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। गौरतलब है कि प्रयास आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम 20 दिन पूर्व जारी हुआ था तथा चयन सूची 25जुलाई को गुरुवार को जारी हुआ है। जिसमें दोनों बालिका ने स्थान बनाया है। शासकीय मा शाला बोडरा का छात्रा नायक व उप छात्रा नायक के रूप में प्रतिनिधित्व करते रही हैं।

कुरूद, कचना में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

■ तीन आरोपी गिरफ्तार,आठ लाख का सामान बरामद

धमतरी/नवप्रदेश। साईबर सेल एवं थाना कुरुद की संयुक्त टीम ने कुरूद एवं कचना में हुए चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और लगभग आठ लाख का सामान जप्त किया है। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनके खिलाफ आगे की कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार साहू पिता पंचूराम साहू उम्र 42 साल निवासी अमृत बिहार कालोनी कुरूद 6 अप्रेल की रात्रि 8 बजे अपने पत्नी बच्चो के साथ अपने मकान मे ताला लगाकर अपने गृह ग्राम गोबरा नवापारा (बगदेहीपारा) गया हुआ था। सात अप्रेल को वापस आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर अंदर जाकर देखा तो घर का दरवाजा एवं आलमारी खुला था आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम कुल 800000/- रूपये नही थे। कोई अज्ञात चोर हाथ साफ कर गया था। रिपोर्ट पर थाना कुरूद में अपराध क्र. 301/24 धारा 305 (ड्ड). 331 (3) बीएनएस. कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना, सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यो का गहराई से अवलोकन किया जा रहा था।

26 जुलाई को मुखबीर सूचना के आधार पर संदेहियों सागर निर्मलकर, सूरज साहू, आशीष देवांगन को पकड़कर पूछताछ किया गया। जिसमें इन्होन अमृत विहार कालोनी कुरूद के सुने मकान का ताला तोड़कर सोना-चांदी एवं नगदी रकम को चोरी करने की बात स्वीकार किया। इसके आलावा बस स्टेण्ड कचना के साहू होटल के शटर का ताला तोड़कर दुकान अंदर घुसकर चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया। आरोपियों ने रायपुर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तीनों आरोपी दुर्ग के रहने वाले हैं और इनकी उम्र 21 से 25 वर्ष है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल,बैटरी युक्त इलेक्ट्रानिक कटर मशीन को जप्त कर कब्जा में लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

भालू के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल

■ प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद रेंज के कोडोहरदी के जंगल में जंगली मशरूम निकालने गए युवक पर भालू ने प्राणघातक हमला कर दिया। भालू के हमले से युवक गोलू कमार गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के चेहरे सहित शरीर के कई जगहों पर गहरी चोट के निशान है।

मिली जानकारी के मुताबिक भालू के हमले से घायल युवक गोलू कमार तंवरबाहरा का रहने वाला है, जो कि कोडोहरदी के जंगल में जंगली मशरूम निकालने गया हुआ था। इस दौरान अचानक भालू ने युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। युवक अपने को जैसे-तैसे कर भालू से बचते हुए जंगल से बाहर आया तो वह गरियाबंद-देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी के किनारे बेहोशी हालत में पड़ा हुआ था, जिसे वहां से आने-जाने वाले राहगीरों ने देखा तो युवक के चेहरे और शरीर के कई जगहों पर नाखून से नोंचने के निशान थे, जहां से काफी खून बह रहा था। गरियाबंद निवासी दीपक तिवारी ने बताया कि वह अपने फील्ड में गया हुआ था, इस दौरान सड़क कनारे पड़े युवक के पास दोक्ष्तीन लोगों को खड़े हुए देखकर रुका, तो देखा कि खून से लथपथ युवक जिसके चेहरे और शरीर के अन्य जगहों पर चोंट के निशान है, जो दर्द से तड़प रहा था।

पीएम किसान डॉट एपीके से ठगी

सरसींवा/ (सारंगढ़-बिलाईगढ़) नवप्रदेश। 25 जुलाई 2024 वाट्सअप में पीएम किसान के नाम से ठगी करने वाले लोगों को वाट्सअप में लिंक भेजने लगा है जिससे वह ठगी कर सके। रोज-रोज ठगों ने मोबाइल से ठगने के नये पैतरा अजमाकर समाज के सभी वर्गो, किसानों, महिलाओं, बच्चों सभी को परेशान कर रखा है। ताजा मामला ''पीएम किशान' डॉट एपीके का है। अनजान व्यक्ति द्वारा किसी भी मोबाइल धारक के व्हाटसअप में पीएम किसान (क्क्रू चद्गस्न्ञ्ह.ड्डश्चद्म) को खोलने पर चेतावनी है कि यह एप्लीकेशन फाइल मोबाइल के डाटा के लिए असुरक्षित है। इस फाइल को खोलने या इंस्टाल करने से पूर्व भेजने वाले पर विश्वास होना चाहिए। यह विभिन्न मीडिया ग्रुप में और ठग के द्वारा शेयर किया जा रहा है। एडमिन के द्वारा किसी भी ग्रुप में ऐसे व्यक्ति को चिन्हांकित कर भी हटाया जा सकता है।

भारी बारिश से भखारा तहसील कार्यालय में भरा पानी

भखारा/नवप्रदेश। लगातार हो रही बारिश की वजह से भखारा तहसील कार्यालय परिसर जलमग्न हो गया है। जिसके चलते वहां कार्यरत कर्मियों और फरियादियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा भखारा में लाखों रुपये की लागत से तहसील कार्यालय का निर्माण कराया गया है लेकिन बारिश के मौसम में कार्यालय परिसर के भीतर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए कोई साधन नहीं है। जिसके चलते लगातार हो रही बारिश से तहसील कार्यालय परिसर में पानी भर गया है और आने वाले पक्षकारों को अधिवक्ता चेंबर तक पहुंचने के लिए कीचड़ व पानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन सैकड़ो फरियादी कार्यालय पहुंचते है इन्हे भी परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है की प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी को आने जाने व गाड़ी रखने में कोई असुविधा न हो इसलिए तहसील दफ्तर तरफ को सही ढंग से समतलीकरण किया गया है लेकिन अधिवक्ता चेंबर तरफ को सही ढंग से मिट्टी मुरुम डालकर समतलीकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण अधिवक्ता चेंबर तरफ गहरा हो चुका है और बारिश का पूरा पानी भर जाता हैं। जिसके कारण पक्षकार अधिवक्ता चैंबर तक नहीं पहुंच पाते, वही तहसील दफ्तर पहुंचने वाले आम नागरिकों को भी परेशानी होती है। लोगो ने प्रशासन से परिसर में शीघ्र नाली निर्माण व समतलीकरण की मांग की है।

बरसते पानी में जनसमस्या निवारण शिविर

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गरियाबंद द्वारा आम जनता के समस्याओ के त्वरित निराकरण तथा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओ का लाभ दिलाने नगर में 27 जुलाई से 7 अगस्त तक छह चरणो में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने शिक्षक नगर नवोदय मंच से शिविर का शुभारंभ किया। यहां वार्ड क्रमांक एक, दो, और तीन के वार्डवासियों के लिए शिविर लगाया गया है। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मेमन द्वारा आम जनता की समस्याएं सुनी। वार्ड दो के लोगों की मांग पर तत्काल आंगनबाड़ी मरम्मत के लिए एक लाख की घोषणा की। हीराबाई की मांग पर तत्काल नाली की सफाई के निर्देश दिए। प्राची कुटारे सहित अन्य हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया। शिविर में नपा के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, एसडीएम विशाल महाराणा, खाद्य अधिकारी गुरु, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, पार्षद श्रीमती विमला साहू आदि उपस्थित थे।

श्रावण में 9 वर्षों से सज रहा प्रभु का दरबार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के तरी रोड स्थित बजरंग निवास में राजू बजरंगलाल काबरा परिवार के द्वारा पिछले 9 वर्षो से भोलेनाथ ,राम दरबार, एवम सालासर बालाजी का दरबार सजाया जा रहा है। प्रतिदिन फूलों से श्रृंगार किया जाता है। सामाजिक व धार्मिक संस्था सालासर सुन्दरकाण्ड समिति के धरम, संतोष, धुपेन्द्र साहू एवम आसपास के भक्तगण फूल लेकर आते हैं। सालासर हनुमान चालीसा समिति के सदस्य दरबार को फूलों से सजाते हैं जो कि भगवान शिव जी को प्रिय है। जहां प्रतिदिन शाम 5,45 को पूरे श्रावण माह सुन्दरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, शिवाष्टक, संछित रामायण राम राम का जाप एवम ठीक रात्रि 8 बजे आरती होती है जिसमे नगर एवं अंचल के भक्तगण दर्शन करने पहुंचते हैं। सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि यह आयोजन सबकी मंगल कामना लिए व अच्छी वर्षा के लिए किया जाता है।

खाद्य अधिकारियों ने किया होटलों व दुकानों का निरीक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बीते दिन खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धमतरी शहर, रूद्री एवं नगरी के कुकरेल के खाद्य परिसर सुरेश कुमार प्रभुदास, मराठा हांडी रेस्टोरेंट, गोलू हिन्दू ढाबा, जनार्दन 02 होटल, हेमंत दुग्ध डेयरी रूद्री रोड धमतरी, गुप्ता होटल रूद्री, रिंकू होटल, यादव होटल कुकरेल, रूपेन्द्र किराना कुकरेल, अशोका होटल, प्रियांशु भोजनालय, चन्द्राकर ट्रेडिंग, शुभ लक्ष्मी स्वीट्स, साहू होटल एण्ड स्वीट्स तथा अम्बे प्रोविजन का मुआयना किया गया और टीपीएम मीटर से खाद्य पदार्थों को तलने वाले तेज की गुणवत्ता की जांच की गई। इस मौके पर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस अनुरूप कुल 79 नमूना संकलित किया गया, जिसमें 5 अवमानक एवं 3 मिथ्याछाप पाया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा, नमूना सहायक श्री गिरजा शंकर वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य प्रयोगशाला के जरिए निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किए जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने समझाईश दी गई।

कमार बाहुल्य ग्राम भीरालाट में पहुंची बिजली

गरियाबंद/नवप्रदेश। आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम भीरालाट के ग्रामीणों के बीच पहुंचकर ही महसुस किया जा सकता है, गरियाबंद जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दुर नेशनल हाईवे मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग के किनारे बसे ग्राम पंचायत जोबा के आश्रित ग्राम भीरालाट बिजली की रौशनी पहुचने में 75 वर्ष का समय लग गया। इससे ग्रामीणों के चेहरों में खुशी देखने को मिल रही है। इसके लिए ग्रामीणों ने पीएम और सीएम साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के अलावा जिले के दर्जनों ग्रामों में आज भी बिजली नहीं पहुची है। मैनपुर के छिंदौला, लूठापारा में तीन माह पूर्व ही बिजली की रौशनी पहुची है। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल की सक्रियता लगातार दिशा निर्देश के बाद बिजली विभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी के विशेष प्रयास से पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम भीरालाट में रोशन हुआ है। कमार जनजाति के ग्रामीण बिसाइहीन बाई, गुमान सिंह, सुंदरी बाई, रामनाथ, रमशिला, तुलसीराम, रोहित नेताम ने बताया कि गांव में बिजली की पहुच जाने से ग्रामीण भारी खुश हैं।

क्या कहते हैं बिजली विभाग के अधिकारी

बिजली विभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता अतुल तिवारी ने बताया पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछडी जनजाति ग्रामों में लगातार बिजली लगाने का कार्य किया जा रहा है, गरियाबंद जिले के ग्राम पचायत जोबा अंतर्गत भीरालाट में भी बिजली की कनेक्शन लगाया जा चुका है और गांव में घर घर मीटर लगाकर बिजली सुचारू रूप से पहुचाया जा रहा है।

पूर्व विधायक के स्वीकृत कार्य हो रहे पूर्ण

धमतरी/नवप्रदेश। पूर्व विधायक रंजना साहू अपनी असाधारण सक्रियता के नाम से जानी जाती हैं,अपने विधायकी कार्यकाल में उन्होंने काफी संघर्ष और मेहनत कर तत्कालीन सरकार से धमतरी के लिए अनेक विकास कार्य लाए जो अब आकर ले रहे हैं,क्षेत्र में अनेक बड़े पुल और सड़कों का कार्य अब पुरा होने को है,बीते दिनों पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने उक्त विकास कार्यों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करवाने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया,विदित हो की श्रीमती साहू ने करोडों रुपये की लागत से डाही से डांडेसरा के मध्य वृहद पुलनिर्माण,खम्हरिया से अंगारा के मध्य वृहद पुलनिर्माण,देमार से परेवाडीह वृहद पुल निर्माण,पीपरछेड़ी से तरसींवा पुल निर्माण,भंवरमरा से भरारी बारह करोड़ की लागत से वृहद पुल निर्माण,मड़वापथरा से बरपानी छह करोड़ की लागत से वृहद पुल निर्माण इन सभी कार्यों को अपने प्रयासों से स्वीकृति दिलाई थी,जिनके कार्य अभी प्रगति पर हैं और कुछ कार्य प्रारंभ होने वाले हैं,प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती साहू ने कहा धमतरी के विकास के लिए हम संकल्पित हैं,धमतरी का चहुंमुखी विकास कराना हमारी प्राथमिकता थी है और रहेगी।

धार्मिक यात्रा | कुलेश्वरनाथ के दर्शन पूजन कर महानदी से जल लेकर निकले युवक

नवापारा से 70 कांवरियों का जत्था सिरपुर रवाना

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के स्थानीय वार्ड क्र -3 व 4 से 70 कांवर यात्रियों का जत्था शनिवार को कांवर यात्रा के लिए विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर के लिए रवाना हुए. उक्त कांवर यात्रा हमर महादेव सेवा समिति व जय भोले काँवरिया समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष आयोजित होता हैं. यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व सभी यात्री नवापारा नेहरू घाट स्थित महानदी तट से महानदी का जल लेकर बाबा कुलेश्वरनाथ महादेव सहित अन्य देवी देवताओ का पूजन कर अपने यात्रा के लिए रवाना हुए. यात्रा में शामिल कांवरियों ने बताया कि उनकी समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष यह कांवर यात्रा श्रावन मास के दौरान किया जाता हैं. जिसमे उनके वार्ड सहित नगर के युवा साथी इसमें शामिल होते हैं और कांवर यात्रा कर बाबा भोलेनाथ को मनाने का प्रयास करते हैं. उनकी समिति लगभग 15 -20 वर्ष से इस तरह का कांवर यात्रा कर रही हैं. उन्होंने सिरपुर यात्रा को लेकर कहाकि बाबा भोलेनाथ को प्रिय कांवर यात्रा में हम सभी ने एतेहासिक व पौराणिक नगरी सिरपुर को चुना हैं, यात्रा के प्रथम दिन हम सभी तुमगांव में रात्रि विश्राम करेंगे और दूसरे दिन अलसूबह सिरपुर धाम के लिए रवाना होंगे. कांवर यात्रा में अनेको कांवर यात्री भारी भरकम पात्र में जल लेकर बाबा भोलेनाथ को अर्पण करने ले जाते दिखे. उक्त कांवर यात्रा के दल में विक्की सोनी,बबलू यादव,भारत साहू,पप्पू साहू,पप्पू निषाद,विकाश तिवारी,कमल साहू,हित्तू साहू, बाऊ निषाद,भागू निषाद,गिरधर गोपाल देवांगन, गोलू निर्मलकर, पवन निषाद

शुभम निषाद,, कुलेश्वर सिन्हा, मनीष सोनकर, प्रमोद देवांगन, पवन देवांगन, नीलम देवांगन, तरुण देवांगन, सचिन साहू, त्रिदेव वर्मा, लक्की साहू, संतोष साहू, मनीष साहू, कान्हा शर्मा, मनीष पॉल,लल्ला साहू, यश निषाद, रूपचंद साहू, भूपेंद्र साहू, दुर्गेश, रवि निषाद, साहिल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, लोमश यादव, राहुल साहू, तारेश्वर कंसारी, कुम्मू सिन्हा, गोपाल सिन्हा, संतोष सोनी, भूषण साहू, योगेश साहू, जीवन साहू, शुभम यादव, गोलू, सोनू साहू, धन्नू साहू, छन्नू साहू, सूरज देवांगन, राहुल सेन, एन.पी. जिन्सन सहित बड़ी संख्या में अन्य कँवरिया शामिल हैं।

मत्स्याखेट प्रतिबंध के बाद भी बाजार में खुलेआम बिक रही मछली

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंध होने के बावजूद जिले के हाट बाजारों में खुलेआम प्रतिदिन कई क्विंटल मछली बिक रहा है। यहां पर शासन प्रशासन के आदेश का धज्जियां उड़ाते देखा जा सकता है लेकिन जिला मुख्यालय पर बैठे मछलीपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मुकदर्शक बनें हुऐ हैं।

सुत्रो से जानकारी मिला की जिलें के विभिन्न बांधों से मत्स्याखेट किया जा रहा है और बाजारों में मत्स्याखेट किए मछली को बेचा जा रहा है। वहीं मत्स्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी कभी भी बाजारों का निरीक्षण नहीं करते मात्र मुकदर्शक बनें हुऐ हैं। कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग को बकायदा आदेश जारी किया है कि 15 जून से 15 अगस्त तक जिले में मत्स्याखेट प्रतिबंध रहेगा यदि कोई बांधों से मत्स्याखेट करते पाया गया या बाजारों में बांधों से मत्स्याखेट कर मछली बिक्री करते हैं तो कार्रवाई किया जाए। लेकिन मछलीपालन विभाग कलेक्टर के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है इसी के चलते जिला में खुलेआम प्रतिदिन हाट बाजारों में बड़ी बड़ी मछलियों का बिक्री हो रहा है।

मात्र बड़ी बड़ी बाते करते हैं मत्स्य विभाग के अधिकारी धरातल में कुछ और

मछलीपालन विभाग द्वारा 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित कर मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश का जिले में पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मत्स्याखेट पर लागू प्रतिबंध अवधि की निगरानी की जा रही है।

न्यूज गैलरी

कृषि विभाग की समन्वय बैठक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि पी एस दीवान के मार्गदर्शन में लुण्ड्रा जनपद पंचायत सभाकक्ष में जिला निरीक्षण दल के नोडल अधिकारी व अनुविभागीय अधिकारी कृषि और उर्वरक निरीक्षक के द्वारा बैठक आयोजित की गई। दल द्वारा जिले में सतत निरीक्षण किया जा रहा है। जिले में खरीफ सीजन में किसानों के द्वारा लगातार खाद बीज और कीटनाशक के अधिक मूल्य की शिकायत के समाधान के लिए जिले के समस्त कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक बीज और कीटनाशी उपलब्ध हो, इसके संबंध में विभागीय नियम कायदे कानून की समस्त जानकारी कृषि सेवा केंद्र संचालनकर्ताओं को दी। बैठक में सभी दुकानदारों को विक्रय मूल्य सूची, लाइसेंस को सही जगह पर अनिवार्यतः लगाना, सभी दुकानदारों को स्कंध पंजी का संधारण व निर्धारित मूल्य पर सामग्री का वितरण और निर्धारित प्रपत्र में बिल देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय जांच दल के नोडल अधिकारी ओंकार सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी कृषि एम्ब्रोस टोप्पो सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सोलर मोटर पंप चोरी आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। ग्राम केरता निवासी बहाल बेक ने चौकी खडगवा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके खेत में लगा 3 एचपी का सोलर मोटर पम्प को दिनांक 18.07.24 को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 217/24 धारा 303(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। डीआईजी एवं एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने चोरी सहित अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस ने संदेही रामलीला पिता आलमसाय उम्र 35 वर्ष निवासी केरता को पकड़ा। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर चोरी का सोलर पम्प कीमत 25500 रूपये को बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई सुनील भारती, प्रधान आरक्षक विनय व आरक्षक मनोज व विकास सक्रिय रहे।

आरा मिल मालिक को नोटिस

सूरजपुर/नवप्रदेश। रामगोपाल जायसवाल का भैयाथान रोड सूरजपुर में स्थित आरा मील का जांच वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल सूरजपुर के निर्देशानुसार किया गया। वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के निर्देशन पर उपवनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के द्वारा जाँच दल गठित किया गया, जिसमे वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर एवं उनके अधिनस्थ स्टॉफ तथा उड़नदस्ता दल वनमण्डल सूरजपुर प्रभारी एवं उनके स्टाफ उपस्थित रहे। उपवनमण्डलाधिकारी सूरजपुर की उपस्थिति में रामगोपाल जायसवाल के द्वारा संचालित आरामिल का जांच गठित टीम के द्वारा किया गया। जांच के दौरान आरा मील के मालिक के द्वारा आरा मील परिसर में भण्डारित वनोपज (काष्ट) का मौके पर जांच दल के समक्ष वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही वर्ष 2021 के बाद का आरा मील संचालन का लाईसेंस दिखाया गया। जिसके कारण आज आरा मील मालिक को नोटिस देते हुए आरा मील को अस्थायी रूप से सील किया गया है एवं आरा मिल मालिक को 07 दिवस के अन्दर उपवनमण्डल कार्यालय सूरजपुर में वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर जांच कराने हेतु समय दिया गया।

अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत कार्यवाही जारी है । इसी क्रम में 27 जुलाई के सुबह थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस अवैध शराब पर दो बड़ी कार्यवाही की गई है । पुलिस ने ग्राम गेरवानी में शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी सूरज महिष पिता रमय्या महिष उम्र 30 वर्ष निवासी गांधीनगर रायगढ़ को पकड़ा जिसके कब्जे से से 60 लीटर महुआ शराब तथा ग्राम गेरवानी में एक अन्य कार्यवाही में आरोपी जितेन्द्र चौहान पिता झाडूराम चौहान उम्र 29 वर्ष निवासी केडार हामु गेरवानी को पकड़ा गा जिसके कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है । टीआई राकेश मिश्रा को सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हैं जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मुखबीर व स्टाफ लगा रखे थे । दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 105 लीटर अवैध महुआ शराब की जप्ती की गई है । आरोपियों पर थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 178/2024 एवं 179/2024 धारा 34(2), 59 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है । शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, आरक्षक बालचंद्र राव , विक्रम कुजूर और नरेंद्र शामिल थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस

सुरजपुर/नवप्रदेश। आंगनबाडी केन्द्र कसकेला (अ) के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा श्रीवास्तव के अनुपस्थित पाये जाने पर परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना भैयाथान द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर पर्यवेक्षक मंजू मधुकर के द्वारा उक्त आँगनबाड़ी केन्द्र का कई बार निरीक्षण किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीवास्तव अनुपस्थित पाई गईं।

माताएं बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र भेजें और खुद भी आएं:सावित्री

केंद्रीय राज्यमंत्री ने आंबा केंद्रों, और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में हुई शामिल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सावित्री ठाकुर रविवार को सरगुजा जिला प्रवास पर रहीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उपस्थित रहीं। जिला प्रवास के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर आंगनबाड़ी केंद्रों, सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, सहित मन की बात के श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुई। निरीक्षण की कड़ी में सबसे पहले सखी वन स्टॉप सेंटर दर्रीपारा का निरीक्षण किया।

उन्होंने यहां महिलाओं हेतु आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संरक्षण अधिकारी से खोई महिलाओं का उनके परिवार से मिलने और परामर्श के जरिए परिवारों को जोड़ने की जानकारी ली। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अब तक 315 परिवारों को परामर्श देकर टूटने से बचाया गया है। इसके बाद श्रीमती ठाकुर ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुपोषण चौपाल लगाकर महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं से मुलाकात करते हुए उन्हें पोषण के प्रति सजग रहने सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा नगर, नवापारा और बंगालीपारा का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं की तिलक लगाकर विधिवत नारियल,चना, गुड़, फल, सब्जी, श्रृंगार सामग्री भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए गोदभराई रस्म अदा की। इस दौरान उन्होंने बड़े दुलार के साथ बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन किया। इस दौरान नवापारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आजीविका गतिविधियों का संचालन करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात की और आय के संबंध में चर्चा की। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ अवश्य लगाने प्रेरित करते हुए सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेने कहा। कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भी इस अवसर पर वृक्षारोपण का एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लिया। आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा में उन्होंने उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित माताओं से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। स्वयं भी केंद्र आएं और देखें कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले, केंद्र में स्वच्छता का बनी रहे। बच्चों के बेहतर विकास के लिए, ये सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। अपनी सक्रिय सहभागिता से शासन और प्रशासन को सहयोग करें। इसके बाद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, कलेक्टर विलास भोसकर, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं जिले स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई नहीं, पुलिस पर सवाल

सूरजपुर/ प्रतापपुर/ रमकोला। रमकोला पुलिस की निष्क्रियता की वजह से अब तक नहीं हुई आरोपियों पर कार्यवाही, पुलिस के कार्य प्रणाली से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि थाना प्रभारी आरोपियों को बचाने में लगे हुए हैं शिकायत करने के बाद भी अब तक क्यों नहीं हुई कार्रवाई। मिली जानकारी अनुसार बीते दिनों 21 जुलाई को रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम घुई में बकरे के मटन को लेकर दो युवकों के बीच खूनी विवाद हो गया था जिसके बाद एक युवक ने दूसरे युवक के ऊपर टांगी से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था,

परिजन जब गंभीर रूप से घायल युवक भरत यादव को लेकर रमकोला थाने में रिपोर्ट करने पहुंचे तो थाना प्रभारी के द्वारा कहा गया कि पहले घायल का इलाज करवाओ बाद में रिपोर्ट लिखेंगे बोल कर थाने से चलता कर दिया जिसके बाद घायल के परिजन युवक को इलाज के लिए रमकोला से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में लाकर भर्ती किए फिर मामले की शिकायत दर्ज कराने प्रतापपुर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने परिजनों से घटना का संपूर्ण विवरण लेते हुए जीरो एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए मामला रमकोला पुलिस को सौंप दिया। पर घटना का संपूर्ण विवरण प्राप्त कर लेने के छह दिन बाद भी रमकोला पुलिस ने हमला करने वाले ग्रामीण युवक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की, बारिश न होने से परेशान ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रीय परंपरा के अनुसार गांव में बारिश के जल्द आगमन के लिए 21 जुलाई को ग्राम घुई में मेंढक मेंढकी के विवाह का आयोजन किया था, विवाह ऊपरांत शाम को जब सभी लोग अपने अपने घर जाने लगे तो गांव का ही गोपाल बकरे के मटन को घर ले जाने के लिए टिफिन में पैक करने लगा जिस पर भरत यादव पिता हुलास राम व अन्य ग्रामीणों ने उससे कहा कि मटन तो भरपेट खा चुके हो तो अब अतिरिक्त मटन को घर क्यों ले जा रहे हो यह सुनकर गोपाल यादव भड़क उठा और लोगों को गाली गलौज करने लगा जिस पर भरत यादव ने उसे ऐसा करने से मना किया तो उसने भरत यादव के ऊपर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया।

आवारा पशु पहुंचा रहे फसलों को नुकसान

फसलों के नष्ट होने से किसानों को नहीं सूझ रहा कोई उपाय जिम्मेदार अपने कर्तव्यों से विमुख

सुरजपुर/नवप्रदेश। जिले के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा और आवारा घूम रहे मवेशियों से काफी लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हुवे परेशान लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं जो कि किसानों के खेती को नष्ट कर रहे है जो की किसानों के लिए एक बड़ी गंभीर समस्या है इन दिनों इस गंभीर समस्या से जिम्मेदार भी मौन धारण किए हुवे है।

ये छुट्टा घुमंतू मवेशी किसी एक गांव की समस्या नही है बल्कि पूरे जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक गंभीर समस्या है। जिम्मेदार आवारा पशुओं की स्थिति से वाकिफ होने के बावजूद भी मौन साधे हुए हैं आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने में जिम्मेदार भी असहाय साबित हो रहे है। तथा पूरी तरह बेबस नजर आ रहे है। जिले के सड़कों पर तो ये आवारा मवेशी पूरे सड़क को घेर कर बैठे हुए रहते है जो की गंभीर हादसों का प्रमुख कारण माना जा रहा है। जिले सहित जिले के ग्रामीण अंचल जैसे दतिमा के आस पास राई, कुमदा झूमरपारा बतरा कमलापुर सलका अधिना इत्यादि अनेक ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा बैठक की गई है एवं जिला कलेक्टर से मुलाकात कर इस गंभीर मामले को लेकर अपना पक्ष रखने के लिए विचार की गई है,, ग्रामीण अंचल के किसान बस इस तरह इन छुट्टा जानवरों से छुटकारा पाना चाहते है,, पिछली सरकार में बने ग्राम पंचायतों में गौठान तो ज्यादातर जगहों पर या तो ताला लगे हुए हैं या तो पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। गौशालाओं में न तो इन आवारा घूम रहे मवेशियों के लिए न तो कोई इंतजाम हैं और न ही पशु रखने की कोई व्यस्था और अगर कही कही पे है भी तो वहां भी पशुओं की असमय देख भाल के आभाव में मौत हो रही है जो की ये भी एक बड़ी गंभीर समस्या है।

बरसात में गड्ढ़ों की कांक्रीटिंग !

सुरजपुर प्रतापपुर/नवप्रदेश। आखिर कितने दिनों तक चलेगा सीमेंट मसाला से बड़े बड़े गड्ढे से भरा हुआ सड़क, रोजाना हजारों की संख्या में चलती है बड़ी-बड़ी गाड़ियों आवागमन का मुख्य मार्ग इसी सड़क से होता है फिर हो जायेगा जस का तस गड्ढानुमा सड़क,,बरसात के दिनों में सड़क के पुल के ऊपर तथा सड़कों पर बने हुए गड्ढों को पाटने के लिए प्रमुख अखबारों में लगातार खबर प्रशासन के बाद जहां पीडब्ल्यूडी विभाग सूरजपुर की नींद खुली तो सड़क पर पुल के ऊपर गड्ढे होने के कारण लगातार दुर्घटनाओं में इजाफा सहित जल के भराव से यातायात आम जनों का आना जाना मुश्किल हो गया था।

वही आनन फानन में पीडब्ल्यूडी विभाग इन गड्ढों को भरने के लिए पुल के ऊपर ऊपर रिपेयरिंग करते हुए गिट्टी और डामरीकरण ना करते हुए गहरे गड्ढों को भरने के लिए कंक्रीट और सीमेंट का उपयोग कर इन गड्ढों को भरा जा रहा है मगर सवाल यह उठता है जिले के ब्लॉक मुख्यालय प्रतापपुर में रोजाना इस मुख्य मार्ग प्रतापपुर बाकी पुल, सरहरी, घरहरी नाला,अंबिकापुर बनारस मार्ग,पर रिपेयरिंग करने वाली यह कंक्रीट सीमेंट की सड़को पर हजारों भारी वाहनों का रोजाना लगातार आवागमान बना रहता है बावजूद इसके आखिर ढलाई वाली यह पेच सड़क रिपेयरिंग कितना कारगर होगा लाखों रुपए खर्च कर जहां प्ल्यूडीपी विभाग बरसात के दिनों में रिपेयरिंग के नाम से ठेकेदार के माध्यम से शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार का भेट चढ रहा है वही इस तरह के कार्य से शासन का पैसा का दुरुपयोग हो रहा है। जो कि कुछ दिनों बाद यह मुख्य मार्ग फिर से बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो जाएगा। और फिर से शासन का पैसे का दुरुपयोग करते हुए ठेकेदार और अधिकारी का कमाई का अड्डा का जरिया बन जाएगा जो कुछ दिनों में फिर सड़क बदहाल हो जाएगी ऐसा नहीं है कि यह सड़क सिर्फ बरसात के दिनों में ही गड्ढे में तब्दील हुई है बल्कि लगातार खबर प्रकाशन के बाद पीडब्ल्यूडी कुंभकरण जैसी नींद से जागी है।

रामानुजनगर में शिक्षा सप्ताह के छठे दिन मिशन लाइफ गतिविधि

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक शशिकांत सिंह एवं उपसंचालक जिला शिक्षा रविंद्र सिंह देव के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज के नेतृत्व में रामानुजनगर के 308 प्राथमिक 92 मिडिल स्कूल, 24 हाई/ हायर सेकेंडरी स्कूल, एक पीएम स्कूलऔर 02 सेजस विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन एबीईओ, बीआरसीसी, बीपीओ 35 संकुल समन्यवयक/संकुल प्राचार्य के निगरानी में सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है।

छठवें दिवस में मिशन लाइफ, इको क्लब के थीम का सभी शालाओं में विभिन्न गतिविधियां कराई गई। हाई/ हायर सेकेंडरी विद्यालयों में इको एवं युवा कैबिनेट के छात्र तथा प्राथमिक स्कूलों में बाल कैबिनेट के छात्रों के लीडरशिप में छात्रों ने औषधि युक्त पौधों, लता वाली सब्जियों का पोषण वाटिकाओं में रोपण किया।

शाला परिसर की स्वच्छता उसका दायित्व तथा समय-समय पर निगरानी के लिए कार्य योजना बनाया गया। स्वयं के कपड़े, नाखून, बाल की सफाई,मिट्टी की उर्वरा एवम जल संवर्धन के संबंध में विविध कार्यक्रम हुए। स्थानीय क्षेत्र में ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों को भी बताया गया। एक पेड़ मां के नाम के अनुरूप विद्यालयों में ट्री गार्ड के साथ वृक्षारोपण किया गया तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। वृक्षों की महत्ता और उपयोगिता पर स्कूलों में गतिविधि आयोजित हुआ। पर्यावरण का संतुलन एवं हमारे जीवन से वृक्षों के महत्व को समझाया गया। संकुल केंद्र पतरापाली के माध्यमिक शाला दवना में बाल कैबिनेट के सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ।

अभियान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जशपुर जिला प्रभारी के नेतृत्व में फलदार पौधों का रोपण

जिला प्रभारी के नेतृत्व में फलदार पौधे रोपे

सुरजपुर/नवप्रदेश। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन के द्वारा स्वच्छ पर्यवारण के दृष्टिगत राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा संगठन के दिशानिर्देशन में एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इक़बाल खान के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास बगिया जशपुर में मुख्यमंत्री निज-सहायक आकाश गुप्ता के साथ दो फलदार पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया, वहीं कुनकुरी रेस्ट हाऊस, ईदगाह कम्पाउंड, तथा देवकी उद्द्यान हनुमान टेकरी सहित अन्य स्थानों पर पच्चीस फलदार पौधा रोपण कार्यक्रम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा किया गया।

वहीं भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पूर्णतिथि पर जशपुर जिला के कुनकुरी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल व ब्रेड वितरण किया गया, एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये गए स्वच्छ पर्यावरण अभियान के परिपालन में एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के निवास बगिया जशपुर में दो फ़लदार पौधा एवं रेस्ट हाऊस, मुस्लिम ईदगाह कम्पाउंड, तथा देवकी उद्द्यान हनुमान टेकरी कुनकुरी सहित जशपुर जिले के अन्य स्थानों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर ज़िला प्रभारी मो0 इसराईल व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इक़बाल खान के मुख्यातिथि एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जशपुर जिलाध्यक्ष असलम आज़ाद की अध्यक्षता में सम्पूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जशपुर ज़िला प्रभारी मो0 इसराईल ने हमारे देश के प्रेणाश्रोत भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय गणतंत्र के 11 वें निर्वाचित राष्ट्रपति थे, वे मिसाइल मेन और जनता के राष्ट्रपति के नाम से जाने जाते थे। उनकी मृत्यु 27 जुलाई 2015 में हुई थी, उन्होंने देश की जनता के लिए अपनी सम्पूर्ण जीवन को निछावर कर दिया, ऐसे प्रेणाश्रोत पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी* की पूर्णतिथि पर पूरे भारत देश के लोग अलग अलग कार्यक्रम का आयोजन कर याद कर रहे हैं। हम सबको पूर्व राष्ट्रपति जी की जीवनी का अध्ययन कर एक सिख के रूप में मनन करना चाहिए। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊंची सोच को जिम्मेदारी के साथ हर वर्ग को एक पौधा माँ के नाम लगाकर अपनी कर्तब्यों को भलीभांति रूप से निभानी चाहिए,,जंगलों में पेड़ पौधों की संख्या कम होने पर जंगली जानवरों का भी रिहायशी इलाकों में विचरण हो रहा है, जिससे लोगों को जनहानि की सामना करना पड़ता हैं, वहीं स्वच्छ वातावरण के नही होने से लोगों को अनेकों बीमारियों का शिकार होना पड़ता है। इसकी चिंता हमलोगों को भी जिम्मेदारी के साथ करते हुए,, देश के प्रधानमंत्री जी की सपनों को साकार करना होगा। एक पौधा माँ के नाम एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पूर्णतिथि कार्यक्रम को सफल बनाने में जशपुर जिला के असलम आज़ाद, मो0 रफीक हुसैन अधिवक्ता, जुनैद अहमद, राजा आलम, अविनाश खलखो, दीपक भास्कर, सुलभ टोप्पो, समीरुल हक़, मुसर्रत हुसैन सहित अन्य अल्पसंख्यक कार्यकर्ता गण मुख्यरूप से उपस्थित थे

साइकिल स्टोर से सुलेसन जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। नाबालिगों द्वारा साइकिल, मोटरसाइकिल पंचर बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले सुलेशन का नशे के रूप में उपयोग करने की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला को निर्देशित किये कि शहर में घुमंतु किस्म के बालकों पर निगाह रखकर उन्हें नशे से दूर रखने उपर्युक्त उपाय किये जाए। उनके जीवन संवारने के साथ नशे के रूप में ऐसी सामग्रियों का विक्रय करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए निर्देशों के पालन में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के सभी थाना प्रभारी को घुमंतू बालकों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में ऐसे 06 घुमंतू किस्म के बालकों को थाने के महिला हेल्प डेस्क में लाया गया । सभी बालक पूरी तरह नशे के आदि प्रतीत हो रहे थे जिनके अभिभावक/परिजन भी उनके नशाखोरी से परेशान थे । बालकों और उनके परिजनों से पूछताछ करने पर वे बताएं कि रायगढ़ के हनुमान साइकिल स्टोर से सुलेशन आसानी से खरीद लेते हैं ।

न्यूज गैलरी

अग्नि वीर थलसेना चयनित प्रतिभागियों का शारीरिक प्रशिक्षण 1 अगस्त से

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के पहल पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा अग्नि वीर भारती थल सेना परीक्षा के लिखित चयनित प्रतिभागियों के लिए 45 दिनों का शारीरिक प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। वित्त मंत्री चौधरी के निर्देशन पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए उर्दना पुलिस लाइन, रायगढ़ का स्थल प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया है। जो भी प्रतिभागी रायगढ़ जिले के अंतर्गत निवासरत हैं और जिन्होंने अग्नि वीर भर्ती परीक्षा 2024 लिखित परीक्षा में शामिल होकर शारीरिक परीक्षा के लिये चयनित हुए हैं वे सभी प्रतिभागी इस शारीरिक योग्यता प्रशिक्षण कैम्प में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण कैम्प पूर्णतः निःशुल्क होगा। संबंधित प्रतिभागी जिन्होंने भी लिखित परीक्षा को पास किया है, वे सभी जिला पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक अमित सिंह के मोबाइल नंबर 9479267072 एवं प्रभारी भुवनेश्वर पटेल के मोबाइल नंबर 7000081311 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित पात्र प्रतिभागी अपने समस्त डॉक्यूमेंट की छाया प्रति यथा कक्षा 10 वीं, 12 वी अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट फोटो अग्निवीर भर्ती परीक्षा की अंकसूची के साथ के साथ पूर्व पंजीयन 30 जुलाई 2024 तक रक्षित निरीक्षक कार्यालय, उर्दना रायगढ़ में जमा करवा सकते हैं। प्रथम चरण का 30 दिनों का शारीरिक प्रशिक्षण 01 अगस्त 2024 से प्रारंभ होगी।

कृषि उपज मंडी प्रांगण में 8 जुआरी से 24 हजार जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी प्रांगण में 8 जुआरी से 23390 रूपये, 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक की बोरी जब्ती की गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने जुआरी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिरोधक अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई। कृषि उपज मण्डी व्यावसायिक केंद्र के साथ-साथ असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। नगर का कृषि उपज मण्डी दिन में तो व्यावसायिक केंद्र बना रहता है, रात होते ही असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। कृषि उपज मण्डी प्रांगण में शराब खोरी, जुआ से लेकर शासकीय कार्यालयों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को असामाजिक तत्व अंजाम देते रहते है। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कृषि उपज मण्डी प्रांगण में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। पुलिस ने मौके पर 52 पत्ती तास से रूपये पैसो का दांव लगाकर कृषि उपज मंडी मे लगे स्ट्रीट लाईट के नीचे हारजीत का काटपत्ती नामक जुआ खेलते 8 जुआड़ी पकड़े गये। उनके कब्जे फड़ एवं पास से नगदी 23390 रूपये, 52 पत्ती तास, एक प्लास्टिक की बोरी फड्ड़ी मिला। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिरोधक अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) सदर का पाये जाने से मौके पर आरोपियों को 24 जुलाई के 11.30 बजे गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने से एवं आरोपियों द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

फसलों का 31 जुलाई तक बीमा

मुंगेली/नवप्रदेश। उद्यानिकी फसल अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक आदि के उत्पादन से जुड़े किसान अपने फसलों का 31 जुलाई तक बीमा करा सकते हैं। साग-सब्जी एवं फलों की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इच्छुक ऋणी-अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। इस हेतु बीमा कम्पनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि विशाल गुलाटी मोबाईल नम्बर 7224991180 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि ताराचंद मोबाईल नम्बर 9617739731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, अमरूद के लिए 02 हजार 250 रूपए, केला के लिए 08 हजार 250 रूपए, पपीता के लिए 06 हजार 250 रूपए, मिर्च के लिए 04 हजार 500 रूपए और अदरक के लिए 07 हजार 500 रूपए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल होना नहीं चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र अनुसार बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

निधन
जितेन्द्र सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनार पारा के प्रतिष्ठित सराफा व्यवसायी लालाराम सोनी के बड़े सुपुत्र जितेन्द्र सोनी का आज 27 जुलाई को प्रातः 6 बजे स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान सोनारपारा से निकलकर खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुई।

कमरभर पानी में कंधों पर बच्चों को स्कूल पहुंचा रहे हैं पालक

कई बार आश्वासन के बाद भी नहीं बना नाले में पुल

इस नाले में तेज बहाव में हो चुकी है एक व्यक्ति की मौत

हथगढ़ी नाला ग्राम लरकेनी से दुआरी टोला होते हुए सोन नदी में जाकर मिलता है। इसमें पानी के तेज बहाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दो वर्ष पहले हुए तेज बारिश के बाद जब ग्राम लरकेनी में दुआरी नाला में बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा था तो एक व्यक्ति पुल को पार करने के दौरान तेज बहाव में नाले में बह गया था और उसकी मौत हो गई थी।

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। क्षेत्र में पिछले 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण नदी नालों में पानी का बहाव तेज हो गया है। इस बीच दुआरी टोला के बच्चे पढ़ने के लिए उफनते नाला को पार कर स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। वहीं नाला में ज्यादा पानी होने पर बच्चों को कंधे में बिठाकर उनके पालक नाला पार कराया करते हैं। मरवाही ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम पंचायत मड़वाही में डोंगरी में बसा हुआ एक मोहल्ला दुआरी टोला है। दुआरी टोला और मड़वाही के बीच में हथगढ़ी नाला पड़ता है। इस नाला में 12 महीने पानी का बहाव रहता है। यह नाला आगे जाकर ग्राम कुम्हारी में सोननदी में मिलता है। चूंकि यह पहाड़ी नाला है इसलिए इसमें बहाव तेज रहता है और बरसात के दिनों में नाले में जल स्तर बहुत बढ़ जाता है। इस कारण जब यह नाला उफान पर होता है तो इसको पार करना जान को जोखिम में डालने के बराबर होता है।

लेकिन स्कूली बच्चों की मजबूरी है कि, यदि इस नाले को पर नहीं करेंगे तो वह ग्राम मड़वाही स्थित स्कूल में पढ़ने नहीं पहुंच पाएंगे। दुआरी टोला से ग्राम मड़वाही में प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल में लगभग 15 बच्चे पढ़ने जाते हैं। हथकड़ी नाला में दुआरी टोला में पुल बनाने की मांग काफी समय से चल रही है, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। इससे पहले मरवाही विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन कांग्रेस विधायक डॉ. केके ध्रुव ने भी पुल बनवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन उनके आश्वासन कोरा साबित हुआ। वहीं अब वर्तमान विधायक प्रणव मरपच्ची भी ग्रामीणों की मांग पर पुल बनवाने के लिए आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन वह पुल कब तक बनेगा, यह भविष्य के गर्त में है। ग्राम पंचायत मड़वाही की आदिवासी महिला सरपंच धनमतिया करसाल और पंच अनिल साहू ने बताया कि ग्राम वासियों के हित में उनके द्वारा पुल बनाने की मांग कई बार की गई है, लेकिन उनकी मांग पर अब तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि इस नाले में पुल बनने से मड़वाही से दुआरी टोला होकर ग्राम रटगा के लिए भी वह मार्ग जाता है, इसलिए इस नाले में बनने वाला पुल बहु उपयोगी होगा।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तलाश शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। लगभग चार महीने के बाद होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने मुहे और उम्मीदवारों की तलाश शुरू कर दी है। नगरीय निकाय के चुनाव के लिए आरक्षण के पश्चात चुनावी माहौल स्पष्ट रूप से सामने आ जावेगा। अभी फिलहाल प्रमुख पार्टी अपना बिसात बिछाने मे जुट गये है।कांग्रेस के द्वारा जहां संगठन मे नगरपालिकां के अध्यक्ष व पार्षदो के लिए परफ़ामेंस का सर्वे करा रही है, तो वहीं भाजपा, नगरीय निकाय स्तर पर मुद्दों की तलाश करते हुए वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं का निवारण और कार्यकर्ताओं को साधने मे जुट गये है। जिले में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के लिये चुनावी रणनीति बननी तैयार हो गई है। प्रमुख पार्टियों के द्वारा परिसीमन के साथ-साथ वार्डों में अव्यवस्थाओं को भी सुधारने की पहल प्रारंभ हो गई है। नगरीय निकाय मंत्री के आदेश के बाद सभी वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जहां लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जायेगा। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां प्रमुख पार्टी अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गई है वहीं प्रदेश शासन के नगरीय निकाय मंत्री द्वारा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा मनाने तथा हर वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं का यथा संभव निराकरण करने और सभी अधिकारियों के उपस्थित रहने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। राज्य शासन द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आयोजन के लिए नगरीय निकायों को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि स्थानीय रहवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना निकाय का मुख्य दायित्व है। नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञाप्ति, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं।

वृद्धाश्रम, रामगढ़ एवं कस्तूरी गार्डन, करही में रोपे गए पौधे

मुंगेली/नवप्रदेश। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महिला जागृति जन कल्याण समिति द्वारा वृद्धाश्रम, रामगढ़ एवं कस्तूरी गार्डन, करही में वृहद रूप से वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने 50 आयुर्वेदिक एवं फ्लावर पौधे लगाकर शहीदों को नमन किया। कारगिल युद्ध के दौरान देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की याद में हर साल कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। समिति की अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सावित्री सोनी ने कहा कि यह दिवस हमारे वीर सैनिकों के असीम प्रेम और बलिदान को दर्शाता है। देश के बहादुर सैनिकों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी असाधारण वीरता का परिचय देते हुए देश के लिए शहीद हो गए। सावित्री सोनी ने बताया कि इस वर्ष जिले में रिकॉर्ड तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण बृहद रूप से वृक्षारोपण की आवश्यकता है। समिति के सदस्यों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को स्वल्पाहार वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों ने समिति के इस पहल की प्रशंसा की। सदस्यों ने नगर वासियों से पेड़ पौधों के संरक्षण की अपील की। इस अवसर पर सावित्री सोनी, प्रमिला चौरसिया, सरिता बाजपेई, सुधा राजपूत, संगीता क्षत्रिय, रिंकी बनर्जी, मेघा मिश्रा, शीला जायसवाल, ममता ठाकुर, मधु उप्पवल, शकुंतला राजपूत, लक्ष्मी सोनी, कमल श्रीवास्तव, वंदना गुलहरे, शशी सोनी उपस्थित रहे।

वरिष्ठता गणना के लिए शिक्षक सौंपेंगे ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की बैठक में स्थानांतरण से वरिष्ठता प्रभावित शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना को लेकर जिले से प्रान्त तक ज्ञापन देने की बात हुई। 31 तारीख को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा।

संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल ने शिक्षकों की मांगो और समस्याओ को लेकर आगे की रणनीति से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिसमे प्रमुख रूप से स्थानांतरण से वरिष्ठता प्रभावित शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना को लेकर जिले से प्रान्त तक ज्ञापन देने की बात प्रमुखता से हुई। 31 तारीख को कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। पूर्व के नियुक्त साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहे है। इसके बाद भी उनको न तो पुरानी पेंशन मिल रही है और न ही नया पेंशन इसी कारण पूर्व की सेवा की गणना करते हुये प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन हेतु मान्य किये जाने हेतु सभी शिक्षक साथियों को सक्रिय रहने की बात कही गई। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति के मुद्दे पर इसे दूर करने के लिए प्रांतीय नेतृत्व के साथ प्रयास किया जायेगा। देय तिथि से महंगाई भत्ता, कैशलेस चिकित्सा, युक्तिकरण, सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने सहित अन्य विषय पर भी चर्चा की गई। बैठक मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल, जिला सचिव नेमीचंद भास्कर, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, अमिताभ शर्मा, नरेंद्र तिवारी, पीला लाल दिवाकर, सुशील जांगड़े, रविकांत पुरी गोस्वामी, विवेक गोविन्द, घनश्याम देवांगन, महादेव प्रसाद साहू, जितेन्द्र शर्मा, रविकांत मिरि, रितेश पांडेय, अवनीश तिवारी, राजेंद्र कुमार साहू, प्रमदास वैष्णव, खिरेंद्र कुमार साहू, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

भाजयुमो ने मनाया कारगिल विजय दिवस

सूरजपुर/नवप्रदेश। बीते दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस के सुभ अवसर पर जिले के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वीणा कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन किया जिसमें कारगिल युद्ध में शहीद हुए नौजवानों के लिए श्रद्धांजलि का कार्यक्रम संपन्न किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि देशभक्ति हम भारतवासियों का जुनून है हमने देश की आजादी के लिए कई लड़ाइयां लड़ी है देश की आजादी के बाद भी कारगिल जैसी युद्ध में अपने प्राण की आहुति देने के बाद 9000 फीट के झंडे को बढ़ाने का काम और विजय हासिल करने का काम हमने किया है।भाजपा के जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कारगिल विजय दिवस को बताते हुए कहा कि आज का दिन हम सब भारतवासियों के लिए महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन विक्रम बत्रा, सौरभ कालिया मनोज पांडे, अनुज, जैसे नौजवानों ने अपने प्राण की आहुति देकर हमारे देश के आज के दिन को गौरान्वित किया है, उनके प्राण की आहुति ने हम सब लोगों के दिल में देशभक्ति के ऊर्जा का संचार किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह ने विद्यार्थियों को आजादी के उन दिनों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आप जैसे देशभक्तों के कारण ही देश आजाद हुआ है इसमें हम सब लोग आज चैन की सांस ले रहे हैं और कारगिल जैसे कई युद्ध को भारतीय सेना ने अपने पराक्रम के वजह से जीता है, देश के उत्थान में देश के विकास में आप जैसे देशभक्तों की अति आवश्यकता है वीणा कन्या महाविद्यालय के संगोष्ठी कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहकार्यवाह विजय शर्मा भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश महल वाला भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा, विजय राज अग्रवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती सूरज सेठी मनी बग्गा सतीश तिवारी श्यामा पांडे मोहिनी झा दुर्गा शांतनु सिंह चौहानअंकित सिंह चौहान सुमित महाविद्यालय की विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

पेड़ प्रकृति की शोभा पौधरोपण जरूरी- संतोष

इको क्लब के पौधरोपण में महिलाएं भी हुई शामिल

सीपत/नवप्रदेश। पर्यावरण को संतुलित बनाने के उद्देश्य से इको क्लब के तत्वाधान में शनिवार को स्वामी आत्मा नंद हिंदी माध्यम स्कूल सीपत में पौधरोपण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों की माताओं ने इस अभियान में शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम के थीम पर पौधरोपण किया। सभी ने पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त बनाने पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया है। इको क्लब के प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए व जनजीवन के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इसलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें. जान, इसलिए रखो इसका ध्यान तभी अपनी पृथ्वी पर हरियाली जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्या टी विजयलक्ष्मी संस्था प्रभारी पीके पटेल लोभेराम साहू सरिता यादव शारदा यादव संध्या यादव अनिता शुक्ला आर एल दीवाकर बृजेन्द्र तिवारी ऋद्धा तिवारी रेखा कश्यप शशि वर्मा शची श्रीवास रजनी शर्मा विजयलक्ष्मी अवस्थी आदि उपस्थित थे।

शिविर — बच्चों की उपस्थिति स्कूलों और आंबा केन्द्रों में करें सुनिश्चित, शिकायतों का करें प्राथमिकता से निराकरण

सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा का करना होगा प्रयास- कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के भैयाथान के मंगल भवन में जिला स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा लोगों से संवाद कर उनके समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शिविर में जिलाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 126 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विद्यापति अखिलेश प्रताप सिंह, सरपंच, सचिव सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन निरंतर आप लोगों तक पहुंच कर आपकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में आज आपके भैयाथान विकासखण्ड में शासन एवं जिला प्रशासन आपके समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुआ है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने समस्याओं को उपस्थित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के समक्ष रखें। प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से देखते हुए उनके त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन आवेदनों पर कार्यवाही की स्पष्ट स्थिति जानने के लिए जन चौपाल के पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है। साथ ही बताया कि इन समस्याओं के निराकरण पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा चर्चा भी की जाती है। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अपनी शिकायत या किसी योजना का लाभ नहीं मिलने की स्थिति को लेकर अपना पंजीयन करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने बाल श्रम को गंभीर अपराध बताते हुए जिले के लोगों से अपील किया है कि सभी लोग अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजे एवं आंगनबाड़ी में 03 से 06 वर्ष के बच्चों को अनिवार्यतः आंगनबाड़ी भेजें। उन्होंने कहा कि गांवों में बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन के साथ गांव के सरपंच, सचिव समेत सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और उस क्षेत्र के निवासियों सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने अपील किया की विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने में आप सभी अपनी भूमिका अदा करें। इसके अलावा उन्होंने सभी गर्भवती माताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी गर्भावस्था के पहली तिमाही में पंजीयन जरूर कराएं। पंजीयन कराने से आपको आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय सुविधा निःशुल्क मिलती है जिससे माता और बच्चे दोनो का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों से आवश्यक रूप से पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी के संबंध में कहा कि इसे और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है ताकि सभी वर्ग के लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने को प्रोत्साहित हों। इस दिशा में प्रयास करने के लिए उन्होंने सभी सम्बन्धित विभाग के आधिकारियों को निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बीपीएल एवं एपीएल सभी परिवारों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने सभी को आयुष्मान कार्ड बनवाकर शासन के स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने टीबी, सिकलसेल और कुष्ठ जैसी बीमारियों के संबंध में जागरूक करते हुए सभी को अपनी जांच और इलाज निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में कराने को कहा। एनसीडी स्क्रीनिंग को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा की बीपी, शुगर जैसी समस्या आम होती जा रही है इसलिए लोगों को जागरूक होना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सभी को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने एवं उसे मां के समान ही सम्मान देने, देखभाल करने की अपील की है।

जिले में जर्दायुक्त गुटखा पर प्रतिबंध होने के बावजूद भी खुलेआम हो रही बिक्री

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में जर्दायुक्त गुटखा पर प्रतिबंध होने के बावजूद नगर और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम इसकी बिक्री हो रही है। लेकिन कोई कार्यवाही न होने के कारण गुटखा कारोबार में संलग्न लोगो का हौसला दिनो दिन बुलंद होता जा रहा है। स्कूलो के आसपास ब्रिकी के साथ-साथ शिक्षक,पालक भी सेवन करने देखे जा सकते है। स्कूल परिसर के आसपास प्रतिबंधित गुटखा के पाउच देखे जा सकते है। जर्दायुक्त गुटखा से होने वाले नुकसान को देखते हुए शासन ने गुटखा पाउच पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।शुरूआती दौर में गुटखा व्यवसाय से जुडे लोगो ने अपने कारोबार को समेट लिया था। कुछ स्थानो पर कार्यवाही भी हुई थी। लेकिन धीरे-धीरे यह व्यवसाय फिर पनपने लगा है।चाय ठेले,पान ठेला, किराना दुकानों पर आसानी से जर्दायुक्त गुटखा पाउच उपलब्ध हो जाता है। इस कार्य में पुरा एक गिरोह लगा हुआ है। जो अपने गोदामो में जर्दायुक्त गुटा का संग्रहण कर तथाकथित एजेंटो के माध्यम से उसकी सप्लाई करवाते है। स्कूल के आस पास के पान ठेलो में भी धड़ल्ले से जर्दायुक्त गुटखा की बिक्री हो रही है।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय मंत्री मंडाविया का योगेश तिवारी ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

बेमेतरा/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इस मौके पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। योगेश तिवारी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद रहें। छत्तीसगढ़ आगमन पर केंद्रीय मंत्री ने योगेश तिवारी से कई पहलुओं पर चर्चा भी की। आम जन मानस खासकर युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर पेश केंद्रीय बजट पर योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया का बधाई दी। इस विषय पर चर्चा करते हुए मंडाविया ने बताया कि यह बजट युवाओं और किसानों के रोजगार व सहायता पर केंद्रित है।

ढोड़कट्टा पुलिया क्षतिग्रस्त होने से गांवों का संपर्क टूटा

- ढोड़कट्टा प्राथमिक स्कूल की दीवार जर्जर, हो सकती है अनहोनी

पखांजूर/नवप्रदेश। परलकोट और कांकेर जिले के अंतिम छोर पे बसा ग्राम ढोड़कट्टा का पुलिया टूटे 10 वर्ष हो गए हैं। इस संबंध में कई बार विभिन्न अखबारों में खबर प्रकाशित हो चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। परन्तु शासन प्रशासन से जुड़े लोगों ने सदैव उपेक्षा की। नगर पंचायत को छोड़ कभी ग्रामीण क्षेत्र जहाँ वोटर ज्यादा न हो वहां मूलभूत सुविधा को उपलब्ध कराने में विशेष रूचि नहीं दिखाई। क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी के संसदीय कार्यकाल में ढोड़कट्टा पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ था। उन्होंने ढोड़कट्टा पुलिया और नवीन स्कूल भवन निर्माण की मांग को गंभीरता से नहीं लिया। वर्तमान सांसद भोजराज विधायक भी रहे।

तालपत्री के नीचे लग रही हैं कक्षाएं

स्कूल का संचालन मजबूरी में तालपत्री के नीचे कक्षाएं लगाकर की जा रही है। शासन देश में शिक्षा के नाम पर करोड़ों खर्च कर रही है वहीं पे स्कूलों में मुलभूत सुविधा के अभाव में स्कूल बंद होने के कगार पर हैं।

उन्होंने भी क्षेत्र की मांग की उपेक्षा की। अनूप नाग ने ढोड़कट्टा जैसे अंदरूनी क्षेत्र में जनता के मुलभुत सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए पुलिया के लिए 10 लाख की स्वीकृति दी थी। परन्तु चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में होने के बाद क्षेत्र के तमाम मुलभुत मांगों को दरकिनार कर दिया गया। भाजपा के सत्ता में लौटते ही क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण को रोक दिया गया। जिससे आज सैकड़ों लोगों को परेशानियों का सामना कर रहे हैं विक्रम उसेंडी ने ढोड़कट्टा पुलिया का 10 लाख का तकनीकी प्रतिवेदन पंचायत प्रस्ताव सहित 6 माह से स्वीकृति के का इंतजार कर रहा है।

ढोड़कट्टा के स्कूल के बाहर लग रही है कक्षाएं

शासन का शाला प्रवेश उत्सव, पढ़ना बढ़ना आंदोलन ढकोसला लगता है। जब किसी स्कूल में आवश्यक बैठक व्यवस्था न होने के कारण पालक अपने बच्चों को खुद स्कूल जाने से रोकते हैं। ढोड़कट्टा का एकमात्र प्राथमिक स्कूल भवन अति जर्जर होने के कारण ढहने के कगार में पहुंच चुका है। बरसात में कक्षाओं में एक फीट से ज्यादा पानी भरा रहता है। जिससे भवन ढहने का खतरा बना रहता है। खंड शिक्षा विभाग को अनेकोबार आवेदन दिया गया। अनेकोबार उनके द्वारा सर्वे किया गया परन्तु आज तक की जिला स्तर पर ढोड़कट्टा स्कूल की मरम्मत का प्राकलन तैयार नहीं किया गया।

जीवनदीप समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर जीवनदीप समिति के सदस्यों ने विधायक इंद्र कुमार साहू के अध्यक्ष नेतृत्व में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से विधानसभा परिसर में भेंट मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गोबरा नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा जल्द से जल्द निराकरण करने का आग्रह किया। इस दौरान रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर,किसान युधिष्ठिर चंद्राकर,जेडीएस के सदस्य नागेंद्र वर्मा,डा लीलाराम साहू,संजय साहू,मुकुंद मेश्राम, सिंटू सौरभ जैन,गुलशन साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

विधायक ईश्वर साहू ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

बेमेतरा/साजा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें में लगातार 6 दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते जिलें के कई नदी नाले उफान पर है और बाढ़ के हालात बने हुए हैं। साजा विधानसभा क्षेत्र के करूवा नदी भी उफान पर हैं, जिसके कई गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, कई किसानों के हजारों खेतो का फसल चौपट हो गया है, जिससे किसान परेशान हैं। जिसको देखते हुए साजा विधायक ईश्वर साहू ने अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव बगलेड़ी का दौरा किया। वर्तमान स्थिति व हालातों का जायजा लेकर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा से फ़ोन पर बात कर बाढ़ प्रभावित गावों में जिला प्रशासन की टीम द्वारा राशन सामग्री एवं मेडिकल सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

दंतेवाड़ा के 18 छात्र संगीत विश्वविद्यालय में करेंगे अध्ययन

खैरागढ़/नवप्रदेश। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दंतेवाड़ा जिले के 18 विद्यार्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययन कर अपनी कला को निखारेंगे। इन विधार्थियों को विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के विभिन्न कक्षाओं संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाइन में प्रवेश दिया गया है। प्रवेश पाने वाले दंतेवाड़ा के इन 18 विद्यार्थियों के विवि का सभी शुल्क जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के द्वारा वहन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ खैरागढ़ जिला प्रशासन एवं दंतेवाड़ा के संयुक्त प्रयास से इन 18 विद्यार्थियों को कला निखारने के लिये ललित कलाओं संगीत, नृत्य, लोकसंगीत, थियेटर, चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, क्राफ्ट एण्ड डिजाइन में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश के बाद विवि के छात्रावास में भी दाखिला दिया गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 30 आवेदन

छुरा/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्णय के अनुसार 27 जुलाई से 8 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन प्रत्येक वार्ड में होना है। इसके तहत वार्ड क्रमांक 1 संजय नगर वार्ड में इसकी शुरुआत हुई।शिविर में तहसीलदार रमेश कुमार मेहता , नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश सचदेव,पार्षद हरीश यादव एवम मुख्यनगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम मौजूद रहे।

जनसमस्या निवारण पखवाड़े की मोतीपुर से हुई शुरुआत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नागरिकों की समस्याओं का निराकरण के लिये शासन निर्देशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन निगम सीमाक्षेत्र में किया गया है, आज शिविर के पहले दिन मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वार्डवासियों ने राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास के अलावा पेयजल, विद्युत, सफाई आदि के संबंध में आवेदन दिये। बारिश के कारण कुछ वार्डो के शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है।

आज मोतीपुर में आयोजित शिविर का जायजा लेकर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये जन समस्या निवारण पखवाड़ा 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजन करने निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आज मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये आयोजित शिविर में पार्षदो की उपस्थिति में वार्डवासी प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड सहित पेयजल, सफाई, विद्युत तथा निर्माण संबंधी आवेदन दिये, जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कल 28 जुलाई को निगम सभागृह में वार्ड नं. 14,15 व 26 के लिये, 29 जुलाई को देवांगन समाज भवन चिखली में वार्ड नं. 5 व 6 के लिये तथा 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या के समाधान के लिये आवेदन लेंगे। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण कुछ वार्डो के शिविर स्थल में परिवर्तन किया गया है, जिससे नागरिकों को अपनी समस्या के आवेदन देने में सुविधा हो।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 31 जुलाई बुधवार को गौरी नगर स्कूल मैदान सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये शिविर, 1 अगस्त गुरूवार को आम्बेडकर मंगल भवन सिविल लाईन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये शिविर, 2 अगस्त शुक्रवार को रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये शिविर, 3 अगस्त शनिवार को गोडवाना समाज भवन आर.के.नगर में वार्ड नं. 23,44 व 45 के लिये शिविर, 4 अगस्त रविवार को गांधी सभागृह में वार्ड नं. 23,24 व 38 के लिये शिविर, 5 अगस्त सोमवार को भरकापारा स्कूल में वार्ड नं. 27,28 व 37 के लिये शिविर, 6 अगस्त मंगलवार को सामुदायिक भवन जनता कालोनी में वार्ड नं. 29,30,31 व 36 के लिये शिविर, 7 अगस्त बुधवार को कर्माभवन बैगापारा लखोली में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये शिविर, 8 अगस्त गुरूवार को गुरुघासी दास भवन नंदई में वार्ड नं. 39,40,41 व 48 के लिये शिविर, 9 अगस्त शुक्रवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये एवं 10 अगस्त शनिवार को पानी टंकी के पास सामुदायिक भवन सिंगदई में वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये शिविर का आयोजन किया गया है।

सहकारी केन्द्रीय बैंक ठेलका का लॉकर काटने वाले गिरफ्तार

- घटना में अंतर्राज्यीय गिरोह का हाथ, घटना में प्रयुक्त कार एवं गैस कटर बरामद

बेमेतरा/नवप्रदेश। विगत दिनों थाना थानखम्हरिया क्षेत्र ग्राम ठेलका में स्थित दो दिनों से बंद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा ठेलका का केशियर पुरुषोत्तम साहू द्वारा 15 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार, रविवार लगातार दो दिनों का अवकाश पड़ने से 12 जुलाई को बैंक के काम काज समाप्त कर बैंक को बंद कर चले गये थे। जिस पर 15 जुलाई को ग्रामीण द्वारा सूचना दिया कि बैंक का दरवाजा खुला हुआ है। सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा अपनी सायबर टीम के साथ गहनता से जांच करते हुए क्षेत्रों में लगे करीब 200 सीसी कैमरों का जांच किये, आखिरकार घटना का फरार आरोपियों का पतासुराग लगाने में पुलिस सफलता हासिल हुई। जिस पर सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी थानखम्हरिया उप निरीक्षक राजकुमार साहू अपनी अपनी टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिये जा रहें मार्गदर्शन पर कार्यवाही करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ने में सफलता हासिल कर अन्तर्राज्यीय गिरोह के आरोपी आशिष सिंह पिता ठाकुरदास निरंजन मुल निवासी ललितपुर उत्तरप्रदेश वर्तमान डीडी नगर रायपुर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में बिहार राज्य के दो साथी महाराष्ट्र नागपुर का एक व्यक्ति एवं अपने साथी लीलाराम सोनकर के साथ घटना करना स्वीकार किया तथा रायपुर से घटना कारीत करने के लिये आने में प्रयुक्त टोयटा ईटीऑफ कार तथा बैंक का लॉकर काटने में प्रयोग किये जाने वाले गैस कटर को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत पर भेजा गया। इस कार्यवाही में सायबर टीम प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना थानखम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सायबर टीम के प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक इन्द्रजीत पाण्डेय, राजेश ध्रुव, मोतीलाल जायसवाल, संजय पाटील, नुरेश वर्मा, सौरभ सिंह, थाना थानखम्हरिया के सहायक उप निरीक्षक सुरेश राजपुत, प्र.आर. सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक तोरण डहरिया, मुकेश चन्द्रवंशी एवं अन्य ने सक्रियता से कार्य करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को धरदबोचने में सफलता हासिल किया है।

शासकीय महाविद्यालय में मना कारगिल विजय दिवस

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया । संस्था के प्राचार्य डॉ. जे. के. साखरे की उपस्थिति मे कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान जे. के. वैष्णव , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, रेड रिबन क्लब प्रभारी सुरेश आडवाणी, रोहित देवांगन उपस्थित रहे । प्राचार्य डॉ. साखरे ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि को बताते हुए कहा कि कोई भी युद्ध मानवता के हित में नहीं है, लेकिन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए युद्ध अनिवार्य हो जाता है । प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य शहीद जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है । जे के वैष्णव ने कहा कि भारत हमेशा शांतिप्रिय राष्ट्र रहा है। 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठियों को करारा जवाब देने के लिए हमारे देश के वीर शहीद सैनिकों ने अपनी कुर्बानी पर नमन किया। रेड रिबन क्लब प्रभारी आडवाणी ने तत्कालीन राजनीतिक घटनाक्रम का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान हमेशा से अवसरवादी रहा है ।

आमापारा वार्ड में सुनी गई मन की बात

धमतरी/नवप्रदेश। आज आमापारा वार्ड के बूथ क्रमांक 144 में प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात सुनी गई जिसमे मुख्य रूप से बूथ पालक दिलीप पटेल, विजय मोटवानी पार्षद, अमित अग्रवाल बूथ अध्यक्ष, नीतू त्रिवेदी, विशाल त्रिवेदी, शारदा यादव, दुलारी यादव, अन्नपूर्णा यादव, तमेश्वरी पटेल, लक्ष्मी यादव, युग त्रिवेदी, दर्शना त्रिवेदी, धनेश्वरी यादव आदि की उपस्थिति रही।

पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित केन्द्र का किया निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनांदगाँव दीपक कुमार झा ने वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन 26 जुलाई को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव का निरीक्षण किया। इसमें सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक ने रक्षित केन्द्र में निरीक्षण के दौरान लाइन मोहर्रिर शाखा (रोजनामचा), एमटी शाखा के वाहनों व टुल निरीक्षण एवं वाहनों के दस्तावेज, ड्रायवर डायरी चेक किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। शस्त्रागार के सभी प्रकार के शस्त्रों को चेक किया गया आर्मस शाखा के हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ सफाई के निर्देश दिए। शस्त्रागार में रखें आधुनिक शस्त्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके पश्चात् स्टोर शाखा का निरीक्षण किये, जिसमें शासकीय रजिस्टर एवं वस्त्रों को चेक किया सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण हेतु निर्देश दिये। बीडीएस शाखा के बम डिस्पोजल उपकरण जिसमे विभिन्न प्रकार के अधुनीक उपकरण को चेक किया गया। उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने मंगल भवन कुरूक्षेत्र रक्षित केन्द्र राजनांदगाँव में दरबार लगाया। दरबार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने हेतु कार्यवाही का आश्वासन दिया। दरबार में थाना/चौकी में पदस्थ अधिकारी/ कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित किया। उसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी/कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली तथा थाना/चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए।

रजक समाज को अजा में शामिल करने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में राष्ट्रीय रजक महासंघ की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश भर से आए सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ रजक समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर के मार्गदर्शन में सामाजिक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक का पुष्पगुच्छ व शॉल श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पत्र में समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों से अवगत कराते हुए रजक (धोबी) समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात कही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि समाज के सशक्तिकरण से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि तुलसी कौशिक रजक समाज के ही हैं और बहुत ही मेहनतीय है मेरा बहुत पुराना संबंध है और उनकी मैं कार्यकुशलता की मैं प्रशंसा करता हूं। सभा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर, सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कुमार कर्ष, दिनेश निर्मलकर, दयालु राम निर्मलकर, राकेश रजक, प्रदेश युवा अध्यक्ष राजा निर्मलकर, श्रीमती चित्ररेखा निर्मलकर, चंद्रनारायण निर्मलकर, डॉ मदन निर्मलकर दुर्ग, दीनानाथ निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, प्रेम शंकर निर्मलकर, मधु नीलकंठ निर्मलकर सहित राजनांदगांव जिले से कैलाश निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर, मीडिया प्रभारी लोकेश रजक एवम् सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

प्रशासन को गुमराह — कूटरचित दस्तावेज से सवा दो करोड़ स्वीकृति प्राप्त करने का आरोप

मछली पालन विभाग की सहायक संचालक गीतांजलि गजभिए गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मछलीपालन विभाग राजनांदगांव की तत्कालीन सहायक संचालक गीतांजली गजभिये को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर योजना में प्राप्त राशि का दुरूपयोग करने संबंधी शिकायत पर पुलिस ने शनिवार 27 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि

4 जुलाई को प्रार्थी सुदेश कुमार साहू, वर्तमान सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव ने थाना आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थ। शिकायत आवेदन की मछली पालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच कार्यवाही की गई। जांच में श्रीमती गीतांजली गजभिये तत्कालीन सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव द्वारा विभागीय कार्य (केज कल्चर मछलीपालन) हेतु शासन से स्वीकृत राशि रू. 2.16.00.000 रुपए (दो करोड सोलह लाख रूपये) की स्वीकृति में हितग्राहियों के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रशासन को गुमराह कर स्वीकृति प्राप्त करते हुये विभाग को प्राप्त अनुदान राशि में अनियमितता एवं राशि का दुरुपयोग करना पाये जाने पर आरोपिया एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो के संचालकों के विरूद्ध अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से आरोपिया की पतासाजी हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार भिलाई, धमतरी, रायपुर, एवं बिलासपुर में कैम्प कर आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। आरोपिया अपने निवास स्थान एवं कर्तव्य स्थल से घटना बाद फरार थी। सायबर तकनीक की सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर बिलासपुर में घेराबंदी कर आरोपिया गीतांजलि गजभिये उम्र 47 वर्ष निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर वार्ड नं० 17 थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। प्रकरण के संबंध मे पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार करने पर शनिवार 27 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश का पालन करते हुए उसके परिजनों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहाँ जेल वारन्ट प्राप्त होने पर जेल भेज दिया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नि0 एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ प्र0आर0 जी0 सिरिल, मिलन साहू आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रंजीत चौरसिया, रुपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल महिला आरक्षक रेणुका राजपूत एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

टोलागांव के 7 बच्चे प्रयास के लिए चयनित

अम्बागढ़ चौकी/नवप्रदेश। -विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान टोलागांव(ब्राम्हण भेड़ी),विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी,जिला मोहला अम्बागढ़ चौकी से प्रयास विद्यालय से 7 एवं 5 बच्चें एकलव्य विद्यालय में चयनित हुए।नीलकंठ कोमरे ने बताएं कि विजन निःशुल्क संस्थान से अभी तक नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर ,प्रयास विद्यालय में अभी तक 50 से अधिक बच्चें का चयन हो चुके है एवं अनेकों विद्यालय में विद्या अध्ययन कर रहे है।

SWACHH SURVEKSHAN | TULIP

नगर पालिका परिषद सरायपाली जिला- महासमुंद (छ.ग.)

स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0

क्रमांक/.... दिनांक 25/07/2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदको से Swachh TULIP कार्यक्रम अंतर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदक आमंत्रित किये जाते है :-

इंटर्नशिप की अवधि	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	एकमुश्त देय राशि	आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या	संपर्क (मो.नं.)
12 सप्ताह	05.08.2024	4500/-	2	9301635436

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आनलाईन आवेदन https://intrenship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी/ पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किए जायेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली

टमाटर की कीमतों से मिलेगी राहत

■ सरकार ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली (ए)। बीते करीब एक महीने में दिल्ली में टमाटर की कीमत में 37 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा हो गया है। वहीं दूसरी ओर अगर पूरे देश में औसत कीमत की बात करें में इसमें 18 रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ये परिस्थितियां सिर्फ सरकारी कीमतों की हैं, जो उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय जारी करता है। जो रेहड़ी पटरी की कीमतों में आंका जाए तो दिल्ली में टमाटर की कीमतें 90 से 100 रुपए प्रति किलोग्राम के पार चली गई है।

इस महंगाई की वजह से सिर्फ दिल्ली ही नहीं देश के अधिकांश उपभोक्ता परेशान हैं। अब आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है। केंद्र की सत्ता ने आम लोगों को राहत देते हुए टमाटर की कीमतों को 60 रुपए प्रति किलोग्राम बेचने का ऐलान कर दिया है। इसकी जिम्मेदारी भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ यानी एनसीसीएफको दी गई है। एनसीसीएफ 29 जुलाई से अपने केंद्रों से रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू करेगा। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सरकार की ओर से किस तरह का ऐलान किया है।

60 रुपए में मिलेगा टमाटर

टमाटर की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ

(एनसीसीएफ) सोमवार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली क्षेत्र में 60 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू करेगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब उत्पादक केंद्रों में हाल ही में हुई बारिश के कारण आपूर्ति में व्यवधान के कारण टमाटर की कीमतों में उछाल आया है। एनसीसीएफने बयान में कहा कि यह सुविधा 29 जुलाई, 2024 को शुरू होगी और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे दिल्ली-एनसीआर के अन्य स्थानों तक विस्तारित होगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 27 जुलाई को दिल्ली में खुदरा टमाटर की कीमतें 77 रुपए प्रति किलोग्राम थीं, लेकिन गुणवत्ता और स्थानीयता के आधार पर कुछ क्षेत्रों में कीमतें 90 से 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई हैं। अगर सरकारी आंकड़ों को ही देख लें तो जुलाई के ही महीने में टमाटर की कीमतों में 37 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा हो चुका है। 30 जून को दिल्ली में सरकारी टमाटर की कीमतें 40 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जोकि प्याज की कीमतों के मुकाबले 10 रुपए प्रति किलोग्राम कम थीं। जबकि शनिवार को प्याज की कीमतें 50 रुपए ही देखने को मिली हैं। वहीं दूसरी ओर पूरे देश की औसत कीमतों की बात करें तो टमाटर के दाम में 18.20 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा देखने को मिला है. 30 जून को औसत कीमत 50.82 रुपए प्रति किलोग्राम थी.

कहां-कहां मिलेगा सस्ता टमाटर

संघ ने कहा कि सब्सिडी वाले टमाटर कृषि भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी कॉलोनी, हौज खास, संसद मार्ग, आईएनए मार्केट और नोएडा, रोहिणी और गुरुग्राम के कई इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य बाजार को स्थिर करना और उपभोक्ताओं को लागत में पर्याप्त राहत प्रदान करना है। एनसीसीएफने कहा कि यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं पर बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित करता है।

■ न्यूज़ गैलरी

मनोज मित्तल ने संभाला सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार

नयी दिल्ली/ (वार्ता)। मनोज मित्तल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाला है। यह जानकारी सिडबी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। केंद्र सरकार ने इससे पहले श्री मित्तल को सिडबी के सीएमडी पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया था। श्री मित्तल को वित्त क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इस अवधि में उन्हें भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (आईएफसीआई) में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी तथा सिडबी में उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करने का भी अनुभव है। सिडबी की स्थापना 02 अप्रैल 1990 में की गयी थी। इसका मुख्यालय लखनऊ में है और इसके कार्यालय देश में विभिन्न जगहों पर स्थापित किए गए हैं। यह लघु उद्योग क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास तथा इसी तरह की गतिविधियों में लगी अन्य संस्थाओं के कार्यों में समन्वयन के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली/(वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.35 प्रतिशत उतरकर 76.44 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, लंदन ब्रेंट क्रूड भी 1.52 प्रतिशत की तेजी लेकर 82.36 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

सरकार ने 3 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द की

■ जम्मू-कश्मीर की लिथियम खान भी शामिल

नई दिल्ली (ए)। सरकार ने खानों की बिक्री के तीसरे चरण के तहत तीन महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द कर दी है। इनमें एक जम्मू-कश्मीर की लिथियम खान भी शामिल है। बोलीकर्ताओं की संख्या निर्धारित से कम होने की वजह से सरकार ने नीलामी रद्द की है। सरकार यह नीलामी स्वच्छ विकल्प और महत्वपूर्ण खनिजों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए करने जा रही है। जिन तीन ब्लॉक की नीलामी रद्द की गई है उनमें जम्मू-कश्मीर में सलाल-हैमना लिथियम, टाइटेनियम और बॉक्साइट (एल्युमिनस लेटराइट) ब्लॉक, झारखंड में मस्कानिया-गरेरियाटोला-बारवारी पोटाश ब्लॉक और तमिलनाडु

में कुरुंजाकुलम ग्रेफाइट ब्लॉक शामिल हैं।

आवश्यक संख्या में बोलियां प्राप्त नहीं हुईं

खान मंत्रालय के नोटिस के अनुसार, नीलामी रद्द कर दी गई क्योंकि 'खनिज नीलामी नियमों के अनुसार आवश्यक संख्या में बोलियां प्राप्त नहीं हुई हैं।' मंत्रालय ने 14 मार्च को नीलामी के तीसरे चरण में सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की बिक्री शुरू की थी। पहली किस्त में तीन से कम बोलियां प्राप्त करने वाले ब्लॉक को इस दौर के तहत अधिसूचित किया गया था। ये सात ब्लॉक ग्लूकोनाइट, ग्रेफाइट, निकेल, पीजीई, पोटाश, लिथियम और टाइटेनियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित हैं और बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में स्थित हैं।

खनिज ब्लॉक की नीलामी का चौथा दौर

पिछले महीने सरकार ने दूसरे चरण में शुरू की गई महत्वपूर्ण खनिजों के 14 ब्लॉक की नीलामी रद्द कर दी थी। पहले चरण में केंद्र ने ठंडी प्रतिक्रिया के कारण बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉक में से 13 की नीलामी रद्द कर दी थी। केंद्र ने पिछले महीने अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में 21 ब्लॉकों की पेशकश करते हुए महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी का चौथा दौर शुरू किया था।

सीमेंट बाजार पर 'कब्जे' की लड़ाई हुई और तेज

■ आदित्य बिड़ला ग्रुप ने चली नई चाल

नई दिल्ली (ए)। भारतीय सीमेंट बाजार पर 'कब्जे' की जंग अब रोचक हो चली है। अडानी समूह के सीमेंट बाजार में उतरने के बाद आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक भी अब अपनी बादशाहत कायम रखने को फ्रंट फुट पर खेल रही है. केसोराम सीमेंट्स के सीमेंट कारोबार का अधिग्रहण करने के बाद अब अल्ट्राटेक सीमेंट (UltraTech Cement), इंडिया सीमेंट्स (India Cements) में 32.72 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी और खरीदेगी. अल्ट्राटेक की पहले से इंडिया सीमेंट्स में 22.77 फीसदी हिस्सेदारी है. अल्ट्राटेक सीमेंट के बोर्ड ने आज 32.72 फीसदी और हिस्सेदारी खरीदने के सौदे को मंजूरी दे दी.

गौरतलब है कि अल्ट्राटेक सीमेंट भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है. अल्ट्राटेक के मालिक कुमार मंगलम बिड़ला पिछले कुछ दिनों से आरिएंट सीमेंट को खरीदने का प्रयास कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि कुमार मंगलम बिड़ला ओरिएंट सीमेंट को खरीदने के लिए कंपनी के प्रमोटर सीके बिड़ला के साथ अंतिम दौर की बातचीत कर रहे हैं. अडानी समूह के भारतीय सीमेंट बाजार में उतरने के बाद से ही सीमेंट मार्केट में काफी हलचल है. पिछले साल अडानी ग्रुप ने अंबुजा और एसीसी सीमेंट को खरीदा था. इसके बाद अंबुजा सीमेंट ने गुजरात की सीमेंट कंपनी सांघी इंडस्ट्रीज में 54 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी.

3,954 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी अल्ट्राटेक

इंडिया सीमेंट्स (India Cements) में 32.72 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी खरीदने के लिए कंपनी 390 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 3,954 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी. इसके लिए अनिवार्य ओपन ऑफर 390 रुपये प्रति शेयर का रहेगा. अल्ट्राटेक ने शेयर बाजारों को बताया कि जून में की गई हिस्सेदारी खरीद के बाद इंडिया सीमेंट्स के प्रमोटर ग्रुप ने कंपनी में अपनी होल्डिंग बेचने के लिए अल्ट्राटेक से कॉन्टैक्ट किया। नए सौदे के लिए अभी रेगुलेटरी मंजूरियां लिया जाना बाकी है.

7600 करोड़ रुपये में खरीदा था केसोराम का सीमेंट कारोबार

भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने इसी साल केसोराम के सीमेंट कारोबार को 7,600 करोड़ रुपये की एंटरप्राइज वैल्यू पर खरीदा था. केसोराम के शेयरधारकों को केसोराम के 52 शेयरों के बदले अल्ट्रा टेक सीमेंट का एक शेयर दिए जाने की बात कही गई थी. कंपनी के शेयर की कीमत बीएसई पर 26 जुलाई को 11679.25 रुपये पर बंद हुई.

प्रदेश की अधिकांश सरसों तेल मिलों में उत्पादन ठप

जयपुर (ए)। मस्टर्ड ऑयल प्रॉड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफइंडिया (मोपा) ने कहा है कि राजस्थान में सरसों पर मंडी टैक्स एवं किसान कल्याण सैस होने के कारण प्रदेश की अधिकांश तेल मिलें बंद हो गई हैं तथा राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। लिहाजा सरकार को उक्त दोनों प्रकार के टैक्स को तुरंत प्रभाव से हटा देना चाहिए। मोपा अध्यक्ष बाबूलाल डाटा तथा मंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हाल ही ज्ञापन देकर बताया कि राजस्थान में मंडी टैक्स होने के कारण राजस्थान में उत्पादित सरसों पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा जा रही है। क्योंकि उक्त राज्यों में बाहर से सरसों लाने पर उद्योगों पर कोई मंडी टैक्स नहीं है। ध्यान रहे राजस्थान में सरसों पर एक फीसदी मंडी टैक्स एवं पचास पैसे किसान कल्याण सैस है। इसके साथ ही राजस्थान में अन्य राज्यों से सरसों लाने पर एक फीसदी मंडी शुल्क एवं पचास पैसे किसान कल्याण सैस भी देना होता है। डाटा ने कहा कि इस वजह से राजस्थान में उत्पादित सरसों राज्य से बाहर जा रही है। इससे सबसे बड़ा नुकसान राज्य सरकार को पांच फीसदी जीएसटी का हो रहा है।

तंबाकू खाने और उसे बेचने वाले सावधान!

■ नियम ना मानने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नई दिल्ली (ए)। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री तंबाकू के सेक्टर में प्रचार-प्रसार की गतिविधियों पर रोक और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नियमों को और सख्त करने के प्रस्ताव पर काम कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनियां इस बारे में नियमों को दरकिनार करने की कोशिश कर रही हैं, जिसके मद्देनजर सरकार एफडीआई नियमों को सख्त करना चाहती है।

अभी है ये नियम

फिलहाल तंबाकू के सिगार, चुरूट, सिगारिलो और सिगरेट के मैन्युफैक्चरिंग में डायरेक्ट विदेशी निवेश (एफडीआई) पर रोक है. हालांकि, तंबाकू क्षेत्र में किसी तरह के टेक्नोलॉजी सहयोग में एफडीआई की अनुमति है। इसमें फ्रेंचाइजी के लिए लाइसेंस, ट्रेडमार्क, ब्रांड नाम और मैनेजमेंट के लिए डील शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा कि तंबाकू में एफडीआई प्रतिबंधित है, और क्षेत्र की प्रचार-प्रसार गतिविधियों को भी नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ऐसे उत्पादों का प्रचार करके कुछ कंपनियां एक ऐसी तंत्र बनाने की कोशिश करती हैं जहां तस्करी बढ़ती है. इंडस्ट्री प्रमोशन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस मुद्दे पर विभिन्न मिनिस्ट्रियों के विचार जानने के लिए एक मसौदा नोट जारी किया है.

31 जुलाई के बाद भी भर सकते हैं आईटीआर, मिलता है 31 अक्टूबर तक का मौका

नई दिल्ली (ए)। अगर आप 31 जुलाई के बाद अपना आईटीआर दाखिल करते हैं तो आपको कितना लेट फीस देना होगा? जिन लोगों की सालाना सैलरी पांच लाख रुपए से कम है, उन्हें 1,000 रुपए का लेट फीस देना होगा, जबकि जिनकी आय पांच लाख रुपए से अधिक है, उन्हें 5,000 रुपए लेट फीस देना होगा.

इन्हें मिलता है अधिक टाइम

जिन कारोबारियों या व्यक्तियों के खातों का ऑडिट होना जरूरी है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा अलग है. ये लोग 31 अक्टूबर तक आईटीआर दाखिल कर सकते हैं. इनकम टैक्स विभाग की ओर से उन्हें तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया जाता है, ताकि वे किसी मान्यता प्राप्त सीए से ऑडिट करा सकें और उसके बाद अपना आईटीआर दाखिल कर सकें.

इसमें कुछ खास तरह के लेन-देन के लिए आईटीआर दाखिल करने की छूट भी दी गई है. अगर किसी व्यवसाय को अपने अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में ट्रांसफर प्राइसिंग रिपोर्ट दाखिल करने की जरूरत है, तो ऐसे व्यवसाय को आईटीआर दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है. ऐसे लोग 30 नवंबर तक अपना रिटर्न दाखिल कर सकते हैं. अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के अलावा कुछ खास तरह के घरेलू लेन-देन में भी ऐसी छूट दी गई है. इनकम टैक्स विभाग का हेल्पडेस्क टैक्सपेयर्स की सहायता के लिए 24/7 काम कर रहा है. इससे आईटीआर दाखिल करने से लेकर कर भुगतान तक की सेवाएं देने में मदद मिलती है. हेल्प डेस्क कॉल, लाइव चैट, वेबएक्स सेशन और सोशल मीडिया के जरिए सहायता करता है.

उपलब्धि | नवरत्न कंपनी ने 66 वर्षों से अधिक के शानदार सफर में वैश्विक प्रगति की

एनएमडीसी का अत्याधुनिक अनुसंधान केंद्र: खनन उद्योग में नवाचार का अग्रदूत

हैदराबाद (ए)। वर्ष 1958 में अपनी स्थापना के बाद से एनएमडीसी ने लगातार अपना दायरा तेजी से बढ़ाया है। कंपनी देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी उत्पादक बन गई है। इस नवरत्न कंपनी ने 66 वर्षों से अधिक के अपने शानदार सफर में न केवल देश के अंदर और बाहर बड़ी प्रगति की है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में एक खदान का अधिग्रहण और छत्तीसगढ़ में 30 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) इस्पात उत्पादन इकाई का संचालन शामिल है, बल्कि वैश्विक खनन और इस्पात क्षेत्र में भी अपनी खास पहचान बनाई है।

हालांकि, जिस बात पर अक्सर ध्यान नहीं जाता, वह है इसके मजबूत अनुसंधान एवं विकास केंद्र की बहुमुखी प्रतिभा। मीडिया की सुर्खियों से परे, यह केंद्र घरेलू परियोजनाओं पर जोर देता है और सेल और एएम/एनएस इंडिया सहित बाहरी ग्राहकों के लिए नियमित रूप से प्रयोजित कार्य करता है। इससे विभिन्न जरूरतें पूरी करने, क्षमताओं का आश्वासन प्रदान करने के लिए केंद्र का प्रभाव स्पष्ट होता है।

वर्ष 1975 में फरीदाबाद में आरएंडडी इकाई को शुरू में विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू परियोजनाओं और संगठनों को मदद पहुंचाने के मकसद से शुरू किया गया था।

इन क्षेत्रों में मिनरल प्रोसेसिंग, बल्क सॉलिड हैंडलिंग, एग्लोमेरेशन, हाइड्रोलेटर्जी आदि शामिल हैं।

यूनिडो और डीएसआईआर ने इसे उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी है, जो घरेलू और वैश्विक उद्योग को इसके ज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का प्रमाण है।

80 के दशक की शुरुआत में कंपनी में कई संगठनात्मक परिवर्तन हुए। एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद में स्थानांतरित कर दिया गया और अनुसंधान एवं विकास केंद्र को नए मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर उप्पल में स्थानांतरित कर दिया गया।

नवाचार को बढ़ावा देने और उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार रहने वाली एनएमडीसी ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए हैदराबाद के पटेंचेरू में एक नए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र का संचालन शुरू किया है। पिछले पांच वर्षों में 200 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण निवेश खनिज प्रसंस्करण और टिकाऊ इस्पात प्रौद्योगिकी में नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एनएमडीसी की अटूट प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है, जो एक आशाजनक और आत्मविश्वासपूर्ण भविष्य की राह में मददगार है।

नवगठित एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र में कई आधुनिक उपकरण हैं, जिनमें एक ऑटोमेटेड मिनरल एनालाइजर और एक ऑटोमेटेड फ्यूजन बीड-बेस्ड एक्स-रे फ्लोरोसेंस (एक्सआरएफ) एनालाइजर शामिल हैं, जो विभिन्न खनिजों की सटीक और कुशलता सुनिश्चित करते हैं। केंद्र में पेलेटाइज़ेशन अध्ययनों के लिए एक समर्पित फैसिलिटी है, जो वाणिज्यिक पैलेट संयंत्रों के इंस्टॉलेशन के लिए महत्वपूर्ण डेटा उत्पन्न करती है।

एनएमडीसी के आरएंडडी सेंटर में कई विशेष लैबोरेटरी हैं और ये सभी कंपनी की घरेलू जरूरतों एवं क्षमताओं में लगातार योगदान दे रही हैं। इनमें एक खनिज विज्ञान प्रयोगशाला, एक खनिज प्रसंस्करण केंद्र, एक लोहा और इस्पात अनुसंधान प्रयोगशाला, एक हाइड्रो मेटलर्जी प्रयोगशाला, एक बल्क फ्लो लैबोरेटरी और एक एक केमिकल लैबोरेटरीज शामिल हैं। प्रत्येक लैबोरेटरी का अपना विशिष्ट कार्य है, और साथ में, ये सुविधाएं मिनरल प्रोसेसिंग और पैलेट उत्पादन में मूल्यवान योगदान प्रदान करती हैं, जिससे न केवल एनएमडीसी बल्कि पूरे क्षेत्र को लाभ होता है।

रक्षाबंधन पर आसमान छू रहा हवाई किराया! 46 फीसदी तक बढ़ गए दाम

नई दिल्ली (ए)। अगस्त 2024 में छुट्टियों की भरमार हैं. अगले महीने रक्षाबंधन पड़ने वाला है. इस त्योहार को भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है. इस मौके पर लोग बड़ी संख्या में यात्रा करते हैं. इस साल राखी के मौके पर लंबा वीकेंड पड़ने वाला है. इस कारण देश के प्रमुख हवाई रूट्स पर हवाई किराये में 46 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज हुई है.

राखी पर 46 फीसदी तक बढ़ा हवाई किराया

15 से 19 अगस्त के बीच स्वतंत्रता दिवस से लेकर रक्षाबंधन के कारण लंबा वीकेंड पड़ने वाला है. गुरुवार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के कारण छुट्टी रहेगी. 17 और 18 को शनिवार और रविवार के कारण छुट्टी रहेगी. वहीं सोमवार को रक्षाबंधन के कारण अवकाश रहेगा. इस लंबी छुट्टी के कारण बेंगलुरु-मुंबई रूट के बीच 14 से 20 अगस्त के बीच औसत

किराया 3,969 रुपये पहुंच गया है जो साल 2023 की समान अवधि की तुलना में 37.6 फीसदी ज्यादा है. वहीं इस अवधि में बेंगलुरु और कोच्चि रूट में किराया 3,446 रुपये है जो कि साल 2023 की तुलना में 46.3 फीसदी ज्यादा है.

गौरतलब है कि भारत में लोग वीकेंड में घूमना ज्यादा पसंद करते हैं. ऐसे में इस कारण हवाई किराये में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिलती है. इस कारण दिवाली, क्रिसमस, होली और गर्मियों की छुट्टियों में देश में हवाई किराये में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिलती है.

बजट 2024 में एविएशन इंडस्ट्री को क्या मिला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमणने 23 जुलाई 2024 को संसद में बजट पेश किया था. इस केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री ने अलग-अलग सेक्टरों के लिए कई अहम ऐलान किए हैं. इस बजट में एविएशन क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्रालय ने 2,357.14 करोड़ रुपये का आवंटन किया है. वहीं पिछले बजट में केंद्रीय मंत्रालय ने 2,922.12 करोड़ रुपये जारी किए थे.

न्यूज़ गैलरी

कोरबा पुलिस की लावारिस वाहनों के निराकरण के लिए विशेष अभियान

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा पुलिस जिले में लावारिस वाहनों के निराकरण के लिए एक विशेष अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में यह अभियान जोर-शोर से चल रहा है। अभी तक, कोरबा जिले में कुल 1169 लावारिस वाहनों को चिह्नित किया गया है। इनमें से कोरबा अनुभाग में 441 वाहन, दर्री अनुभाग में 402 वाहन, कटघोरा अनुभाग में 326 वाहन ये वाहन थाना और चौकी के परिसर में लावारिस हालत में खड़े पाए गए हैं। कोरबा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर इन लावारिस वाहनों की जांच की जा रही है। अभियान के दौरान थाने और चौकियों में खड़े लावारिस वाहनों की जांच की जा रही है। इसके बाद, आरटीओ से वाहन स्वामियों की जानकारी प्राप्त की जा रही है और संबंधित वाहन स्वामियों से संपर्क कर उन्हें उनके वाहन सुपुर्द किए जा रहे हैं।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर और सिविल लाइन थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू चंगोराभाठा निवासी जुगल किशोर 46 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएफ 6334 को वीर सावरकर नगर हीरापुर में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं सिविल लाइन थाना में प्रार्थी अजीत खेतपाल 45 वर्ष निवासी बैरनबाजार ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमबी 6734 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि वृंदावन गार्डन के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र कुमार बंजारा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 17 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मजदूर नगर सरोरा में सरेआम शराब पीते आरोपी मनोज वर्मा 23 वर्ष व अजय विश्वकर्मा 22 वर्ष व शंकर साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी चरणदास मानिकपुरी 39 वर्ष व मिश्री यादव 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी लेखूराम यादव 40 वर्ष, बलराम पाल 40 वर्ष व रविशंकर निषाद 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी कमल पटेल 32 वर्ष, धनराज जलक्षत्रि 19 वर्ष, बाबूलाल साहू 55 वर्ष, मोहित कन्नौजे 32 वर्ष व पवन निषाद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी दीपक भारती 26 वर्ष व चैतराम यदू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार निषाद 40 वर्ष व मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी बादल रात्रे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

आज डिप्टी सीएम अरुण साव 4 नवगठित नगर पालिकाओं में मोर संगवारी योजना का करेंगे विस्तार

मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, पंडरिया और लोरमी में मिलेगा ''मोर संगवारी'' योजना का लाभ

नागरिक घर बैठे ले सकेंगे 27 सेवाओं का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव 29 जुलाई को राज्य की चार नवगठित नगर पालिकाओं मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, लोरमी और पंडरिया में "मोर संगवारी" योजना का विस्तार करेंगे। वे इस दिन लोरमी के मानस मंच में आयोजित कार्यक्रम में चारों नई नगर पालिकाओं में योजना का शुभारंभ करेंगे।

शहरी नागरिकों की सुविधाएं बढ़ाने कार्यक्रम में ''मोर संगवारी'' अपांइटमेंट मोबाइल एप भी लॉन्च किया जाएगा। ''मोर संगवारी'' सेवा के अंतर्गत नागरिकों के लिए चैट बोट की सुविधा वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही तत्काल अपांइटमेंट लिए जाने और मुहैया कराई जा रही सेवाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज संबंधी सभी जानकारियां भी प्रदान की जाएगी। शासकीय कार्यालयों से नागरिक सेवाएं घरों तक पहुंचाने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में चरणबद्ध रूप से "मोर संगवारी" योजना का विस्तार किया जा रहा है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने बताया कि आमजनों तक शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से पहुंचाने के लिए राज्य में ''मोर संगवारी'' योजना संचालित की जा रही है। इसमें 27 तरह की सेवाएं नागरिकों को बिना किसी व्यवधान और कार्यालय जाए बिना उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी दस्तावेज बनवाने की यह घर पहुंच सेवा वर्तमान में प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों, 44 नगर पालिकाओं तथा दो नगर पंचायतों अंबागढ़ चौकी और गौरेला में संचालित की जा रही है। ''मोर संगवारी'' के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 27 प्रकार की शासकीय सेवाएं जैसे राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि सेवाओं के लिए टोल-फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है। ये सेवाएं सभी कार्य दिवसों में प्रातः आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक संचालित की जा रही हैं।

बालको बंद कर रहा चोटिया कोयला खदान

पांच हजार लोगों की रोजी-रोटी होगी प्रभावित, 300 ठेका श्रमिकों का काम बंद, हड़ताल चालू

कोरबा/नवप्रदेश। वेदांता समूह के भारत अल्युमिनियम कम्पनी (बालको) ने चोटिया कोयला खदान को बंद करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। इसके साथ ही 5 हजार लोगों की रोजी. रोटी जाने का खतरा पैदा हो गया है। शुरुआत में 300 से अधिक ठेका मजदूरों को जवाब दे दिया गया हैए जिसके चलते शनिवार से बेमुद्दत हड़ताल शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार बालको प्रबंधन प्रचारित कर रहा है कि चोटिया कोयला खदान में कोयला डिपॉजिट खत्म हो गया है। लिहाजा खदान को बंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में खदान में कार्यरत ठेका कम्पनी धनसार इंजीनियरिंग का कार्य ठेका की निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पहले ही बंद किया जा रहा है। धनसार इंजीनियरिंग ने अपने अधीन कार्यरत 300 से अधिक मजदूरों और ऑपरेटर्स को जवाब दे दिया है। टेंडर की शर्तों के विरूद्ध पहले ही कार्य बंद कर ठेका कंपनी ने कामगारों को मुश्किल में डाल दिया है, जिसके कारण उनके तेवर सख्त हो गए हैं। मजदूरों ने चोटिया कोल ब्लॉक में बगावत कर दी है और आंदोलन शुरू कर दिया है। केन्द्र सरकार ने कुछ वर्ष पहले ही नीलामी में यह कोल ब्लॉक बालको को आवंटित किया था। यहां से कोयला खनन कर उद्योग प्रबंधन अपनी जरूरत की पूर्ति कर रहा है। जानकारी के मुताबिक धनसार इंजीनियरिंग कंपनी (डैको) के द्वारा यहां पर कोयला उत्खनन संबंधित काम किया जा रहा था। उसे तीन साल के लिए टेंडर दिया गया है। इसी अवधि तक के लिए ठेका कम्पनी ने कामगारों को नियोजित किया गया था। अभी पूरा निर्धारित समय पूरा हुआ ही नहीं है और इससे पहले ही डैको ने काम को खत्म कर दिया। कहा गया है कि यहां पर कोयला नहीं है। ऐसे में काम करने का कोई मतलब नहीं। जबकि कामगारों का कहना है कि बेमतलब परेशान करने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने शनिवार से ठेका कंपनी के खिलाफ चोटिया में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनकी मांग है कि या तो काम कराया जाए या फिर 14 महीने के वेतन का भुगतान कराया जाए। हड़तालियों के मुताबिक ऑपरेटर व मजदूरों को टेंडर शर्त के तहत तीन वर्ष के लिए नियोजित किया गया था। ऐसे में उन्होंने दूसरी जगह कोशिश नहीं की। इधर समय से पहले ही ठेका कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए और कामगारों को मुश्किल में डाल दिया। कामगारों ने पुरजोर तरीके से कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कदम नहीं उठाया जाता हैए प्रदर्शन चलता रहेगा। कामगार हड़ताल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया है। प्रशासन को भी इसकी जानकारी दी गई है। इसके अलावाए चोटिया कोयला खदान बन्द हो जाने से इस पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आश्रित 5 हजार से अधिक लोगों की रोजी. रोटी छीन जाएगी। क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को नियमित नौकरी और सुविधाएं देने का वादा अभी भी पूरा नहीं हुआ है। अब तक उन्हें नियोजित किये जाने की उम्मीद थीए लेकिन अब उनकी यह आशा भी टूट जाएगी।

बालको प्रबंधन की कोयला उत्पादन में रुचि नहीं

उधर जानकारी मिल रही है कि चोटिया में पर्याप्त कोयला डिपॉजिट है, लेकिन बालको प्रबंधन की रुचि यहां से कोयला उत्पादन में नहीं है। क्योकि उसे यहां से उत्पादित कोयला से सस्ते मूल्य पर बाहर से कोयला मिल रहा है। इसके अलावेए बालको के सामने अपने पॉवर प्लांट के राखड़ के निपटान की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। अब बालको प्रबंधन इस खदान का उपयोग राखड़ बांध के रूप में करना चाहता है। अगर यह सच है और बालको को इस बात की अनुमति दे दी जाती है, तो यह कोयला ईंधन के रूप में देश की अपूरणीय क्षति होगी।

15 अगस्त तक 10 नये विद्युत उपकेंद्र पूर्ण करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह ने क्षेत्रीय ईडी,मुख्य अभियंता तथा अन्य मैदानी अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिये ।

मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव एवं स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष पी.दयानंद के निर्देशानुसार भीम सिंह ने अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में तेजी लाने की हिदायत दी। शभीमसिंह ने ऑडिट पैरा के निराकरण के कार्य को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारीगण को फटकार लगाते हुये कहा कि एक सप्ताह में 70 प्रतिशत राशि की वसूली की जाए। उन्होंने 33/11 केवी क्षमता के उपकेंद्रों के लंबित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि 15 अगस्त तक कम से कम 10 नये उपकेन्द्रों का निर्माण पूरा हो जाना चाहिये । जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा करने में कोताही कर रहे हैं ,उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ।

बदले गए पाली और कटघोरा के बीएमओ

कोरबा/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा एक आदेश जारी कर कटघोरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉण् रुद्रपाल सिंह और पाली ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीएल रात्रे को हटाकर उनके स्थान पर नई पदस्थापना की गई है। इन्हें हटाने की वजह तो आदेश में नहीं बताई गई है लेकिन पिछले दिनों सर्पदंश से दो मौत के मामले में समय पर उपचार का लाभ और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण कटघोरा बीएमओ के खिलाफ प्रदर्शन कर चक्काजाम किया गया था। इन्हें हटाने की मांग की गई थी। इसी तरह पाली मैं आर्थिक अनियमितता का मामला उजागर हुआ है जिसकी जांच की जा रही है।

भाजपा उरगा मंडल की विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी उरगा मंडल की विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक पार्षद व नगर निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य व मण्डल अध्यक्ष कुलसिंग कँवर के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन सेमीपाली में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के निर्देशानुसार भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपती मुर्मू द्वारा 27 जून 2024 को संसद में दिए गए अभिभाषण का सारांश मंडल महामंत्री हरीश साहू द्वारा पढ़ कर सुनाया गया। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्तावना मंडल की पूर्व अध्यक्ष अविनाश कँवर ने पढ़ी।मंडल अध्यक्ष कुलसिंग कँवर ने सभी कार्यकर्ताओ को आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रदान की, बैठक का कुशल संचालन युवा मोर्चा मंडल किशन साव द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नगर निगम कोरबा के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को देश व प्रदेश डबल इंजिन की सरकार बनने पर शुभकामनाएं प्रेषित किया ।

कलर्स-मॉल के पास नाले में मिली बुजुर्ग की लाश

सुबह दूध लेने घर से निकले थे, हार्ट अटैक से नाले में गिरने की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के राजेन्द्र नगर स्थित कलर्स मॉल के पास नाले के भीतर एक बुजुर्ग की लाश मिली है। रायपुर के राजेन्द्र नगर स्थित कलर्स मॉल के पास नाले के भीतर एक बुजुर्ग की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि 2 दिन पहले दूध लेने निकले थे, फिर वह वापस नहीं लौटे, जिसके बाद घर वालों ने पुलिस थाने में सूचना दी। पुलिस बुजुर्ग की तलाश कर रही थी, तभी देर शाम उनकी लाश नाले में पड़ी मिली।

पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग राजेंद्र कुमार स्थापक मारुति रेजिडेंसी के रहने वाले थे। 26 जुलाई को सुबह 6 बजे वह घर से दूध लेने निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। कलर्स मॉल के पास नाले में शनिवार शाम बुजुर्ग की लाश मिली है। आशंका जताई जा रही है कि मिल्क दुकान के आसपास उन्हें अटैक आया होगा, जिससे वह नाले में गिर गए होंगे।

तेज बहाव में यहां पहुंचे

बारिश का पानी तेज होने की वजह से नाला भरा हुआ था। संभावना है कि अटैक के बाद वह बाहर नहीं निकल पाए होंगे। उनकी लाश बहते हुए कलर्स मॉल के पास तक आ गई। पुलिस इस मामले में मौत के कारणों का पता कर रही है। फिलहाल बुजुर्ग के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

वार्ड 35 में आयोजित हुआ जन समस्या निवारण शिविर

कोरबा/नवप्रदेश। वार्ड 35 के हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन में स्थानीय वार्ड वासियों की समस्याओं का निराकरण करने नगर पालिक निगम द्वारा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा नामक शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल लोगों की समस्याएं सुनने एवं उनके आवेदन में सहयोग करते नजर आए। शिविर के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बड़ी संख्या में वार्ड वासी अपनी समस्याओं के साथ आवेदन करने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान निगम के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। मंच से सभी को संबोधित करते हुए हितानंद अग्रवाल ने कहा की इस प्रकार के शिविर लगाना जनता के लिए काफी हितकर है। इस तरह काफी कुछ ऐसी समस्याएं जो यदा.कदा किसी के नजर में नहीं आती उनका भी इस शिविर के माध्यम से निराकरण हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवालए एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नाथए उपयुक्त त्रिवेदी, पूर्व एल्डरमैन सत्येंद्र दुबे, रविंद्र सोन, पूर्व एल्डरमैन अनिल मिश्रा,महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना रुणीजा, मंदाकिनी त्रिपाठी, पीएल सोनी, केएन सेठ, माया दुब, मंजू कश्यप एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

प्रदेश में अब तक 541.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 541.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 28 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1304.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 201.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 324.2 मिमी, बलरामपुर में 460.7 मिमी, जशपुर में 347.9 मिमी, कोरिया में 343.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 370.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 468.1 मिमी, बलौदाबाजार में 622.9 मिमी, गरियाबंद में 596.1 मिमी, महासमुंद में 429.5 मिमी, धमतरी में 620.3 मिमी, बिलासपुर में 532.2 मिमी, मुंगेली में 557.0 मिमी, रायगढ़ में 413.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 252.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 494.9 मिमी, सक्ती में 377.4 कोरबा में 614.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 488.7 मिमी, दुर्ग में 339.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 441.9 मिमी, राजनांदगांव में 601.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 717.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 412.8 मिमी, बालोद में 709.4 मिमी, बेमेतरा में 341.7 मिमी, बस्तर में 671.5 मिमी, कोण्डागांव में 640.9 मिमी, कांकेर में 809.5 मिमी, नारायणपुर में 717.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 763.5 मिमी और सुकमा जिले में 877.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

दैनिक नवप्रदेश

आवश्यक सूचना

दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।

9893402169, 9827485202

Navpradesh@gmail.com

Divine Destiny

LET'S LEARN TAROT CARD

सभी 78 टैरो कार्ड्स की सम्पूर्ण व्याख्या जिसमें कार्ड्स की अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थितियों की जानकारी

लव रिलेशनशिप, करियर, पैसा, अध्यात्म और स्वास्थ्य की टैरो कार्ड्स रीडिंग में बारीक से बारीक बातों को समझाया गया है।

LET'S LEARN TAROT CARDS IN HINDI

Call- 9873961250

पंडित प्रदीप मिश्रा को कथा करने की नहीं मिली अनुमति, प्रशासन ने किया इंकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुंगेली में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को शिवमहापुराण आयोजित करने की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी है। जिला प्रशासन ने आयोजन से जनजीवन को संकट की संभावना बताते हुये कथा की अनुमति आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। बता दें कि पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा मुंगेली के लोरमी में कथा का आयोजन 2 अगस्त से 8 अगस्त तक किया जाना था।

दरअसल, लोरमी युवा मंडल ने कार्यक्रम की अनुमति के लिए प्रशासन को आवेदन 24 जुलाई को दिया था। 25 जुलाई को प्रशासन ने विभिन्न विभागों से मिले अभिमत के साथ आयोजन की अनुमति देने से इंकार कर दिया। प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड याने बिजली विभाग, डीएसपी लोरमी, बीएमओ लोरमी, पीएचई लोरमी से अभिमत मांगा। सभी विभागों ने कार्यक्रम स्थल को कथा के लिए उचित नहीं माना और गंभीर आपत्ति जताई।

जानिए विभागों ने क्या बताई दिक्कत की वजह

कथा आयोजन के लिए जिस जगह पर प्रशासन ने अनुमति देने से इंकार किया है, वह जगह ढोलगी रोड वार्ड नंबर 14 है।

पीडब्ल्यूडी ने कार्यक्रम स्थल में डोम लगाने पर डोम गिरने की आशंका जताई है, ड्रेनेज सिस्टम ना होने से कीचड़ और भगदड़ की स्थिति होने की संभावना भीजताई गई है। बिजली विभाग ने बारिश के दौरान ख़रीफ़ फसलों का रोपण, आँधी बारिश,आकाशीय बिजली की आशंका जताई। लोरमी पुलिस ने पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के अभिमत का उल्लेख करते हुए लिखा है कि दोनों प्रमुख तकनीकी विभाग की सहमति के अभाव में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से आयोजकों को अनुमति देना उचित नहीं है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जिले में मलेरिया, डायरिया का ख़तरा रहता है, 30 से 40 हज़ार श्रद्धालु रात पंडाल में ही रुकेंगे, बरसात में नम मिट्टी के उपर कारपेट में सोने से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। पीएचई विभाग ने पानी से संबंधित विभिन्न रोग डायरिया कालरा की आशंका जताते हुए जलजनित बिमारियों से जनहानि की आशंका जताई। वहीं, नगर पालिका परिषद लोरमी ने भी अनुमति देने से इंकार कर दिया। पालिका परिषद ने कहा कि नहाने, शौच आदि हेतु नगर पालिका क्षेत्र में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22